राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार , 24 मार्च 2025
वर्ष 06, अंक 174, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बीकेटी तहसील में भूमाफियाओं का शिकंजा ....03

शहीद भगत सिंह व्याख्यानमाला का सफल आयोजन....12

## माफिया अतीक के नाम पर अनुप्रिया पटेल की पार्टी के विधायक वाचस्पति पर जमीन कब्जाने का आरोप



**प्रयागराज।** बारा विधानसभा सीट से अपना दल (एस) विधायक वाचस्पति सहित 10 लोगों पर अतीक अहमद के नाम पर जमीन कब्जाने का आरोप लगा है. किसान की शिकायत पर शुक्रवार को सभी आरोपियों पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया. यह रिपोर्ट पुरामुफ्ती रसूलपुर मारियाडीह निवासी किसान शाह फैसल के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय की ओर से दिए गए आदेश पर धूमनगंज पुलिस ने दर्ज की। हालांकि विधायक ने आरोपों को निराधार बताया है। किसान शाह फैसल का आरोप है कि विधायक वाचस्पति ने 9 अन्य के साथ मिलकर उनकी जमीन कब्जा ली। विरोध किया तो उसके घर पर बम से हमला हुआ। जान से मारने की धमकी दी गई। वाचस्पति के प्रभाव में जब पुलिस ने कोई कारवाई नहीं की तो मजबूर होकर पीड़ित को कोर्ट का सहारा लेना पड़ा. एसीजेएम 16 कोर्ट प्रयागराज में शाह फैसल पुत्र मुस्तफा ने प्रार्थनापत्र दिया. इसके बाद कोर्ट ने धूमनगंज थाने को रिपोर्ट लिखने का आदेश दिया। धूमनगंज थाने में बारा विधायक वाचस्पति पुत्र राजाराम आर्या निवासी जयंतीपुर धूमनगंज, फहीम पुत्र नसीम अहमद निवासी करेली प्रयागराज, उदय यादव पुत्र धारा सिंह यादव निवासी मुंडेरा धूमनगंज प्रयागराज, अरविंद कुमार केसरवानी पुत्र हीरालाल निवासी प्रीतमनगर प्रयागराज, प्रमोद केसरवानी पुत्र साधो प्रसाद निवासी भरवारी सिराथू कौशांबी, जैद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी बमरौली प्रयागराज, जसीम अहमद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी बमरौली प्रयागराज, अमित कुमार शुक्ला पुत्र लक्ष्मीकांत शुक्ला निवासी प्रीतमनगर धूमनगंज प्रयागराज, विकास सिंह पुत्र अयोध्या प्रसाद सिंह निवासी ग्राम सरयूजा भोजपुर बिहार और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। तहरीर में शाह फैसल ने कहा है कि पोंगहट बमरौली में उसकी 1.87 हेक्टेयर जमीन है। 2017 में बारा विधायक वाचस्पति और उनके साथियों ने इस पर प्लाटिंग शुरू कर दी। शाह फैसल का कहना है कि ये सभी अतीक अहमद गिरोह के सक्रिय सदस्य रहे हैं। अतीक के नाम पर अभी भी उसे धमकी दी जा रही है. किसान के अनुसा 1991 में उसकी उम्र मात्र 6 साल थी. उसका कोई बैंक खाता भी नहीं था. ऐसे में आरोपियों का कहना है कि जमीन खरीदने के लिए उन्होंने मुझे चेक से पेमेंट किया था। इसकी शिकायत हमने पुलिस में की। अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। 2017 में जब मुझे जमीन पर कब्जे की जानकारी हुई तो मैने रेवेन्यू ऑफिसर इलाहाबाद के ऑफिस में प्रार्थना पत्र दिया। शाह फैसल ने बताया कि मेरे प्रार्थना पत्र पर जमीन का चिन्हीकरण हुआ। इसमें साफ हुआ कि मेरी जमीन पर अवैध कब्जा हो चुका है। अवैध कब्जे के बाद जमीन पर निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। जब विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी. हमारे घर पर 2022 में 28 जुलाई की रात 1 बजे बम से हमला करवा दिया। पुलिस को सूचना देने पर मेरी जान तो बच गई, लेकिन इस मामले में भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. इसके बाद 3 फरवरी 2024 को मैंने तहसील दिवस में शिकायत की. इसके बाद जाकर अवैध निर्माण रुकवाया गया। अतीक गैंग से जुड़े रहे हैं कई आरोपी = शाह फैसल के अनुसार निर्माण रुकने के बाद 5 अक्टूबर 2024 को भी मेरे ऊपर हमला हुआ. 5 आरोपियों ने हमारी जमीन संबंधी फाइल फाड़ दी. कहा कि अगर शिकायत करना बंद नहीं करोगे तो जान से मार दिए जाओगे. इनमें कई आरोपी अतीक अहमद गैंग से भी जुड़े रहे हैं. 8 अक्टूबर 2024 को पुलिस आयुक्त से शिकायत की. थाने पर भी प्रार्थना पत्र दिया पर तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. मजबूर होकर के कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर 21 मार्च को धूमनगंज में वाचस्पति समेत 10 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. इस केस की जांच की जा रही है. इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। एक दौर में वाचस्पति पर अतीक अहमद गैंग का सबसे सक्रिय सदस्य होने का भी आरोप लग चुका है. प्रयागराज व कौशांबी में उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं. वाचस्पति पर अतीक अहमद गैंग को आर्थिक रूप से मजबूत करने व सरकारी जमीनों पर कब्जा कर प्लाटिंग करने के भी आरोप लगते रहे हैं। साल 2017 में थाना धूमनगंज पुलिस ने विशनापुर कालोनी में 8 बीघा सरकारी बंजर जमीन कब्जाने के आरोप में विधायक वाचस्पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था. इसी के बाद साल 2020 में जब अतीक गैंग की 66 सदस्यीय सूची बनी तो उसमें वाचस्पति का नाम 50वें नंबर पर दर्ज था. साल 2022 के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले वाचस्पति का नाम अतीक अहमद गैंग लिस्ट व भूमाफिया लिस्ट से गायब हो गया. इसके बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़कर अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण कर ली. प्रयागराज के बारा विधानसभा से अपना दल एस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल हत्याकांड के 15 दिन पहले 9 फरवरी 2023 को डीसीआरबी द्वारा जारी अतीक अहमद के 121 सदस्यों की गैंग लिस्ट से वाचस्पति का नाम गायब कर दिया गया. जबकि पुरानी सूची में अतीक गैंग की सदस्यों की लिस्ट में वाचस्पति का नाम दर्ज था। इस मामले में बारा विधायक वाचस्पति ने ईटीवी भारत को बताया कि उदय और फहीम ने जमीन खरीदी थी. उन्होंने शाह फैसल को जो चेक दी वह गलत थी. यह मैं मानता हूं, लेकिन मेरा इस जमीन से कोई लेना-देना नहीं है. यह मुझे बदनाम करने की साजिश है. मैंने 15 साल पहले ही जमीन का काम छोड़ दिया है. उदय और फहीम का रोल है. मेरा कोई रोल नहीं है। विधायक का कहना है कि मेरा नाम जबरदस्ती डाल दिया है. मुझे बदनाम कर दिया. राजनीतिक रूप से अब हमें झेलना पड़ रहा है. मुझे पता ही नहीं चला. अतीक अहमद के गैंग चार्ट में मेरा नाम भी साजिशन डाला गया था. अब पुलिस ने निकाल दिया है. पूरे यूपी में मैंने किसी का पांच रुपया बाकी किया हो तो उसे बताएं. शाह फैसल के दिमाग में ये है कि मैं उदय और फहीम को संरक्षण देता हूं। जबकि ऐसा नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जारी की जस्टिस वर्मा के घर मिली नकदी की तस्वीरें-वीडियो, जांच रिपोर्ट





स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर लगी आग के दौरान मिली नकदी की तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक हो गई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने मामले की अंदरूनी जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट को 21 मार्च को रिपोर्ट सौंपी थी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 22 मार्च 2025 (शनिवार) की देर रात सार्वजनिक कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट के साथ ही उस कमरे की तस्वीरें और वीडियो भी जारी कर दिए हैं जहां भारी तादाद में नकदी मिली थी। तस्वीरों और वीडियो से सामने आया है कि जिस कमरे में आग लगी है उनमें 500 रुपए के जले हुए और अधजले नोटों के बंडल साफ दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस कमरे से फायर ब्रिगेड को नोटों की 4-5 बोरियां मिली थीं। जस्टिस वर्मा के घर 14 मार्च को आग लगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की जांच रिपोर्ट को भी सार्वजनिक करते हुए ?जस्टिस वर्मा के जवाब को भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इस मामले से जुड़े दस्तावेज भी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर डाले गए हैं। (सुप्रीम कोर्ट के प्रेस नोट को इस लिंक में देख सकते हैं) सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान जज जस्टिस यशवंत वर्मा के विरुद्ध आरोपों की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं. दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को फिलहाल जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपने के लिए कहा गया है. दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अपनी रिपोर्ट दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा का जवाब भी जारी किया है। जवाब में जस्टिस वर्मा ने इस नकदी की जानकारी होने से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि यह स्पष्ट रूप से उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश प्रतीत होती है। उस स्टोररूम में उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य द्वारा कभी कोई नकदी नहीं रखी गई थी। उन्होंने कहा कि वे इस बात की कड़ी निंदा करते हैं कि कथित नकदी उनकी थी। जिस कमरे में आग लगी और जहां कथित तौर पर नकदी मिली, वह एक आउटहाउस था न कि मुख्य भवन जहां न्यायाधीश और उनका परिवार रहता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नगवां का कूड़ा निस्तारण केंद्र बना शोपीस, अभी तक नहीं हो सका संचालन जिम्मेदार मौन।

**बेनीगंज/हरदोई।** विकासखंड में स्थित नगवां ग्राम पंचायत का कूड़ा निस्तारण केंद्र शोपीस बनकर रह गया है। योगी सरकार ने गांव की स्वच्छता के लिए लाखों रुपए खर्च कर यह केंद्र बनवाया था। कूड़ा निस्तारण केंद्र का उद्देश्य था कि गांव का कूड़ा एक जगह एकत्र हो और चारों ओर गंदगी न फैले। लेकिन निर्माण के बाद से आज तक इस केंद्र का संचालन नहीं हो सका है ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। स्वच्छता के नाम पर यह सरकार की कारगिल योजना धड़ाम हो गई है। नगवा ग्राम पंचायत एक बड़ी ग्राम पंचायत है लेकिन यहां के जिम्मेदारों की हिलावली के चलते यह कूड़ा निस्तारण केंद्र आज खोखला साबित हो रहा है। हद तब हो गई जब कूड़ा निस्तारण केंद्र के अंदर बने महिला पुरुष शौचालय के दरवाजे भी मौके पर मौजूद नहीं हैं।

### नए काम की निविदा पर भ्रस्टाचार की परत चढ़ा रहे ठेकेदार की डीएम हरदोई से हुई शिकायत

हरदोई संडीला में हाल ही में हुई घटना ने काफी हलचल मचा दी है, जहां एक नए प्रोजेक्ट के लिए बोली जीतने वाले ठेकेदार ने एक पुराने ढांचे की घटिया मरम्मत करके सरकार को धोखा दे रहा है, जिसको लेकर शिकायतकर्ता ने जनपद हरदोई के जिला मजिस्ट्रेट को एक शिकायत भेजी, जिसके बाद नगर में तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं।मालुम हो अभी हाल ही में यूपी के विधानसभा के अंदर सण्डीला से सत्ता पक्ष बीजेपी विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने पालिका अध्यक्ष नपाप सण्डीला रईस अंसारी पर सनसनी भ्रस्टाचार के आरोप लगा सदन में आवाज़ उठाई थी।जिन्होंने नपाप क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाया। यहां तक कि क्षेत्रीय एमएलसी अशोक अग्रवाल ने भी सरकार को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। निर्वाचित प्रतिनिधियों की इन शिकायतों के बावजूद, यह देखना बाकी है कि उत्तर प्रदेश सरकार उन्हें कितनी गंभीरता से लेती है, क्योंकि अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।जिसके चलते पार्टी के समर्थकों में असंतोष को बढ़ावा दिया है।इस परिदृश्य ने एक तनावपूर्ण माहौल पैदा कर दिया है, जिसमें लोगों के मुताबिक बहती गंगा में नए काम हेतु निविदा प्राप्त ठेकेदार राजस्व को कम करने के लिए नई परियोजनाओं को पूरा करने के बजाय दीवारों पर प्लास्टर करने जैसी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों का सहारा ले रहा है।

## इनर रिंग रोड योजना के लिए भूमि अधिग्रहण का काम अगले माह से, 35 गांवों की भूमि आएगी जद में

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** इनर रिंग रोड योजना के तहत पहले चरण के अगले दो फेज का काम जल्द शुरू होना है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम अप्रैल माह से शुरू होने की उम्मीद है। इस दौरान इनर रिंग रोड के प्रोजेक्ट के रास्ते में आने वाले लगभग 35 गांवों से जमीन अधिग्रहित की जानी है। इसके लिए करीब 500 करोड़ रुपये मुआवजे का अनुमान है। इनर रिंग रोड के पहले चरण के तीन फेज में 31.4 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है। अब तक 15 किलोमीटर का काम पूरा कर लिया गया है। बाकी 16.4 किलोमीटर का काम शुरू होना है। पहले चरण में फूलपुर से करछना में 23 किलोमीटर लंबी सड़क, 7 अंडरपास, 2 रेलवे पुल और तीन पुल का निर्माण किया जाना है। इनमें दो गंगा नदी पर बनने वाले पुलों में पहला गंगापार के झूंसी और यमुनापार के नैनी को जोड़ेगा। वहीं, दूसरा पुल भी झूंसी और नैनी के बीच प्रस्तावित है, जो रिंग रोड परियोजना का हिस्सा है। यह दोनों ही सिक्सलेन पुल हैं। इन पुलों के निर्माण से नया यमुना पुल और शास्त्री पुल पर वाहनों का दबाव कम होगा। इन दोनों पुलों का निर्माण मई और जून 2026 तक पूरा होना है। इसके अलावा यमुना नदी पर एक पुल बक्शी गांव में बनाया जाएगा। महाकुंभ से पहले इस पर काम शुरू किया गया था। अब तक 15 किलोमीटर का काम पूरा हो सका है। इनमें चार अंडर पास व एक रेलवे ओवर ब्रिज का काम पूरा हो चुका है। प्रयागराज इनर रिंग रोड के पहले चरण में कुल 30 किलोमीटर का काम होगा, जिसे तीन चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण लवायन कला से शुरू होकर सहसो बाईपास के पास एनएच-2 से जुड़ेगा, जिसमें 45 गांवों से होकर गुजरने वाली 29.466 किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल है। पहले चरण के तीनों फेज की कुल लागत लगभग 3100 करोड़ रुपये है, जिसमें 65 किलोमीटर की रिंग रोड का निर्माण शामिल है। इनर रिंग रोड के पहले चरण के तहत तीनों फेज का काम चल रहा है। इनमें 15 किलोमीटर सड़क व एक रेलवे पुल का काम पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा अन्य निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण का काम अप्रैल महीने में शुरू हो जाएगा।

## गाजी मियां की मजार पर पूजा-अर्चना पर रोक, हिंदू-मुस्लिम समुदाय ने मिलकर लिया फैसला!



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** गंगा नगर स्थित गाजी मियां की मजार पर पूजा-अर्चना किए जाने पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपसी सहमति से रोक लगा दी है। इस फैसले के बाद स्थानीय प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मजार का क्षेत्र के निवासियों से कोई संबंध नहीं है और हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर इसे लेकर भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही थीं। फेसबुक और व्हाट्सएप पर फैलाए जा रहे इन संदेशों का लोगों ने विरोध किया और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन का कहना है कि किसी भी तरह की अफवाह से बचने के लिए क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। उत्तर प्रदेश में बढ़ाई गई सुरक्षा महाराष्ट्र के औरंगाबाद में हाल ही में हुए बवाल को देखते हुए उत्तर प्रदेश में सभी आस्था स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी संवेदनशील इलाकों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को रोका जा सके। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

**महत्वपूर्ण** ....यह केन्द्र आम जनता को जन कल्याणकारी योजना से जोड़ने में मदद करेगा : नवीन मिश्रा

## नवीन जन सेवा केन्द्र के शुभारंभ पर भव्य भण्डारे का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात








**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के मोहारी कलॉ में नई जेल रोड स्थित एच.पी. पेट्रोल पंप के पास रविवार को गीतमय सुंदरकांड के पश्चात नवीन जन सेवा केन्द्र का उद्घाटन के शुभ अवसर पर भव्य भण्ड़ारे का आयोजन किया गया । जन सेवा केन्द्र क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं को आम जनता तक सरलता से पहुंचाना है। यह केन्द्र समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए सहायक साबित होगा और उन्हें सरकारी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराएगा। जन सेवा केन्द्र के संरक्षक नवीन मिश्रा ने बताया की केन्द्र के मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं, दस्तावेजों की सुविधा, पेंशन योजनाओं, राशन कार्ड, आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण कामों को लोगों तक सहज रूप से पहुँचाना है। केन्द्र में डिजिटल सेवाओं का भी प्रबंध किया गया है, जिससे लोग ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उद्घाटन समारोह में गोसाईगंज ब्लॉक के पूर्व प्रधान संघ के अध्यक्ष फूलचन्द्र यादव, रूद्र मिश्रा टेन्ट एवं लाइट हाउस के संरक्षक अखिलेश मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र के कार्यों को लेकर अपनी शुभकामनाएं दी और आशा जताई कि इससे इलाके में विकास को नई रचनात्मक दिशा मिलेगी। इस केन्द्र के माध्यम से जनता को सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने में और अधिक पारदर्शिता और सुगमता होगी, जो कि इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत होगी। क्षेत्रवासियों ने जन सेवा केन्द्र के शुभारंभ पर खुशी जाहिर की और भण्डारे में वितरित किए जा रहें प्रसाद को ग्रहण किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पहल उनकी समस्याओं को हल करने में मददगार साबित होगी और उन्हें सरकारी सेवाओं का लाभ सीधे तौर पर मिल सकेगा। इस केन्द्र के कार्यशील होने से क्षेत्र में विकास की गति को और भी तेजी मिलेगी और लोगों का विश्वास सरकारी कार्यों में बढ़ेगा। इस मौके पर समाजसेवी राजेश पाडेण्य, अतुल मिश्रा, ज्ञानचन्द्र यादव, बृजभान यादव, अवधेश साहू, अंकित मिश्रा, अमित मिश्रा, रामू पाल, शिवम साहू, दिपांकर, आयुष मिश्रा, सौम्यांश मिश्रा, रमेश, मनोज गुप्ता, रिंकू पाल एवं समस्त मित्रगणों ने अयोजित भण्डारे में विशेष सेवाएं प्रदान की और उपस्थित आम जनमानस को प्रसाद वितरित किया गया ।

## दुष्कर्म के आरोपी दो युवक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से गैंगरेप के आरोपित दो युवक रविवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गए। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पीड़िता की मां ने बीते शनिवार को गोल्हौरा थाना की पुलिस को तहरीर दिया कि उसकी लगभग 16 वर्षीया पुत्री बीते 14 मार्च की अपराह्न लगभग 1 बजे खेत से बरसीम काटकर लेने गई थी। थोड़ी देर में उसके चिल्लाने की आवाज आई। जहां जाकर देखी तो थाना क्षेत्र के ही मझवन खुर्द (जिगनिहवा) निवासी विनय चौरसिया पुत्र दीनानाथ व मनीष प्रजापति पुत्र प्रह्लाद पुत्री को गेहूं के खेत में पटक कर जबरदस्ती काम कर रहे थे। जो मुझे देखते ही भागने लगे। मैंने दौड़ाकर दोनों को पकड़ा, लेकिन हाथ छुड़ाकर भाग गए। पुत्री ने पूंछने पर बताया कि उक्त दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ गलत काम किया है। पुत्री अर्धनग्नावस्था में थी, तथा ठीक से बात नही कर पा रही थी। लोकलाज के डर से पुलिस को सूचना देने में देरी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शनिवार की रात्रि में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया और उक्त दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## थाना छावनी पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब उत्पादन व निष्कर्षण पर प्रभावी रोकथाम- भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई



**बस्ती।** बस्ती जिले के थानाध्यक्ष छावनी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध शराब के उत्पादन और निष्कर्षण को रोकने के लिए मांझा क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बनाई जा रही है, जिसके बाद थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने तत्परता दिखाते हुए अपनी टीम के साथ मौके पर दबिश दी। इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दो भट्ठियों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया और करीब 70 से 80 लीटर शराब बनाने की लहन को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल अवैध शराब के कारोबार को रोकना था, बल्कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना भी था। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को इस खतरे से मुक्त किया जा सके।छावनी पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन का यह कदम क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और नशामुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## कुचक्र कर चार बीघे भूमि को धोखे से हड़पने का आरोप

**प्रतापगढ़।** किसी की नियति में खोट आ जाने पर कुचक्र रचकर दूसरे की संपत्ति हड़पने का प्रयास पर ताजुब की बात नहीं रह गई है। एक रोचक मामला आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र का प्रकाश में आया है कि पिता की मृत्यु के बाद धोखे से सड़क के किनारे की चार बीघा कीमती जमीन परिवार के लोगों द्वारा हड़प लिए जाने की शिकायत एसपी समेत उच्च अधिकारियों से की गई है। मामले के बाबत चर्चा है कि आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उदईशाहपुर गांव निवासी रमाकांत तिवारी ने पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पिता पारसनाथ की मृत्यु 19 नवंबर 2002 को हो गई थी। इसके बाद उदईशाहपुर गांव की जमीन राजस्व रिकार्ड में उनके नाम आ गई थी। ननिहाल में कोई न होने के कारण रमाकांत फतनपुर थाना क्षेत्र के मसौली गांव में पूरे परिवार के साथ ननिहाल में निवास करते हैं। उनका आरोप है कि वर्ष 2024 में उनके पिता पारसनाथ की एक कूट रचित फर्जी अपंजीकृत वसीयत तैयार कर उनकी संपूर्ण भूमि को उनके परिवार के लोगों ने अपने नाम दर्ज करा लिया गया है। उनके पिता की मृत्यु के करीब 22 वर्ष बाद वसीयत का मामला प्रकाश में लाया गया,जबकि उनका आरोप है कि उनके पिता ने अपने जीवन काल में इस तरह की कोई वसीयत नहीं की थी। पीड़ित का आरोप है कि उनकी करोड़ों की भूमि को जाल फरेब से हथियाने का कुचक्र रचा गया है। शनिवार की शाम को पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## बलिया में पत्रकारों और वकीलों के लिए बिल्डिंग बनाने की मांग, मुख्य राजस्व अधिकारी ने परिवहन मंत्री को लिखा पत्र



**बलिया** यूपी के राजस्व अधिकारी ने बलिया में पत्रकारों और वकीलों के लिए अलग से भवन निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री दया शंकर सिंह को पत्र लिखा है। सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर तहसील के पत्रकार प्रदीप बच्चन ने जिला संवाददाता सैयद सेराज अहमद को बताया कि राजस्व अधिकारी ने अपने पत्र में दो प्रमुख मांगे की है। उनकी पहली मांग यह है कि सूचना एवं संपर्क विभाग के लिए एक भवन बनाया जाए ताकि पत्रकारों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके और साथ ही साथ विभाग के फाइलों को सिस्टेमेटिक ढंग से रखा जा सके। दूसरी मांग उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए भी अलग भवन निर्माण करने के लिए की है। क्योंकि कलेक्ट्रेट में वकील और वादकारी बाहर खुले में बैठने पर मजबूर हैं। मुख्य राजस्व अधिकारी ने इन दोनों भवनों के निर्माण के लिए विधायक निधि का इस्तेमाल करने का प्रस्ताव रखा है। यह पत्र 22 मार्च 2025 को पत्र संख्या 1925/ स्था0नि0लि0 के तहत भेजा गया है।

# सिकरा पठान के पूर्व लेखपाल शिव मूरत के ऊपर हो सकती है कड़ी कार्यवाही

● आंगनवाड़ी में नौकरी के लिए फर्जी तरीके से आय प्रमाण पत्र बनाने का लगा है गंभीर आरोप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सीधा चुनौती दे रहा तहसील बस्ती सदर का लेखपाल शिव मूरत

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार राजस्व विभाग में हो रहा है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सीधा चुनौती दे रहा तहसील बस्ती सदर का लेखपाल शिव मूरत यह यूं ही नहीं लिखा जा रहा एक तरफ योगी आदित्यनाथ जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं! दूसरी तरफ सदर तहसील के ग्राम सभा सिकरा पठान में कार्यरत लेखपाल शिव मूरत जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा! आपको बता दें मामला सिकर पठान का है जहां पर आंगनवाड़ी के लिए स्थान खाली था जिसको भरा जाना था जिसमें आय प्रमाण पत्र की अहम भूमिका माना जा रहा है क्योंकि सरकार की मनसा थी की जो गरीब हो प्रथम वरीयता उसी को मिले लेकिन शिव मूरत लेखपाल ने सारे नियम कानून को ताख पर रखकर फर्जी तरीके से सिकरा पठान निवासी फैजा समी मोहम्मद खान पत्नी अब्दुल इमरान खान का 3800 रुपया मासिक आय दिखाते हुए आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया इसके हिसाब से कुल सालाना आय 45600 ही बनता है जबकि गांव के ही संदीप कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए यह बताया है की फैजा समी मोहम्मद खान के पति एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर हैं! और खुद उनके नाम से चार पहिया मारुति सुजुकी बैगनार गाड़ी जिसका नंबर UP51BS3328 रजिस्टर्ड है! इनके पास पक्का मकान कई हजार स्क्वायर फीट में बनकर तैयार है! फिर भी यह सब जानते हुए भी लेखपाल शिव मूरत ने व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने और पाने की नीयत से नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया! क्योंकि आंगनवाड़ी नियुक्ति से जुड़ा मामला था तो रिपब्लिक न्यूज़ टीवी के संपादक और धारा लक्ष्य समाचार के मण्डल संवाददाता अमरमणि मिश्रा ने जब डीपीओ से बात किया तो उन्होंने कहा क्योंकि चैन समिति इस मामले में डायरेक्ट कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकती इसलिए यह पूरा



मामला एसडीएम और तहसीलदार का है अगर वह इस आय प्रमाण पत्र को खारिज करते हैं तो लीगल कार्यवाही करते हुए चयन समिति उस व्यक्ति को अयोग्य घोषित कर देगी! लेकिन जब तक यह आय प्रमाण पत्र खारिज नहीं होता तब तक हमारे अधिकार क्षेत्र से अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता! आरोपित लेखपाल शिव मूरत द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर जब सवाल पूछा गया तो लेखपाल ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि अभी मैं लखनऊ आया हूं हमारी ट्रेनिंग चल रही है अभी हम इस मामले पर कोई जानकारी नहीं दे सकते इस पर एसडीएम से बात कर लीजिए! जब इस पूरे मामले में एसडीम सदर बस्ती से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही जो भी दोषी होगा उसके ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी!

# अवैध स्रोत से अर्जित माफिया की संपत्ति को कुर्क करने का डीएम ने दिया आदेश

**प्रतापगढ़।** थाना अंतू अंतर्गत चिन्हित माफिया के विरुद्ध धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 के अन्तर्गत चल/अचल सम्पत्ति कुर्क करने का न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जनपद प्रतापगढ़ द्वारा आदेश जारी किया गया है ।संबंधित अभियुक्त गैंग लीडर अंकुर त्रिपाठी उर्फ उद्धव त्रिपाठी पुत्र सुनील त्रिपाठी निवासी ग्राम कोल बजरडीह द्वारा आपराधिक कृत्य कारित करके अवैध स्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति मूल्य उन्नातीस लाख रूपये को कुर्क करने का आदेश जारी किया गया है।आदेश के अनुपालन में उप जिलाधिकारी सदर व थाना कोहंडौर व थाना अन्तू पुलिस द्वारा, संगठित अपराधों से अर्जित धन से बनायी गई अचल सम्पत्ति/मकान वर्तमान मूल्य 29,00,000 रुपये को कुर्क किया गया है।अभियुक्त/ गैंग लीडर अंकुर त्रिपाठी उर्फ उद्धव त्रिपाठी पर जनपद में हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट इत्यादि गम्भीर एवं जघन्य अपराध जैसे 14 अभियोग दर्ज है।

# बनकटा दूबे गांव में माता जी के स्थान पर प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा

● प्रभु की कृपा से ही भागवत कथा का आयोजन होता है/ व्यास दुर्गा बॉक्स त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज के बनकटा दूबे गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसके कथा वाचक एवंकथा व्यास दुर्गा बख्श तिवारी गांव पंचायती यजमान रमेश कुमार दूबे एवं श्रीमती अर्चना देवी तथा मंदिर के पुजारी रामपाल दूबे एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा माता जी के स्थान पर श्रद्धा पूर्वक श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज दिनांक 22/03/2025 को हुआ इस अवसर पर माता जी के दरबार में समस्त ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे इस दौरान व्यास गद्दी का पूजन, कलश पूजन, एवं समस्त देवी देवताओं का पूजन किया गया तथा पूजा स्थल पर गांव के उमेश दूबे, विनोद कुमार शर्मा, शौक लाल मौर्य, राजाराम मौर्य, जितेंद्र कुमार मौर्य, मनिक राम मौर्य, राहुल दूबे, मनोज कुमार मौर्य, रविंद्र विश्वकर्मा, रवी मौर्य, सूरज मौर्य, विशाल विश्वकर्मा, मुकेश, विश्वकर्मा,अमरजीत मौर्या, देवेंद्र विश्वकर्मा, शुभाशीष दूबे, रामफेर मौर्य, संतराम मौर्य, बालकृष्ण दूबे, विवेक दूबे, मुरलीधर दूबे सहित ग्राम बनकटा दूबे के समस्त ग्रामीण माता जी के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कर श्रीमद् भागवत कथा के अमृत वर्षा का आनंद लेने हेतु उपस्थित हुए कथा व्यास द्वारा आज प्रथम दिवस की कथा का वाचन किया गया माता दरबार की सेवा समिति समस्त ग्रामीण एवं क्षेत्रवासियों से अपील करती है कि आप सभी भारी से भारी संख्या में श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर पहुंचकर अमृत रूपी कथा का लाभ उठाएं और पुण्य के भागी बने।

# अधीक्षक डा0 जे0पी0 कुशवाहा की मिलीभगत से सीएचओ प्रिया शुक्ला ड्यूटी से चल रही गायब




● मंसूर नगर मे तैनात सीएचओ प्रिया शुक्ला की मनमानी डियूटी करना ग्रामीणों पड़ रहा भार- सीएमओ राजीव निगम ने डियूटी से गायब सीएचओ की जांच कर कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार स्वास्थ्य विभाग में चल रहा है यह देखने को मिला है गौर विकासखंड क्षेत्र के मंसूर नगर में गायब चल रहे हैंसीएचओ प्रिया शुक्ला ऐसे में कैसे होगा स्वास्थ्य जनता गरीब जनता इलाज के लिए सरकारी ही अस्पताल का सहारा लेता है सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने का लाख दावा कर लें, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग है। ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए पूरे तामझाम के साथ गांव में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोला गया।लेकिन उद्घाटन के अक्सर ताला लटका रहता है। यह कभी-कभार ही खुलता है। हास्यास्पद यह है कि सेंटर में नियुक्त कर्मियों का महीनो ग्रामीणो ने देखा ही नहीं। इससे आस पास के लोग इलाज सहित अन्य सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहे हैं। लोग झोला छाप डॉक्टरो से इलाज कराने को मजबूर है, जो मरीजों के इलाज करने के नाम पर जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बने हेल्थ वेलनेस सेंटर मे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने बावजूद भी कागजों तक सिमट कर रह गई है। हेल्थ वेलनेस सेंटर में मरीजों के लिए डायबिटीज समेत अन्य जांच व चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना था, लेकिन अभी तक सेंटर पर मरीजों को मामूली दवाएं नसीब नहीं हो रही हैं। गौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अन्तर्गत मंसूर नगर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियुक्त सीएचओ प्रिया शुक्ला के केंद्र पर न आने से ग्रामीण परेशान हैं। सेंटर बंद होने से निजी चिकित्सक के शरण में जाने के लिए विवश हो गए हैं। इससे अत्यधिक धन व्यय करना पड़ा। साथ ही ठीक से इलाज भी नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण ने बताया कि केंद्र बंद रहने से परेशानी होती है कोई मीडिया टीम की पड़ताल के समय मिले द्वारका प्रसाद बताते हैं की पैर में चोट लगी बाहर से दवा लेकर मजबूरन पैसे देकर आना पड़ रहा है वही गांव में बना है हमारे अस्पताल लेकिन यह दो महीने से बंद पड़ा है अगर यह खुला रहता तो हमको फ्री में इलाज होता लेकिन अब किस शिकायत करने जाएं हम तो गरीब हैं हमारी आवाज कौन सुनेगा वहीं कई ग्रामीणों की महिलाओं से बातचीत किया गया जिन्होंने बताया कि गांव में तो अस्पताल बना है लेकिन जब से बना है तब से सिर्फ दो या तीन दिन ही खुला है ज्यादा दिन तो अस्पताल पर ताला लटका रहता है वह इस पूरे प्रकरण को लेकर जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव निगम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बस्ती जिले में सड़कों पर बेकाबू जानवरों का आतंक इंसानों के लिए खतरा या प्रशासन की नाकामी?

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सड़कों पर बेकाबू जानवरों का आतंक इंसानों के लिए खतरा या प्रशासन की नाकामी? हमारे शहरों और गांवों की गलियों में आजकल एक अजीब किस्म का आतंक देखने को मिल रहा है। ये आतंक किसी अपराधी गिरोह का नहीं, बल्कि बेजुबान जानवरों का है, जो हर रोज लोगों की परेशानी का कारण बन रहे हैं। कुत्तों, बंदरों और छुट्टा जानवरों का बढ़ता प्रकोप अब सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि जानलेवा खतरा बन चुका है।

**पहला आतंक- झुंड में घूमते खतरनाक कुत्ते** शहरों की गलियों में आवारा कुत्तों का झुंड अब एक आम समस्या बन गया है। ये कुत्ते रात में शोर मचाने, गाड़ियों का पीछा करने और लोगों पर हमला करने से लेकर बच्चों और बुजुर्गों को काटने तक का काम कर रहे हैं। कई मामलों में तो ये जानलेवा भी साबित हुए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि नगर पालिका और प्रशासन इस समस्या को हल करने के बजाय इसे नजरअंदाज कर रहा है। टीकाकरण और नसबंदी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं, जबकि आम जनता इनका खामियाजा भुगत रही है।

**दूसरा आतंक- छतों और गलियों में उछलते बंदर-** बंदरों का आतंक अब केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं रहा। कई शहरों और कस्बों में बंदरों ने घर की छतों, गलियों और बाजारों को भी अपनी नई कॉलोनी बना लिया है। वे राह चलते लोगों के हाथ से सामान छीन लेते हैं, घरों में घुसकर अनाज बर्बाद करते हैं और हमला तक कर देते हैं। बुजुर्ग और महिलाएं इनसे सबसे ज्यादा परेशान हैं। प्रशासन द्वारा बंदरों को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिससे यह समस्या लगातार बढ़ रही है।

**तीसरा आतंक- छुट्टा जानवर और सड़कों पर मंडराता खतरा**

गाय, सांड और अन्य छुट्टा जानवर अब सड़कों पर गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। ये जानवर रात में सड़क पर अचानक आ जाते हैं, जिससे बाइक और कार सवारों की जान जोखिम में पड़ जाती है। कई दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान तक गंवा चुके हैं। गोशालाओं की कमी, प्रशासनिक लापरवाही और पशुपालकों की गैर-जिम्मेदारी के कारण यह समस्या विकराल होती जा रही है।

**समाधान क्या है?-** इस समस्या का समाधान केवल प्रशासन की इच्छाशक्ति और नागरिकों की जागरूकता से ही संभव है।आवारा कुत्तों के लिए नसबंदी और टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाया जाए।बंदरों को जंगलों या सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए विशेष योजना बनाई जाए। छुट्टा जानवरों के लिए गोशालाओं की संख्या बढ़ाई जाए और सड़कों पर घूमने वाले जानवरों को तत्काल हटाने की व्यवस्था की जाए।

अगर अब भी इन समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया, तो आने वाले समय में यह सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि एक गंभीर आपदा का रूप ले सकती हैं। नीलगाय के आतंक से फसलों को भारी नुकसान यह गंभीर समस्या है



नीलगायों के लिए सरकार को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए जिससे गरीब जनता की मेहनत और गाड़ी कमाई से उगाई गई फसल सुरक्षित रह सके इनके लिए भी कोई गौशाला की तरह उपाय खोजा जाए जिससे किसानों को नीलगाईयों से निजात मिल सके आने वाले दिनों में इसी तरह नीलगाय बढ़ते रहे तो किसानों को फसल के नुकसान से कोई बचा नहीं सकता है और चारा की गंभीर संकट हो जाएगी इस समस्या के लिए सरकार को गंभीर या कोई ठोस कदम उठाना चाहिए इसके लिए कोई जनप्रतिनित या विधायक सांसद यह मामला नहीं उठाते हैं।

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 अजीत सिंह मय हमराह हे0का0 भोलानाथ द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0 अ0 सं0-305/04 धारा 323, 325, 504 भादवि थाना कोतवाली नगर से संबंधित एक वारण्टी अभियुक्त कमलेश उर्फ कोकई पुत्र हीरा निवासी पूरनपुर पटखान थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# होली मिलन समारोह में निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू द्वारा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** विकास खंड पचपेड़वा अन्तर्गत मन्नत मैरिज हाल मे होली मिलन समारोह निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू द्वारा आयोजित जिलाध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विधानसभा के गणमान्य लोग शामिल हुए. समारोह में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए, जिससे पूरा माहौल उत्सवी और रंगीन हो उठा. पचपेडवा के मन्नत मैरिज हाल के मैदान में समारोह की शुरुआत गुलाल और फूलों की होली से हुई. मेहमानों का स्वागत शैलेश कुमार सिंह शैलू ने अबीर-गुलाल लगाकर किया गया, जिसके बाद पारंपरिक लोकगीतों और ढोल-नगाड़ों की धुनों पर माहौल रंगीन हो उठा. मौके पर कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत किये, फाग गीतों ने सबका मन मोह लिया. मौके पर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि होली मेलजोल और सौहार्द का पर्व है. उन्होंने कहा कि जैसे विभिन्न रंग मिलकर सुंदर इंद्रधनुष बनाते हैं, वैसे ही समाज



के सभी वर्ग एक साथ मिलकर विकास की राह पर आगे बढ़ सकते हैं. उन्होंने सभी से समाज में शांति और भाईचारा बनाये रखने पर जोर दिया।

ब्लाक प्रमुख मनोज तिवारी ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का त्योहार है. उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमें त्योहारों के माध्यम से एकजुट रहने और समाज में सौहार्द बनाये रखने की सीख देती है. उन्होंने सभी को गिले-शिकवे भुलाकर एकता का संदेश देने की अपील की होली मिलन की अध्यक्षता रवि मिश्रा जिलाध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी, ब्लाक प्रमुख गैसड़ी जगदम्बा सिंह, आंनद कुमार सिंह अन्नू, पूर्व ब्लाक प्रमुख भोला जायसवाल, पप्पू मिश्रा, रवि वर्मा नगर पंचायत, मदन लाल जायसवाल, दयाराम प्रजापति, विजय पाल प्रजापति जानकी प्रसाद पाल रमेश कुमार विद्दू प्रधान, राम नेवास विश्वकर्मा, रामदीन वर्मा, राम केवल यादव, मंडल अध्यक्ष अजय सैनी, अरूण देव पाठक, राजेश गुप्ता, श्यामू चौधरी, राम जी तिवारी, इंद्रजीत साहू। आनंद कुमार सिंह अन्नू, राम बिलास विश्वकर्मा, अमित कुमार जायसवाल, किशोरी यादव, राधेश्याम पांडेय, अजय जायसवाल, अर्जुन साहू, आत्मा यादव, समेत दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ता समेत क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने सरकार के सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों के तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष तथा केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में शनिवार को देर सायंकाल विकास भवन सभागार में बैठक की गयी। बैठक में डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को शहीद उद्यान में त्रिदिवसीय मेले में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम अन्तर्गत सरकार द्वारा किये गये कार्यो व चलायीं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी एवं लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जायेगा।उन्होंने कहा कि विभागीय स्टालों पर संचालित योजनाओं की जानकारी की पुस्तिका, पम्पलेट आदि रखा जाय और पात्र लाभार्थियों के वहीं पर फार्म भराने की व्यवस्था भी करायी जाय। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय आदि थीम पर आयोजित किया जाय।कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी परियोजना निदेशक डीआरडीए को बनाया गया है। सभी सम्बन्धित विभाग आपस में समन्वय बनाकर त्रिदिवसीय मेले को भव्य तरीके से



सम्पन्न करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आदित्य प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, डीसी मनरेगा अश्वनी सोनकर सहित उपजिलाधिकारीगण व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तस्करी की चार बोरी लावारिस चीनी बरामद



**परसामलिक/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के पास से स्थानीय पुलिस ने रविवार की सुबह गस्त के दौरान अवैध रूप से नेपाल भेजी जा रही चार बोरी चीनी बरामद किया है। वहीं पुलिस को आता देख कारोबारी साइकिल पर लदा चीनी की बोरी को फेंककर नेपाल भेजने में कामयाब हो गए। पुलिस ने बरामद चीनी को कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात कस्टम अधिनियम की कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए नौतनवां कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिजीत कुमार ने बताया कि चार बोरी चीनी बरामद किया गया है जिसे अग्रिम कार्यवाही के लिए कस्टम कार्यालय को सुपुर्द किया गया है।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने सौंपा ज्ञापनः सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद, मदरसा निर्माण को बुल्डोजर से ध्वस्त कराने की मांग

● अवैध निर्माण ध्वस्त न हुआ तो महासंघ हटवायेगा कब्जा- अखिलेश सिंह

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में महासंघ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी और उप जिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह को सौंपा। मांग किया कि भानपुर तहसील क्षेत्र के रामनगर में निजाई के ग्राम प्रधान, अध्यक्ष ग्राम पंचायत आशमा बेगम और प्रधान पति मो. रईस पुत्र साहबू, उनके सहयोगी इस्लाम, मो. अहमद, नुरूल हुदा द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद और मदरसे के निर्माण के प्रयास को तत्काल प्रभाव से रोका जाय।ज्ञापन देने के बाद विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने मण्डलायुक्त को इस सम्बन्ध में शिकायती पत्र दिया था जिस पर उन्होने बेदखली आदेश पारित किया। इसके बावजूद सरकारी



जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद और मदरसे के निर्माण कराया जा रहा था। इसे लेकर गांव में तनाव है। उन्होने मांग किया कि सरकारी जमीन से बुल्डोजर चलवाकर अवैध निर्माण हटवाया जाय। यदि 15 दिन के भीतर प्रभावी कार्यवाही न हुई तो विश्व हिन्दू महासंघ अपने कार्यकर्ताओं, नागरिकों के साथ अवैध कब्जा हटवाने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह राणा, प्रदीप, कुलदीप मिश्रा, अमरजीत सिंह, बालकृष्ण सिंह, हर्षदीप शुक्ला, बंटी चौधरी, राहुल चौरसिया, राजेश कसौधन, अरविंद सिंह, उपेंद्र सिंह, संध्या चौधरी के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# भदोही बना राज्य ओपन आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता, मेजबान प्रतापगढ़ की फाइनल में पराजय

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान प्रतापगढ़ और भदोही के बीच खेला गया,जिसमें टॉस जीतकर मेजबान प्रतापगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रतापगढ़ ने अनुज श्रीवास्तव के 31और सक्षम सिंह के 27 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 128 रन का स्कोर खड़ा किया। भदोही के लिए कैफ ने 2 विकेट और गोलू पाल ने भी दो विकेट लिया। मुकाबले में उतरी भदोही की टीम कर अनुराग गुप्ता के 31 रन और आयुष दुबे के 26 रन की बदौलत आखिरी बाल से हासिल कर लिया और प्रतियोगिता का विजेता बना और भदोही ने इस मैच को एक विकेट से जीत लिया। प्रतापगढ़ के लिए कप्तान विनीत मिश्रा तीन विकेट और उमर ने दो विकेट लिए। इस मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कैफ को 500 रुपए के नगद पुरुस्कार देवराज नंदन ओझा ने और पूर्व स्टेशन अधीक्षक अनिल दुबे ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट उमर को 1100 रुपए का नगद पुरुस्कार दिया।प्रतियोगिता के समापन के अवसर विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी उपस्थित रहे।इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ला,प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ अपना दल परमानंद मिश्रा,डायमंड ग्रुप के धर्मेंद्र सिंह और गुड्डु,कबड्डी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह,कुश्ती सचिव जय बहादुर,वॉलीबॉल सचिव विनोद यादव,विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य,कवयित्री कल्पना तिवारी शकुंतला शुक्ला,अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन



शुक्ला,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,ओमवीर सिंह अधिवक्ता,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,संजय पांडे,पप्पू रमेश जानी,उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## थाना समाधान दिवस में 171 मामलों में 92 मामलों का किया गया निस्तारण



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में शनिवार को प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा समस्त थानों पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर समस्त थानों पर जनसुनवाई कर समस्याओं को सुना गया। जनपद के सभी थानों पर कुल 171 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा भूमि संबंधी कुल 133 मामले तथा अन्य प्रकरण के कुल 38 मामले आये।प्राप्त प्रार्थना पत्र पर त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए टीम द्वारा कुल 92 प्रकरणों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।जिनमें थाना कोतवाली नगर से 05, कोतवाली देहात से 03, कोहंडौर से 03, अन्तू से 04, रानीगंज से 06, मान्धाता से 05, फतनपुर से 02, देल्हूपुर से 02, पट्टी से 02, आसपुर देवसरा से 06, कन्धई से 04, दिलीपपुर से 02, जेठवारा से 05, बाघराय से 09, महेशगंज से 05, लालगंज से 08, साँगीपुर से 04, संग्रामगढ़ से 01, लीलापुर से 02, उदयपुर से 02, कुण्डा से 04, मानिकपुर से 04, हथिगवां से 02, नवाबगंज से 02 इस प्रकार कुल 92 मामलों का राजस्व टीम व पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा निस्तारण किया गया।

# श्री नित्यानंद सिंह को बनाया गया राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का (आजमगढ़) मंडल अध्यक्ष

● श्री दुर्गा शंकर सिंह बने ज़िला अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

**बलिया (यूपी)** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जगदीश सिंह जी द्वारा एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए आजमगढ़ से नित्यानंद सिंह को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। और श्री दुर्गा शंकर सिंह जी को ज़िला अध्यक्ष के पद पर फायिज किया गया है। इस नियुक्ति का निर्णय संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा पुनम सिंह व प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिंह की सहमति से लिया गया है । राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों स्वाभिमान और सुरक्षा की बढ़ाना और उनके हित की रक्षा करना है। पूरी उम्मीद की जाती है कि नित्यानंद सिंह संगठन को मजबूत बनाने में अपना पूरा योगदान देंगे और राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत को आसमान की बुलंदियों तक ले कर जायेंगे। ज़िला अध्यक्ष महोदय श्री दुर्गा शंकर सिंह जी और मंडल अध्यक्ष महोदय श्री नित्यानंद सिंह जी के नेतृत्व में पुरे प्रदेश में पत्रकारों को नई ऊर्जा और दिशा निर्देश मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर नित्यानंद सिंह ने संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपा गया है उसे पूरी ईमानदारी एवं निःस्वार्थ भाव से निभाऊंगा। हमारा लक्ष्य



संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है जिससे पत्रकारिता को मजबूती मिले और पत्रकारों के हित सुरक्षित रहे । इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार संघ के समस्त पदाधिकारियों ने श्री नित्यानंद सिंह जी और ज़िला अध्यक्ष महोदय श्री दुर्गा शंकर सिंह जी को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## शारदा नहर में युवक ने लगाई छलांग

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां के अंतर्गत शारदा नहर में एक युवक ने छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जानकारी के अनुसार नईम पुत्र इसरार 22 वर्ष निवासी भोलागंज रविवार को शारदा नहर में पुरैनी पुल के पास अचानक नहर मे छलांग लगा दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों के माध्यम से उसे ढूंढने का कार्य प्रारंभ कराया। परिवार के लोगों का कहना है कि युवक मानसिक रोगी है उसकी दवा चल रही थी। मौके पर उसके परिवार के लोग व अन्य गांव के लोग शारदा नहर पर पहुंच गए हैं और सभी की निगाहें उसकी तरफ लगी हुई है।

## संडीला पुलिस ने लापता बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया

**हरदोई।** संडीला थाना क्षेत्र से साइकिल लेकर घर से गए 11 वर्षीय बालक के लापता होने के मामले में संडीला पुलिस ने बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।प्राप्त विवरण में 23 मार्च को बालक ले पिता द्वारा थाना संडीला पर सूचना दी गयी कि उसका 11 वर्षीय पुत्र अपने घर से साइकिल लेकर गया था जो वापस घर नही आया, काफी खोजबीन करने के उपरान्त भी कोई पता नहीं चल सका।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपहृता/गुमशुदा बच्चों/बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान ÷आपरेशन स्माईल÷ के क्रम मे गठित पुलिस टीम ने संडीला प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो, स्थानीय व्यक्तियों व सोशल मीडिया आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्राप्त लाभप्रद सूचना के आधार पर उपरोक्त गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए बच्चे को सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा थाना संडीला पुलिस टीम का धन्यवाद व्यक्त एवं आभार प्रकट किया गया।

## प्रवीण कुमार ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग गेट में सफलता हासिल की

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के छात्र प्रवीण कुमार को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) मैं सफलता प्राप्त की है। प्रवीण वर्तमान में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ कपिल गुप्ता की शोध परियोजना में शोध छात्र के रूप में कार्य कर रहे हैं कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने सफल विद्यार्थी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी छात्र का राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षक एवं शोध के गुणवत्ता को सुनिश्चित करता है विज्ञान संकाय की संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर प्रकृति राय ने ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवीण ने परीक्षा में सफल होकर विश्वविद्यालय की सफलता में एक नया कीर्तिमान जोड़ दिया है शोध निदेशक डॉ कपिल गुप्ता सहित विज्ञान संकाय के समस्त शिक्षकों ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है

## तिलहन का प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया

**सिद्धार्थनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के द्वारा केंद्र पर चल रही भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित तिलहनी फसलों का समूह प्रथम पंक्ति प्रदर्शन परियोजना के अंतर्गत मिठवल ब्लाक के जोगिया खुर्द एवं जोगिया बुजुर्ग गांव में प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि देश में हरित क्रांति के आने से हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुए लेकिन खाद्य तेल के लिए अभी भी हम आयात पर निर्भर है। इसलिए किसान अपने फसल चक्र में तिलहनी फसलों का समावेश कर देश को तेल उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनाएं। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने बताया की कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा समूह प्रथम पंक्ति प्रदर्शन तिलहन कार्यक्रम के



तहत इस वर्ष जनपद में लगभग 70 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सरसों की उन्नत प्रजाति का प्रदर्शन किसानों के प्रक्षेत्र पर किया गया है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया किसान वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई नवीन तकनीकों का प्रयोग कर उत्पादन लागत को कम करके उत्पादन बढ़ाए। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ प्रवीण कुमार मिश्रा ने किसानों को तिलहन फसलों के उत्पादन तकनीक के बारे में बताया और कृषि सम्बन्धी समसामयिक जानकारी भी दी। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने उन्नत प्रजाति की सरसों के लगे प्रदर्शनों का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम में फॉर्मर चेंज एजेंट लवकुश मौर्य ने किसानों का पंजीकरण कराया वाहन चालक विजय यादव एवं प्रगति शील कृषक प्रेम चंद्र मौर्य, राम कुमार, भागीरथी, तिलक्रम , बृज भान, राम शंकर , राजकुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# बीकेटी तहसील में भूमाफियाओं का शिकंजा , ध्वस्तीकरण के बाद राजस्व लेखपाल और कानूनगो ने पुनः बनवाया मार्ग

.... एंटी भूमाफिया अभियान फेल , बीकेटी तहसील अधिकारी ।

...... बीकेटी तहसील के भौली गांव में भूमाफियाओं ने करोड़ों की जमीन पर कर रखा है जबरन अवैध कब्जा ।

........ अधिकारियों ने चलाया बुलडोजर, लेखपाल कानूनगो ने पुनः बनवाया मार्ग ।



स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा /राज कुमार शुक्ल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खनन व भू माफिया पर कड़ी कार्रवाई के आदेशो तथा मुख्यमंत्री व मंडलायुक्त लखनऊ मंडल से किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष की शिकायत के बाद 21 मार्च 2025 को बख्शी तालाब तहसील प्रशासन द्वारा प्रभावशाली प्रॉपर्टी डीलर द्वारा सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध मार्ग पर बुलडोजर चलाकर की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के कुछ ही समय बाद प्रभावशाली प्रॉपर्टी डीलर व भूमिया के चहेते क्षेत्रीय कानून व लेखपाल के द्वारा ध्वस्तीकरण करने वाले उक्त बुलडोजर से ही सरकारी भूमि पर अवैध सड़क को पुनः बनवा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निर्देशों के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन 4 में तैनात अवर व सहायक अभियंताओं की दूषित कार्यप्रणाली के चलते तहसील बख्शी तालाब क्षेत्र की भौली ग्राम पंचायत की भूमि पर अदनान सहकारी गृह निर्माण समिति मुतक्कीपुर द्वारा लखनऊ बिना मानचित्र स्वीकृत कराए गाटा संख्या 1850,51,52 व 1854 तथा 1854स की भूमि पर प्रॉपर्टी डीलर इमरान बेग आदि लोगो द्वारा अवैध प्लाटिंग कर सरकारी जमीन पर बनाए गए मार्ग के मामले में भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश द्वारा मुख्यमंत्री व मंडलायुक्त लखनऊ मंडल को पत्र भेजकर सरकारी जमीन पर सड़क बनाने वाले समाजवादी पार्टी के नेता व प्रभावशाली प्रॉपर्टी डीलर इमरान बेग तथा अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही न करने वाले लखनऊ विकास प्राधिकारण के प्रवर्तन में तैनात अवर व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। विदित हो कि भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश की शिकायत पर तहसील प्रशासन के द्वारा सरकारी जमीन पर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा बनाई गई अवैध सड़क पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने वाले तहसील प्रशासन के वापस होते ही प्रॉपर्टी डीलरों के हिमायती बख्शी तालाब तहसील में तैनात भौली क्षेत्र के लेखपाल व कानूनगो द्वारा उसी बुलडोजर पुनः सड़क को बनवा दी गयी,अब देखना यह है कि नवनियुक्त जिलाधिकारी विशाख जी जोकि भ्रष्टाचार को खत्म करने का दावा करते हैं वह तहसील में प्रॉपर्टी डीलरों व भू-माफियाओं के हिमायती उक्त कानूनगो व लेखपाल पर क्या कार्यवाही करते हैं ?

# ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने किया 270 मीटर नाले का उद्घाटन




स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां।** मोहनलालगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत दयालपुर में ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी के द्वारा जल निकासी की समस्या को देखते हुए क्षेत्र पंचायत निधि के द्वारा 270 मीटर नाले का निर्माण कराया गया जिसका उद्घाटन करने पहुंचे ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी एवं ग्राम प्रधान पति शैलेंद्र कुमार पाल के द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया इस नाले के बन जाने से पानी की समस्या से सभी निवासियों को सुविधा प्रदान हुई जिससे प्रभावित होकर सभी ग्राम वासियों ने ब्लॉक प्रमुख का अभिवादन किया ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने बताया जब से हम सत्ता में आए हैं मोहनलालगंज ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायत में शुद्ध शीतल पीने के पानी के लिए प्रत्येक गांव में आरो सिस्टम नाली नाला इंटरलॉकिंग सहित कई विकास कार्य कराए गए जो ग्राम पंचायत बाकी रह गई है उसका विकास कार्य कराया जा रहा है हमारा प्रयास यही रहेगा ज्यादा से ज्यादा विकास ग्राम पंचायत को मिले इसके लिए सचिव प्रधान बी डी सी से मिलकर कार्यों को कार्य योजना में शामिल किया गया है ताकि सबका साथ सबका विकास के भाव से काम किया जा सके उनके साथ मौजूद ग्राम पंचायत सचिव शशांक शुक्ला अभिषेक शुक्ला विंधेश्वरी करण शुक्ला विनोद साहू राजेश पाण्डेय क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज कुमार कश्यप अनिल अवस्थी ग्राम रोजगार सेवक सुनील कुमार धर्मेंद्र सिंह प्रधान पति शैलेंद्र कुमार पाल सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# स्काई पब्लिक स्कूल में होली व ईद मिलन कार्यक्रम हुआ आयोजित

...... धरा दीक्षित को सांस्कृतिक कार्यक्रम का मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी स्थित स्काई पब्लिक स्कूल ने होली ईद व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया। इस दौरान कालेज के बच्चों ने अभिभावकों व समस्त स्टाफ को गुलाल लगाकर स्वागत किया तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों ने वेलकम गीत गाकर समारोह का आगाज किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक आदित्य सिंह यादव का बच्चों ने गीत गाकर स्वागत किया प्रधानों का भी बच्चों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। बच्चों द्वारा ईद मिलन समारोह का भी कार्यक्रम किया गया जिसमें सबको ईद मुबारक जैसे गीतों को सुना कर बच्चों ने सभी का दिल जीत लिया प्रबंधक आदित्य सिंह यादव ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया प्रधानाचार्य राहुल शुक्ला ने सभी बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि यह बच्चे देश के भविष्य हैं इन्हें हर क्षेत्र में निकलना चाहिए आपस में भाईचारा बना के रखना चाहिए वही अभिभावकों का आभार व्यक्त किया छोटी सी बच्ची धरा दीक्षित द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर प्रबंधक व प्रधानाचार्य द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर प्रियंका सिंह यादव , अर्चना प्रांजला साक्षी दीप्ति आराधना प्रियंका शर्मा सीमा , सुष्मिता , कोमल ,जितेंद्र , समस्त शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।

# सोफा कारीगर के घर में लगी आग से हजारों रुपए का नुकसान

स्वतंत्र प्रभात



**निगोहां।** रविवार शाम निगोहां के एक सोफा कारीगर के घर मे अज्ञात कारणों से आग लग गई आग की लपटें देख परिवारीजनों ने बिजली विभाग को सूचना पर लाइन बन्द कराई और शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने हैंडपंप आदि से आग बुझानी शुरू मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। वही आग से 20 हजार नगदी सहित ईद के लिए आये नए कपड़ों सहित घर की गृहस्थी जलकर राख हो गई। निगोहां गांव के रहने वाले इमरान ने बताया कि रविवार शाम करीब 6 बजे उनके घर मे रखे कपड़े व बिस्तर में अचानक आग लग गई इस पर वह लोग आशका जताई कि कहीं आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से तक नही लगी जिसको लेकर उन लोगों ने निगोहां पावर हाउस में सूचना कर लाइन बन्द कराई और शोर मचाया तो आसपास के काफी लोग दौड़ पड़े हैंडपंप आदि की मदद से आग बुझानी शुरू मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। वही उसके भाई सोफा कारीगर रिजवान की आग से 20 हजार नगदी सहित ईद के लिए आये नए कपड़ों व घर की गृहस्थी जलकर राख हो गई। और कुछ गृहस्थी उसकी भी जलकर राख हो गई जिसमें उन लोगो का काफी नुकसान हो गया ।

# बीएनएसडी पब्लिक स्कूल राजाडीह में परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां सीतापुर।** बीएनएसडी पब्लिक स्कूल, राजाडीह मे परीक्षाफल एवम् पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। समारोह मे नर्सरी से कक्षा सात तक के प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रबंधक व प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि आलोक अवस्थी द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि ने वान्या सिंह कक्षा नर्सरी, जेहरा नूर कक्षा 1, सौम्या वर्मा कक्षा 7 को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरुस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि ने कहा कठिन परिश्रम से सपनो को साकार किया जा सकता है। शिक्षा से ही आगे के रास्ते सुगम होगे। अभिभावकों की जिम्मेदारी बनती है कि वो अपने पाल्यों को समय से स्कूल भेजे और समय पर स्कूल को विजिट जरूर करे अपने बच्चों को मोबाइल फोन आदि से दूर रखे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमर मेहरोत्रा, नमन मेहरोत्रा , राशी मेहरोत्रा व प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं व अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक श्वेता सिंह ने किया। इस अवसर पर नेहा सिंह,तबस्सुम, एकता जौहरी, नंदिनी सिंह, सूरज अवस्थी, प्रताप कुमार आदि रहे। विद्यालय के कॉर्डिनेटर रितिक टंडन द्वारा सभी शिक्षकों, अतिथियों एवम् अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# होली मिलन समारोह में खेली पुष्प वर्षा कर होली

......मुख्य अतिथि मोहनलालगंज के पूर्व सांसद व पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर एवं विधायक अमरेश रावत की मौजूदगी में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह।



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी गांव में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि मोहनलालगंज के पूर्व सांसद व पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर एवं विधायक अमरेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व प्रदेश मंत्री वीरेन्द्र तिवारी की मौजूदगी में किया गया । होली मिलन समारोह के आयोजक समाजसेवी राजेश कुमार जायसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता जायसवाल ने समारोह में आए हुए अतिथियों पर पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत कर पुष्प होली खेली । कार्यक्रम में फगुआरों ने फागुनी गीतों को गायन कर कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को आनंदित कर दिया । होली मिलन समारोह के दौरान मंच के माध्यम से पूर्व सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए भाजपा की उपलब्धियों का गुणगान किया । उन्होंने भाजपा की सरकार को बेहतर सरकार बताते हुए कहा कि पहले लोगों को योजनाओं की जानकारी नहीं होती थी , लेकिन आज भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया । होली मिलन समारोह के दौरान सैकड़ों की तादात में आए हुए लोगों से पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने नशा मुक्त अभियान में साथ देने का संकल्प दिलाया और कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है , हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिए । वहीं होली मिलन समारोह में विधायक अमरेश रावत ने समारोह में आए हुए लोगों को होली की बधाई देते हुए प्रदेश सरकार को बेहतर बताते हुए कहा कि पहले की सरकारों में विकास कार्य दिखाई नहीं देते थे , लेकिन अब भाजपा की सरकार में विकास कार्य दिखाई देते हैं । उन्होंने मंच के माध्यम से सिसेंडी बरवलिया एवं सुल्सामऊ हिल्गी के रामलीला मैदान के सौन्दर्यीकरण की घोषणा करते हुए कार्यक्रम में आए हुए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस दौरान होली मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व प्रदेश मंत्री वीरेन्द्र तिवारी , नगर पंचायत मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पाण्डेय , पत्र कार ऐसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी , महामंत्री अखिलेश द्विवेदी ,भाजपा नेता समाजसेवी नागेश्वर द्विवेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बब्लू , जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुधांशू सिंह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी गरिमा आनन्द ,निगोहां के पूर्व मण्डल अध्यक्ष दीपू बाजपेई ,भसण्डा ग्राम प्रधान ललित शुक्ला , निगोहां ग्राम प्रधान अभय दीक्षित , ग्राम प्रधान सिसेंडी सन्नो जायसवाल , प्रतिनिधि राकेश जायसवाल , सरिता जायसवाल, दिलीप मिश्रा , मान्यता प्राप्त पत्रकार योगेन्द्र तिवारी , वरिष्ठ पत्रकार विजय जायसवाल ,आशीष द्विवेदी ,अनुपम मिश्रा , राघवेन्द्र तिवारी, ऐडवोकेट विष्णु प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी रही ।

# पर्दे के पुख्ता इंतज़ामात के साथ महिलाओं व पुरुषों को सुनाई तरावीह में मुकम्मल क़ुरान

## महिलाओं व पुरुषों को तरावीह की नमाज़ में मुकम्मल क़ुरान सुना कर पेश की नज़ीर, जमकर हो रही सराहना

स्वतंत्र प्रभात



**झरेखापुर सीतापुर।** माहे रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। जो मुस्लिम समाज के लिए बहोत ही महत्वपूर्ण है। इसी महीने में मोहम्मद साहब पर पूरा कुरान अवतरित हुआ है। जिसे मुसलमानों के द्वारा रमज़ान के महीने में इ ईशा की नमाज़ के साथ तरावीह की नमाज़ अदा करते है। जिसे हाफ़िज़ ए कुरान के द्वारा पूरा क़ुरान मुकम्मल सुनाया जाता है। ऐसे में शहर से लेकर गांवों कस्बों आदि में कहीं पांच, कहीं सात तो कहीं दस तो कहीं 15 दिन में घरों, मदरसों व मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ में क़ुरान मुकम्मल कराई जा रही है। वहीं किसी मस्जिद में पूरे माह तरावीह पढ़ाई जा रही है। ऐसे में बहोत ही कम उम्र के हाफिज मोहम्मद हम्माद ने हरगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेलूमऊ के मोतीपुर गांव स्थित अपने घर पर पहली बार महिलाओं व पुरुषों को पर्दे के पुख्ता इंतज़ामात के बाद 21 दिनों में शनिवार को तरावीह की नमाज़ में क़ुरान मुक्कमल करते हुए नज़ीर पेश की है, जिसकी जमकर सराहना की जा रही है। शनिवार की देर शाम तरावीह नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद शुऐब ने कहा कि साल के 11 माह में नेकियो का बदला अल्लाह फरिश्तों से दिलवाता हैं, लेकिन रमजान माह में जो बंदे नेकी करते हैं, उसका बदला अल्लाह अपने बंदों को खुद देता हैं। उन्होंने लोगों से रोजा रखने, कुरान की तिलावत करने व इबादत करने की बात कही। उन्होंने लोगो से रमजान में दिन का रोजा रखने और रात को तरावीह की नमाज का एहतेमाम के साथ पढ़ने की बात कही। वही मौलाना मोहम्मद सुफियान ने तरावीह में क़ुरान मुकम्मल होने के उपरांत मौजूद नमाज़ियों से मुखतिब होते हुए कहा की माहे रमज़ान में हमारे नबी (स.अ.) पर क़ुरान अवतरित हुआ है इस माहे मुबारक़ में तरावीह की नमाज़ में क़ुरान सुन्ना सुन्नत है और तरावीह मुकम्मल होने पर हाफिज के लिए यह इनाम का वक्त होता है जिस तरह महीने भर के रोज़े रखने के बाद अल्लाह तबारक ताला अपने बंदे से खुश होकर इनाम में ईद से नवाज़ता है, उसी तरह एक हाफिज के लिए यह मौका इनाम का होता है। आगे बताते हुए कहा तरावीह में क़ुरान मुकम्मल होने का मतलब यह नही है कि तरावीह की नमाज़ भी मुकम्मल हो गयी। तरावीह की नमाज़ पूरे महीने पढ़ना सुन्नत है आगे भी आप लोग एहतेमाम के साथ पढ़े। इस दौरान मौलाना मोहम्मद सुफियान ने बारगाहे इलाही में हांथ उठा कर सबकी खुशहाली, देश की तरक्की, अमन, चैन, शांति की दुआ मांगी। दुआ के उपरांत मौजूद नमाज़ियों ने हाफिज मोहम्मद हम्माद का जोशो खरोश के साथ स्वागत करते हुए मुसाफा किया और गले मिले। इनामात के रूप में नगदी, कपड़े एवं मिठाईयां दी। इस मौके पर मो0 इशहाक, मो0 उस्मान, अब्दुल रहीम, शाहिद अली, इरफान अहमद, मो0 अख़लाक़ (गुड्डू), मो0 सलमान, मो0 रिजवान, मो0 अशफाक (छोटू), मो0 हमजा, मो0 अरसलान, मो0 अबान नूर, मो0 फ़ैज़, मो0 अज़ान नूर व बच्चे बूढ़े समेत आधा सैकड़ा के करीब महिलाएं मौजूद रही।

# होली मिलन समारोह में समाज का प्रबुद्ध वर्ग हुआ सम्मानित

सौभाग्यम में रिसोर्ट में आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के प्रबुद्ध वर्ग का हुआ समागम

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां/सीतापुर।** बिसवां के सौभाग्यम रिसोर्ट में सेवा भारती व लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के प्रबुद्ध वर्ग से आने वाले पत्रकार,लेखक,वकील व्यवसायी,सरकारी सेवा और राजनीति से जुड़े लोगों का समागम हुआ। सुंदर कांड के संगीतमयी पाठ के उपरांत महिलाओं ने होली के गीतों पर जमकर फूलों की होली खेली। मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने होली मिलन समारोह में आए गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि होली का पावन पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यह एक ऐसा अवसर है जब लोग आपसी दोष और नकारात्मकता को त्याग कर सकारात्मक रिश्तो की नई शुरुआत करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सरसंघचालक राजाराम ने कहा कि होली का त्यौहार हमें एकता का संदेश देता है। जिस तरह से हम सब मिलकर एक साथ रंग खेलते हैं इसी तरह हम सभी को एक साथ मिलकर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद आराध्य शुक्ल ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व व्यवसाई मोहित जायसवाल,मनीष जायसवाल,पीयूष बाजपेई,संदीप मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा,कृत्रिन जायसवाल,प्रवीण श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा,अमित जायसवाल,संतोष मिश्रा, प्रताप भार्गव, राधाकृष्ण दीक्षित, शिवकुमार गुप्ता,आर एन सिंह,मनोज वर्मा, अशोक पुष्प,आशीष गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, राजकुमार जैन,लकी श्रीवास्तव,शिवकुमार पप्पू सिंह चांद मियां जुबेर खान किशन पाल हरीश वर्मा विवेक रस्तोगी, सुनील वर्मा इरफान खान, रसीद खान, शुभम सोनी, सुनीता गौतम शिवकुमार जायसवाल मिश्री लाल गौतम विसपाल राजकुमार राजपूत ,हरेंद्र यादव,रिंकल सरदार, अनिल यादव ,अनुराग पाठक,अतुल त्रिवेदी, राकेश नंद,विशाल गुप्ता,आनंद मिश्रा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा कुल 75 ग्राम स्मैक के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार




**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त रहमान पुत्र अजीमुल्ला निवासी लालगंज मजरे मकदूमपुर कला थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को ग्राम हसनपुर तिवारी के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 35 ग्राम स्मैक बरामद हुआ इसी क्रम में दिनांक 22.03.2025 को उपनिरीक्षक विष्णुपाल वर्मा थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त दिलदार पुत्र नाजिम निवासी भरोसे का पुरवा मजरे शेखपुर भड़रा थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष को ग्राम हसनपुर तिवारी के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुआ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### चित्रकूट में इंडियन वेज नॉन वेज ढाबा का भव्य उद्घाटन



**चित्रकूट।** रविवार को चित्रकूट में एक नई शुरुआत हुई, जब इंडियन वेज नॉन वेज ढाबा का भव्य उद्घाटन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक श्रीवास्तव, अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (युवा प्रकोष्ठ) और शिक्षक विधायक प्रतिनिधि जनपद चित्रकूट उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर ढाबे का उद्घाटन किया और ढाबे की सफलता की शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में ढाबे के मालिक प्रो. रविकांत श्रीवास्तव को भी मंगलकामनाएं और प्रतिष्ठा की प्रगति की शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्षेत्र के गणमान्य लोग और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रमाशंकर श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, विजय निगम, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, सीमा निगम, श्रेया श्रीवास्तव, बृजमोहन लाल श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, हरिमोहन राय, अवनीश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, नवनीत निगम, अमरीश श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, भूपेंद्र श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव सहित कई अन्य सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

महिलाओं में विनीता खरे, वन्दना श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, अभिलाषा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, पुष्पा निगम, रंजना निगम, बृजेश पिंकी निगम, संजू निगम, अनिल श्रीवास्तव, डॉ. सुनील श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव और आलोक श्रीवास्तव का भी समारोह में सक्रिय रूप से योगदान रहा। इंडियन वेज नॉन वेज ढाबा के उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्रवासियों ने इसे एक नई पहचान दी और उम्मीद जताई कि यह ढाबा यहां के लोगों के लिए एक आदर्श स्थल बनेगा, जहां वे स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। ढाबा के मालिक प्रो. रविकांत श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए आने वाले समय में ढाबे की सर्वश्रेष्ठ सेवाएं देने का वादा किया। इस भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी और यह संकल्प लिया कि इस ढाबे के माध्यम से क्षेत्र की संस्कृति और खानपान को एक नई दिशा दी जाएगी।

### गोपाल नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**कानपुर।** गोपाल नगर वार्ड 46 के अंतर्गत अक्षर स्कूल के पास सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ।आयोजक शिव प्रसाद कश्यप (रिटायर्ड शिक्षक)पत्नी सरोज कश्यप ने बताया आचार्य पंडित श्री विकास शुक्ला श्रीमद् भागवत कथा व्यास शिरोमणि (काशी) जी द्वारा यह कथा बीते 22 मार्च2025 से शुरू होकर 29मार्च को भंडारे के साथ समाप्त होगी। क्षेत्र के सभी लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि सभी लोग भागवत कथा में सम्मिलित होकर अपने चरणों की रज देने की कृपा करें, कार्यक्रम के मुख्य कार्यकर्ता मनोज कश्यप, नीरज कश्यप, मनीष कश्यप, अजय कश्यप, मोहित कश्यप, रमाकांत कश्यप, राम गोपाल कश्यप, महेश वर्मा, प्रमोद वर्मा, विपिन कश्यप, अनुराग कश्यप, अभिषेक कश्यप, एवं क्षेत्र के लोगों ने भी इस भागवत कथा में अपनी सेवा दे रहे हैं।

# व्यसन मुक्ति संस्कार के साथ लघु अश्वमेध यज्ञ की हुई पूर्णाहुति

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** बीते करीब डेढ़ साल से राष्ट्र जागरण दो सौ इक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ पांच दिनों के भव्य यज्ञीय कार्यक्रमों के साथ विविध संस्कारों के बीच संपन्न हुई। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में अमेठी के जन जन के योगदान के बीच पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर ,रायबरेली,प्रतापगढ़ के साथ प्रदेश के विविध हिस्सों से आए समय दानी एवं श्रम दानी गायत्री परिजनों की भी अहम भूमिका रही। शनिवार देर शाम तक चले कार्यक्रमों के साथ विराट यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ।अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में बीते अठारह मार्च से चल रही रहे राष्ट्रीय जागरण दो सौ इक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ का सफल समापन शनिवार देर शाम संपन्न हुआ। एक लंबे समय से गायत्री परिवार अमेठी के जन जन को जोड़ने जागरूक करने में लगा था । जन जागरण में गायत्री परिवार में बीते डेढ़ सालों में करीब सौ से अधिक व्यसन मुक्ति रैली, पौधरोपण, मां की संस्कारशाला एवं जन जागरण के अनेकों कार्यक्रमों के साथ साथ-साथ लगभग सौ चरणों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ भी कराए । गायत्री परिवार की इन्हीं गतिविधियों का परिणाम रहा कि बीते अठारह तारीख को दस हजार की संख्या में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर भव्य कलश यात्रा में अपने जयकारे लगाए। यही नहीं हर रोज सुबह सात बजे से दोपहर तक चलने वाले यज्ञ कार्यक्रम का भी हिस्सा बने । क्षेत्र की बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित लोग भी यज्ञ स्थल पर पहुंचकर दिन रात एक करके अपना श्रमदान,समय दान ,अंश दान,अन्न दान करते रहे। शनिवार सुबह हर रोज की तरह यज्ञशाला में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हवन पूजन किया। हवन के बाद गुरुदीक्षा के साथ विविध संस्कार भी सम्पन्न हुए। कार्यक्रम की सफलता में लगे कार्यकर्ताओं ,श्रम दानियों ,समय दानी लोगों को शांतिकुंज प्रतिनिधि नरेंद्र ठाकुर के साथ जिला समन्वयक एवं व्यवस्थापक डॉ त्रिवेणी सिंह ने सम्मानित किया।शनिवार को सुबह सबसे पहले डा0 चिन्मय पण्डया ने गायत्री शक्तिपीठ पर दर्शन पूजन किया।

डा0 चिन्मय पंडया के यज्ञ स्थल पहुँचने पर बेटियों ने हाथों में नशामुक्ति की तख्तियां लेकर अमेठी को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। यज्ञशाला में बतौर मुख्य अतिथि देव संस्कृति विश्व विद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पांड्या ने उपस्थित जन समूह को यज्ञ से होने वाले दैवीय वातावरण विकसित होने के साथ पर्यावरण में भी होने वाले सकारात्मक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। शनिवार सुबह पहुंचे सांसद अमेठी किशोरी लाल, देव मणि तिवारी , विधायक अमेठी महाराजी देवी का पुष्प वर्षा और मंगल कामना के साथ डॉ चिन्मय पांड्या ने स्वागत कर माल्यार्पण किया।देव पूजन में विधायक अमेठी महाराजी, अनुराग प्रजापति,अरुण प्रजापति के साथ डॉ अभिनय प्रताप सिंह,सतीश शुक्ल के साथ अनेकों विशिष्ट लोग शामिल हुए। जिला युवा समन्वयक डॉ प्रवीण सिंह दीपक ने कहा कि ये समापन नहीं बल्कि अमेठी में नए युग का आगाज है,अब अमेठी बदलने के लिए तैयार खड़ी है,अमेठी अब नशा मुक्त होगी, विचारों में सकारात्मक बदलाव दिखेगा। शुक्रवार को मीडिया से पहुंचे संपादक अशोक सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला, अरविंद श्रीवास्तव ,रमन पाण्डेय के साथ डॉ रमेश ओझा , अरविंद सिंह आदि ने भी यज्ञ किया। मीडिया सेल प्रभारी डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने अमेठी में जन जागरूकता के अहम अंग पत्रकार साथियों को इस दैवीय कार्य में सहभागिता और उनकी लेखनी,वाणी के योगदान की सराहना की।इस मौके पर राज करन सिंह, सुभाष द्विवेदी,राधेश्याम तिवारी के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# मानव कल्याण समिति का होली मिलन समारोह आयोजित, नागरिक सम्मान एवं फांग गायन






**● होली मिलन का उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना- शिवबरन वर्मा, नेता जी**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित बाबा बाल्हेश्वर महादेव धाम में रविवार को श्री मानव कल्याण समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया और पारंपरिक फाग गायन की प्रस्तुति हुई। समिति के पदाधिकारी शिवबरन वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना है। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में रंग-गुलाल उड़ाकर होली के रंगों का आनंद लिया गया। भजन और लोकगीतों के माध्यम से लोगों ने होली की खुशियों को साझा किया। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर पंडित झिलमिल जी महराज, शिवबरन वर्मा, विनय त्रिवेदी, एडवोकेट रणजीत यादव, एडवोकेट, राधाकृष्ण यादव, अजय वर्मा, मनोज वर्मा, देवी यादव, ज्ञानेंद्र यादव, धर्मेन्द्र साहू, विकल्प पांडेय, भानू यादव, कमल कुमार, जितेन्द्र यादव, अनुज सोनी, राजाराम पासवान, रामदीन गौड़, आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने पूजन अर्चन,वृद्धाश्रम में फल वितरण, केक काट करके मनाया दीदी स्मृति इरानी का 49 वाँ जन्मदिन



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले भर में मंदिरों पर हवन पूजन कर केक काटकर बच्चों के बीच में शिक्षण सामग्री वितरित कर विभिन्न प्रकार से पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद सांसद दीदी स्मृति इरानी का 49 वाँ जन्मदिन मनाया और स्वस्थ जीवन और दीर्घायु होने की कामना की। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने कालिकन धाम में पूजन अर्चन कर दीदी स्मृति इरानी के स्वस्थ्य यशस्वी व दीर्घायु होने की कामना की तथा निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र के साथ गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल वितरण किया व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह द्वारा आयोजित सुंदरकांड कार्यक्रम में प्रतिभाग किया इस दौरान मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र, सौरभ पांडे अमरेंद्र सिंह पिंटू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे गौरीगंज के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में केक काटकर जन्मदिन मनाया वहीं शाहगढ़ के मंडल अध्यक्ष काशी मिश्र के नेतृत्व में दुर्गन भवानी धाम समशेरिया में पूजन अर्चन व प्रसाद वितरण कर केंद्रीय मंत्री के दीर्घायु होने की कामना की।मुसाफिरखाना में कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष गोपाल कौशल के नेतृत्व में गायत्री मंदिर व पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्र के नेतृत्व में देवी हिंगलाज मंदिर पर हवन पूजन किया इस दौरान मुख्य रूप से जिलामंत्री प्रभात शुक्ल अतुल सिंह राधेश्याम शुक्ल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे वहीं जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र ने दीदी का जन्मदिवस बच्चों को चॉकलेट व शिक्षण सामग्री देकर मनाया इस दौरान बच्चों में अपार उत्साह रहा।तिलोई में मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अहोरवा भवानी में दर्शन पूजन किया बहादुरपुर में मनोज जायसवाल जिला महामंत्री भागीरथी मौर्य मंडल अध्यक्ष सहित सभी प्रमुख उपस्थित रहे जगदीशपुर में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती उपमा सरोज एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह ने मंदिर में पूजन अर्चन किया महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा वाजपेई ने केक कट करके दीदी का जन्मदिन मनाया इसी प्रकार जनपद में सभी कार्यकर्ताओं ने दीदी के दीर्घायु व यशस्वी होने की कामना की सिंहपुर मंडल में पंकज अवस्थी के नेतृत्व में दीदी का जन्मदिवस मनायाइस दौरान पूरे जनपद के समस्त मंडलों में जन्मदिवस कार्यक्रमों की धूम रही भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने इस दौरान बताया कि दीदी ने अमेठी के लोगों के दिल में रिश्ता बना लिया है दीदी सदैव अमेठी के लोगों के प्रति संवेदनशील रहती है और अमेठी के लिए चिंतित रहती है।

# जनता की सेवा मेरा धर्म, अमेठी की सेवा मेरा सौभाग्य सांसद किशोरी लाल शर्मा

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन, 23 मार्च 2025 (रविवार), को सुबह 10 बजे गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने जरूरतमंदों, अटेवा प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।लगभग एक दर्जन लोग इलाज के लिए सांसद जी से मदद मांगने पहुंचे, जिनकी सहायता के लिए उन्होंने तत्परता दिखाई। सहायता प्राप्त करने वालों ने सांसद को धन्यवाद ज्ञापित किया, जिस पर उन्होंने कहा, "यह मदद नहीं, मेरा धर्म है। अमेठी की जनता की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।" इसके बाद 11:30 बजे कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, और न्याय पंचायत अध्यक्षों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल और विधानसभा प्रभारियों की अगुवाई में आयोजित इस बैठक में सांसद किशोरी लाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने अपनी पुनर्नियुक्ति पर सांसद जी के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिस तरह पिछले 5 वर्षों में सभी ने सेवा, समर्पण और अथक प्रयासों से पार्टी और संगठन की सेवा की, उसी तरह आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पांचों विधानसभाओं में विजय दिलाने के लिए समर्पित रहना होगा।उन्होंने कहा कि ÷माननीय सांसद जी के मार्गदर्शन में रहकर हम सब मिलकर अमेठी का सम्मान वापस लाएंगे और विधानसभा चुनावों में जीत का परचम लहराएंगे।÷संगठन पुनर्गठन को लेकर उन्होंने कहा कि हर स्तर पर योग्य कार्यकर्ताओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल



शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "पार्टी में संगठन सर्वोपरि है। जो संगठन का महत्व नहीं समझता और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करता, उसे पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं है।" उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता पूर्वक निभाने की हिदायत दी।सांसद ने कहा कि विकास कार्यों की योजना पार्टी संगठन पदाधिकारियों की सहमति से बनाई जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे जनता की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों के प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

बैठक के दौरान दिलीप तिवारी, कन्हैया लाल, महेश तिवारी, पवन दुबे, बृजेश, और राम प्रताप सहित कई पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव सांसद के समक्ष रखे।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि बैठक में राजेश श्रीवास्तव, मतीन, वीरेंद्र मिश्रा, धर्मराज बहेलिया, सर्वेश सिंह, सुनील सिंह, राम बरन कश्यप, सुमित तिवारी (जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय छात्र संगठन) सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शत्रुघ्न सिंह ने किया।

### भाजपा कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई



**टूण्डला- 23 मार्च 2025** दिन रविवार एटा रोड टूण्डला स्थित भारतीय जनता पार्टी कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमें वीर शिरोमणि महाराणा सांगा जिनके शौर्य की गाथा राजस्थान की मिट्टी के कण कण से ही नहीं बल्कि पूरी भारत भूमि के कण कण से सुनाई देती है। जिनकी वीरता की कहानी सुनकर भारत के बच्चे बड़े हुए। 80 घाव खाकर भी देश के लिए लड़ने वाले देशभक्त योद्धा के लिए कहा गया ÷गद्दार÷ शब्द न सिर्फ महाराणा सांगा और राजस्थान बल्कि देश के शौर्य और बलिदान का भी अपमान है। सपा सांसद का यह बयान शर्मनाक और निंदनीय है उन्हें देश की वीरता को कलंकित करने वाले इन कटु शब्दों के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के विचारों का व उनके नेताओं का विरोध करते-करते भारत देश की संस्कृति का विरोध करने लग गई है और ऐसा शर्मनाक कृत्य करने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती है यह अति निंदनीय है और भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व उपस्थित कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के नेता की घोर निंदा करते हुए उनको अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए माफी मांगने की अपील की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, पूर्व जिला संयोजक शिव शंकर शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन, देवांशु भारद्वाज, जुबीन भारद्वाज, गौरव सिसोदिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# त्रिपुला चौराहे पर हुआ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली।** आज दिनांक 22 3.2025 को श्री गणेश पैराडाइज होटल निकट त्रिपुला चौराहा रायबरेली में भारतीय तैलीक साहू राठौर महासभा रायबरेली द्वारा विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश राठौर गुरुजी राज्य मंत्री नगर विकास, रमाशंकर साहू राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य ,महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सरला साहू अध्यक्ष नगर पंचायत महराजगंज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं गायत्री मंत्र उच्चारित शंख ध्वनि के साथ शुभारंभ किया गया। आपको बता दें कि,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश राठौर ने होली मिलन के अवसर पर लोगों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी, तथा आपस में मिलजुल कर तथा आपसी प्रेम, सौहार्द बनाए रखने के लिए बताया तथा समाज में व्याप्त ईर्ष्या को खत्म करके एक दूसरे को सहयोग देने के लिए कहा। पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू ने राजनीति में भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया और कहा कि, जब तक समाज के लोग इस पर ध्यान नहीं देंगे तब तक हम सभी लोग आगे नहीं बढ़ पाएंगे। प्रभात साहू ने समाज के बच्चों को पढ़ने एवं अच्छे संस्कार देने के लिए लोगों से अपील की और कहा कि समाज को आगे बढ़ाना है तो बगैर शिक्षा और संस्कार के नहीं हो सकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष महराजगंज सरला साहू ने बालिका शिक्षा पर बल दिया और कहा कि बगैर महिलाओं के शिक्षित हुए हम अच्छे समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं।अर्चना साहू ने महिलाओं की राजनीति में भागीदारी की बात कही। संतोष साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज ने आए हुए मुख्य अतिथियों तथा पूरे जिले से आए हुए माताओ, बहनों, एवंभाइयों का आभार व्यक्त किया। तथा होली की बधाइयां तथा शुभकामनाएं दी, और समाज को एकत्रित रखने के लिए संदेश दिया। जिला महामंत्री हरिशंकर साहू ने आपसी भाईचारा प्रेम पर प्रकाश डाला। प्रतापगढ़ से आए मुन्नालाल साहू ने एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ लड़ने पर बात कही। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा कलाकारों द्वारा होली नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी को जलपान व भोजन कराया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम में रमेश साहू, सुशील साहू, सतीश साहू , बालि कुमार साहू, बी डी साहू, हरिशंकर साहू, सुरेश साहू, रोहित साहू, ओमप्रकाश साहू, सुरेश गुप्ता, वीरेंद्र साहू गिरीश साहू, सत्यवती साहू, आदि हजारों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भागवत कथा के पांचवें दिन पूतना वध व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर भाव विभोर हो उठे श्रोता

स्वतंत्र प्रभात



**रायबरेली।** गुरबक्श गंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बींझे गांव में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन हो रहा है। आपको बता दें कि, ग्राम सभा बींझे में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को सिधौना अमांवा से आई कथा व्यास संध्या भरद्वाज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों का व्याख्यान करते हुए बताया कि, गोकुल में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया भगवान जब 7 दिन के थे तब उन्होंने पूतना का वध कर दिया। भगवान ने कंस द्वारा भेजे गए सभी राक्षसों का वध कर दिया। भगवान गोकुल में माखन चुराते हैं और वहां पर वीणु वादन लीला करते हैं भगवान गोकुल छोड़कर वृंदावन निवास करने लगते हैं। कथा व्यास ने श्री कृष्ण लीला एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों पर कथा कहते हुए पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस मौके पर यज्ञशाला के प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, अरुण कुमार त्रिपाठी, आनंद मिश्रा, यजमान विश्वनाथ सिंह सपत्नीक सुशीला सिंह, सहित करुणा नाथ सिंह, रणविजय सिंह, पारसनाथ सिंह, योगेंद्र नाथ सिंह, सतीश नाथ सिंह, गजेंद्र नाथ सिंह, त्रिभुवन नाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, वीरेंद्र नाथ सिंह, विभू सिंह, औतंश नाथ सिंह, दीपांशू सिंह, हिमांशू सिंह, जितेंद्र सिंह, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# योगाचार्य ने बताए स्मरण शक्ति विकासक क्रिया के लाभ

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला मुख्यालय के कुबेरगंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि असंतुलित खान-पान, अनियमित दिनचर्या, मोबाइल व कंप्यूटर में लगातार काम करने पर हम इनसे उत्पन्न रेडिएशन के बीच ज्यादा समय तक होते हैं जिससे हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है साथ ही ज्ञान और सूचनाओं को संग्रहीत करने की क्षमता भी कम हो जाती है। बताया कि स्मरण शक्ति विकासक क्रिया से हम अपनी याददाश्त बढ़ा सकते है।

योगाचार्य ने बताया कि स्मरण शक्ति के कम होने का मुख्य कारण शिखा मंडल से तालु अर्थात ब्रह्मरंध्र के बीच कफकी विषमता होना होता है। स्मरण शक्ति कमजोर पड़ने से पागलपन, भ्रांति, उन्माद, चिड़चिड़ाहट, क्रोध, लोभ, मोह और स्मृति भ्रम उत्पन्न होने लगते हैं। स्मृति भ्रम से बुद्धि का नाश हो जाता है। यह समस्या सभी आयु वर्ग के लोगों को हो सकती है। यदि संतुलित खानपान, साफसुथरा रहन-सहन और सकारात्मक सोच के साथ स्मरण शक्ति विकासक क्रिया की जाए तो मस्तिष्क की थकान दूर होती है तथा स्मरण स्थल कफविकार से मुक्त हो जाता है। चित्त की मूढ, क्षिप्त और विक्षिप्त अवस्था परिवर्तित होकर एकाग्र और निरुद्ध अवस्था में पहुंच जाती है तथा मानसिक और स्मरण शक्ति तीव्र होने लगती हैं। मस्तिष्क में ताजगी का अनुभव होने लगता है। योगाचार्य ने बताया कि इसे करने के लिए शारीरिक स्थिति साम्यावस्था में एडी पंजा मिलाते हैं, दोनों हाथ बाजू में करतल पृष्ठ अंदर की ओर, रीढ़-गर्दन सीधा रखते हुए दृष्टि पैरों से साढ़े चार फीट आगे



जमीन पर रखते हैं, ध्यान तालु पर या ब्रह्मरंध्र पर रखते हैं, आंखें खुली रहती हैं। 20 से 25 बार लोहार की धौकनी की तरह सीने से श्वासोच्छ्वास करते हैं। दृष्टि सीधी करके आंखें बंद कर लेते हैं और इस क्रिया से हुए सकारात्मक परिवर्तनों का अनुभव करते हैं। सावधानी के लिए उच्च रक्तचाप की दशा में श्वसन क्रिया धीरे-धीरे करनी चाहिए।

# कायस्थ समाज के सम्मेलन में सामाजिक समरसता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** कायस्थ समाज के तत्वाधान में 23 मार्च को आयोजित कायस्थ समागम में समाज के लोगों ने सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। इस आयोजन के माध्यम से समाज ने एकजुटता और सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इस विशेष अवसर पर 22 मार्च से कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ की शुरुआत की गई थी, जो 23 मार्च तक चलता रहा। इसके बाद महाआरती, सामूहिक हवन और भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन में प्रमुख समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। विजय प्रकाश श्रीवास्तव, आनन्द कुमार श्रीवास्तव, अनूप सक्सेना (भोपाल), प्रवीन सक्सेना (भोपाल), विवेक श्रीवास्तव (अध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ) और जनपद चित्रकूट के वरिष्ठ समाजसेवी राव प्रबल प्रताप श्रीवास्तव को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें रमाशंकर श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, विजय निगम, डॉक्टर सुनीता श्रीवास्तव, सीमा निगम, श्रेया श्रीवास्तव, बृजमोहन लाल श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, हरिमोहन राय, अवनीश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, नवनीत निगम, अमरीश श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, भूपेंद्र श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव और कई अन्य सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विनीता खरे, वन्दना श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, अभिलाषा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, पुष्पा निगम, रंजना निगम, बृजेश पिंकी निगम, संजू निगम, अनिल श्रीवास्तव, डॉ. सुनील श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव कर्वी, प्रदीप निगम, राजेन्द्र खरे, आनन्द शंकर खरे, धनन्जय श्रीवास्तव, पवन खरे, राजू सक्सेना, उमेश निगम समेत कई अन्य लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आनंद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में डॉ. डी. के. निगम, दीपक निगम, संतोष श्रीवास्तव, अनुपम



खरे, सुभाष श्रीवास्तव, राजीव अर्गल, पुनीत श्रीवास्तव, सतीश निगम, अरविंद निगम, आदेश सक्सेना, प्रदीप श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष राज श्रीवास्तव, सुधीर निगम, सुमित श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव जैसे समाजसेवी युवाओं द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। समाज के इन युवाओं ने समाज को एकजुट रखने और समाज की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जो प्रयास किए हैं, वह काबिले-ए-तारीफ हैं। इस अवसर पर बी.बी. श्रीवास्तव, जीतेन्द्र कुमार और जय श्रीवास्तव को भी उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक खरे ने किया, जबकि विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस सम्मेलन ने कायस्थ समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को और प्रगाढ़ किया और समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाई।

# विश्व हिंदू महासंघ ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**● मातृ शक्तियों को किया गया सम्मानित**

**होली के पारम्परिक गीतों पर जमकर थिरकी महिलाएं**

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** विश्व हिंदू महासंघ की ओर से रविवार को गंगा जी रोड स्थित ब्रह्मचर्य स्कूल में बड़े धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। समारोह की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष रवी सिंह ने कहा कि समाज को संगठित और एकजुट रहना बहुत जरूरी है। होली का त्योहार केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने समाज में एकता और सद्भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की संयोजक साधना सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनकर सभी क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। कहा कि महिला एकता का परिचय देते हुए समाज को गौरवान्वित करते हुए हमेशा उन्नति करें और अग्रसर रहें। जिला प्रभारी ज्योति सिंह ने कहा कि पुरुष प्रधान देश में आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक कार्य एवं दायित्व के साथ राष्ट्र की प्रगति में अपना सहयोग दे रही हैं। पत्रकार अरविन्द रघुवंशी ने कहा कि पहली बार महिलाओं के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। अगले वर्ष से इसे भव्य रूप से मनाया जाएगा।



इस दौरान बड़ी संख्या में कामकाजी एवं गृहणी महिलाओं द्वारा एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर एवं पारंपरिक होली गीत पर जमकर नृत्य करते हुए हर्ष एवं आनंद का वातावरण बनाया और जमकर होली का आनंद उठाया। इस दौरान संगठन के द्वारा होली मिलन समारोह उपस्थित सभी लोगों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासंघ के संभाग प्रभारी नत्थू पांडेय, संरक्षक प्रदीप शुक्ला, विपिन सिंह, प्रमेन्द्र सिंह टिवंकल, प्रियांशू मिश्रा, तृप्ति तिवारी, प्रगति सिंह, खुशबू सिंह, शगुन, गीता सिंह, प्रियंक साहू सहित बड़ी संख्या मातृ शक्तियां मौजूद रहीं।

# सपा ने शहर की परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ए.सी.पी कोतवाली को सौंपकर शहर की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में सपा ने कहा है कि कानपुर महानगर में ला इन आर्डर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है लूट, हत्या,बलात्कार,अपहरण, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पुलिस प्रशासन अपराध रोकने में असफल हो गया है। इस कारण महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। बढ़ते अपराध से शहर की जनता के अन्दर भय का वातावरण बना हुआ है। महिलाओ एवं छोटी बच्चियों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

बिजली कटौती के संबंध में लिखा है कि इस समय रमजान का पवित्र महीना चल रहा रहा है। है। तथा नवरात्रि का त्यौहार भी नजदीक है लेकिन शहर से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। कानपुर महानगर की सड़कों का भी बहुत बुरा हाल है पूरे शहर की सड़कें उखड़ी पड़ी हैं सड़को पर गहरे गहरे गड्ढे हो गये है दो पहिया वाहन गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं सड़कों का निर्माण अविलम्ब निर्माण हो। शहर में गन्दगी की तरफ ध्यान भी ज्ञापन में दिलाया गया है और लिखा है कि गंदगी से बीमारियां बढ़ रहीं हैं। शहर में सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम की है ट्रैफिक पुलिस की नाकामी के कारण शहर के हर ओर चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। ज्ञापन देने वालो मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, रजत मिश्रा, शादाब आलम, दीपक खोटे, रोहित बाल्मिक, धीरज यादव, कैफी, फैजान, शाहिल वाल्मिक आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने कानपुर में चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन व कन्वेंशन सेंटर देखा





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर पहुंचे कानपुर पहुंच कर उन्होंने चुन्नीगंज स्थित कन्वेंशन सेंटर तथा तथा प्रस्तावित चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री वहां 25 मिनट तक रुके। कन्वेंशन सेंटर में मंडलायुक्त विजयेंद्र पांडियन ने मुख्यमंत्री को कन्वेंशन सेंटर के निर्माण और उसके प्रयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी। करीब दस मिनट तक कन्वेंशन सेंटर में रुकने के बाद मुख्यमंत्री चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने कानपुर मेट्रो के अधिकारियों से संचालन के संबंध में जानकारी ली। तथा उसके स्टार्ट होने की संभावनाओं के विषय में जाना। दरअसल कानपुर मेट्रो का यह एक महत्वपूर्ण रुट है जिससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा। चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर 12 मिनट रुकने के बाद मुख्यमंत्री सीधे सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सलाहकार अवनीश अवस्थी अन्य अधिकारी विधायक व सांसद मौजूद रहे।

# जनसुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- योगी आदित्यनाथ





● -विकास की नीतियां प्रभावी रूप से लागू करने हेतु कृत संकल्पित

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** मुख्यमंत्री उ0 प्र0 योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कानपुर मंडल की विकास योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक दिनांक 23 मार्च 2025 को नवीन सभागार, सरसैया घाट, कानपुर नगर में संपन्न हुई। बैठक में कानपुर मण्डल के सांसद, विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कानपुर नगर में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की एवं महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने बिठूर महोत्सव में प्रतिभाग किया तथा चुन्नीगंज स्थित मेट्रो स्टेशन एवं कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण कर कानपुर की विकास योजनाओं को गति देने पर बल दिया। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर प्रदेश सरकार की सुरक्षा एवं विकास नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु कृत संकल्पित है एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है।

# सपा महानगर ने मनाई डॉ लोहिया की 135 वीं जयंती

## सभी सपा नेताओं ने डॉ लोहिया को अर्पित की श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** समाजवादी आंदोलन के महानायक महान समाजवादी चिंतक समाजवादी पुरोधा महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की 135वीं जयंती पर आज सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। विचार गोष्ठी का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया कहते थे कि लोग मेरी बात सुनेंगे जरूर लेकिन मेरे मरने के बाद डॉक्टर लोहिया कहते थे कि जिंदा कौमें 5 साल इंतजार नहीं करती हैं डॉक्टर लोहिया की दाम बांधो हिमालय बचाओ नर नारी समानता अंग्रेजी हटाओ भारत पाक महासंघ आदि नीतियां आज भी प्रासंगिक है।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने पीडीए का मुद्दा आगे बढ़कर डॉ राम मनोहर लोहिया के सपनों को साकार किया है दाम बाधों महंगाई हटाओ अंग्रेजी हटाओ अभियान चला कर देश में परिवर्तन का संदेश दिया था डॉ लोहिया की सप्त क्रांति भाषा नीति तथा संस्कारो से आगे बढ़ना है डॉक्टर लोहिया के सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए दवा शिक्षा मुफ्त में लागू करने के



महत्व के साथ परिवर्तन करना होगा श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू आनंद शुक्ला सत्यनारायण गहरवार फखरे आलम अंसारी रजत मिश्रा दीपक खोटे शादाब आलम अरमान खान के के मिश्रा मनोज चौरसिया श्यामा चरण वर्मा मुमताज मसूरी हाजी यूनुस बदरे आसिफ कादरी अमित चौरसिया शादाब खान शेषनाथ यादव हरभजन यादव चंदन बादशाह सुनील यादव उमाकांत रोहित वाल्मीकि प्रवीण मिश्रा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 8वें नॉर्थ ईस्ट युवा महोत्सव से लौटे प्रतिभागियों का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**बदलापुर जौनपुर।** गंगटोक, सिक्किम में आयोजित 8वें नॉर्थ - ईस्ट युवा महोत्सव 2025 में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करके पुनः सल्तनत बहादुर महाविद्यालय पहुंचने पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुमताज़ अहमद अंसारी तथा स्वयंसेविका श्रेया मौर्य और काजल उपाध्याय का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करके वापस आयी श्रेया मौर्य और काजल उपाध्याय तथा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की नेतृत्व करके लौटे डॉ. मुमताज अंसारी के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ रही थी। प्रतिभागियों के महाविद्यालय पहुंचने की सूचना पर बृजमोहन गुप्ता (पूर्व प्रतिनिधि राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश) के नेतृत्व में



दर्जनों स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय पहुंच कर प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान डॉ. अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर एक साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का नेतृत्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। बृजमोहन गुप्ता ने कहा कि मिनी भारत के मंच पर पहुंचना युवाओं के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ तमन्ना नाज, सूरज कुमार मौर्या, दिव्यांशु यादव, शिवम मौर्या, गौरव जायसवाल, शुभम आदि मौजूद रहे।

# जिन्होंने कानपुर को बर्बाद किया उन्होंने देश को कितना लूटा होगा- योगी आदित्यनाथ

● -दो - तीन माह में कानपुर रेडीमेड गारमेण्ट का बहुत बड़ा हब बनेगा

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर के दौरे पर थे और यहां उन्होंने कम से कम छै घंटे व्यतीत किए। बिठूर महोत्सव के समापन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सोचिए जिन्होंने कानपुर को बर्बाद किया उन्होंने देश के साथ क्या किया होगा। बिठूर महोत्सव के मंच से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर पौराणिक काल से लेकर अर्वाचीन काल तक नये भारत के निमार्ण की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए यही कानपुर मां गंगा के सानिध्य में अब आगे बढ़



रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी देश का मैनचेस्टर कहलाने वाला कानपुर की गिनती देश के चार बड़े महानगरों में होती थी।

विपक्ष पर आरोप मढ़ते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर टैक्सटाइल्स इंडस्ट्री के लिए देश भर में जाना जाता था। लेकिन इन लोगों ने कानपुर के उद्योग बंद करा दिये, कानपुर वीरान हो गया। इंडस्ट्रीज चलीं गईं। सोचिए जिन लोगों ने कानपुर को बर्बाद किया उन्होंने देश को किस क़दर लूटा होगा। आज कानपुर वीरान है, हर जगह लाचारी है। इन लोगों ने देश



के संसाधनों में लूट मचाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम फिर से कानपुर में औद्योगिक वातावरण तैयार कर रहे हैं। डिफेंस कोरिडोर चालू हो रहा है, कानपुर को टैक्सटाइल्स हब बनाने जा रहे हैं। दो-तीन माह में कानपुर रेडीमेड गारमेण्ट का बहुत बड़ा हब होगा। हमने कानपुर अच्छी एयर कनेक्टिविटी दी है, आउटर रिंग रोड का काम हो रहा है। लखनऊ कानपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे हो य गंगा एक्सप्रेस वे सभी कानपुर के विकास में सहायक हो रहे हैं।

# शहीद भगत सिंह से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में काम करे युवा - धनंजय सिंह

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर!** शहीद - ए - आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीद दिवस पर रविवार को राष्ट्रवादी नौजवान सभा के संस्थापक पूर्व सांसद धनंजय सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सब्जी मंडी स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में जाकर शहीद भगत सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके शहादत को याद किया। वृद्धा आश्रम में जाकर लोगो का हाल जाना और भोजन कराया। शहर के उत्सव मोटल होटल के सभागार भवन में आयोजित श्रद्धांजलि को संबोधित करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे बीर सपूतों के बलिदान से ही हमे आजादी मिली है। स्वतंत्रता संग्राम में आप तीनों लोगों ने जो महत्वपूर्ण योगदान दिया उसको युगों युगों तक लोग याद रखेंगे।

पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि मेरे विपत्ति के समय में जौनपुर के लोगो ने जो मदद किया उसके लिए मै उनके इस ऋण से कभी भी उऋण नहीं हो सकता। राष्ट्रवादी नौजवान सभा ने लोग शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज व देशहित में अच्छा काम कर करे। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश के नौजवानों को अगर किसी ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया तो वो है बलिदानी भगत सिंह। इतनी कम उम्र में समाज में नौजवानों पर इतना गहरा प्रभाव डालने वाला दूसरा कोई और क्रान्तिकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों को बहुत अवसर मिला लेकिन इतने कम समय में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने नौजवानों में जो छाप छोड़ी वह अतुलनीय है। कहा कि भगत सिंह का जीवन युवाओं में जोश भरने व प्रेरणा पैदा करने का काम किया। पूर्व सांसद ने कहा कि राष्ट्रवादी नौजवान सभा कोई राजनीति संगठन नहीं है। इसमें सभी का स्वागत है। कहा कि विभिन्न दलों में आप विभिन्न विचारधाराओं से राजनीतिक करिए कोई रोक नहीं है, लेकिन उद्देश्य समाज में एकजुट कर राष्ट्रहित में काम करना होना चाहिए।



कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न गांव से आए पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। प्रारंभ में अतिथियों ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। अपर्णा शुक्ला ने देशभक्ति गीत से सभी को रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर शैलेश ठाकुर, पूर्व सूबेदार मेजर डा. राजेश, ओम प्रकाश सिंह, शिवेंद्र सिंह, अशोक सिंह, गौरव सिंह मोनू ब्लॉक प्रमुख मार्टिनगंज गौरव सिंह मोनू, अमित सिंह टाटा, डॉ अब्बासी, प्रमोद शुक्ला, राणा सिंह, रामचरित्श्रतर निषाद, अवधेश निषाद आलोक जायसवाल, राजेन्द्र सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन अनिल अस्थाना ने किया।

# ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल में अंकपत्र एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज, जौनपुर।** नगर स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल में अंकपत्र एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ रुचि मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्कूल की प्रशंसा की और कहा कि स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है और एक्टिविटीज और खेल कूद के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया व सिखाया जाता है। इससे पहले प्रधानाचार्य डॉ अनामिका मिश्रा ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में अपनी अपनी कक्षाओं में अव्वल आने वाले बच्चों को शील्ड, मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ स्कूल में पूर्व में आयोजित विभिन्न कार्यकमों के विजेताओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट एवं सभी प्रतिभागियों को




सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। ज्ञाना सीनियर की छात्रा वेदा नाग को उनके समग्र बेहतर प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक डॉ राजकुमार मिश्र एवं डॉ सुधाकर मिश्र ने भी अपने वक्तव्य में बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में निदेशक दिवाकर मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सिमरन अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल स्टाफ ज्योति, रागिनी, मुस्कान, मंजू, अजय, रतन आदि का विशेष योगदान रहा।

# मोबाइल पत्रकारिता की नई तकनीक से प्रशिक्षित होंगे विद्यार्थी

● -मोजो, मीडिया लेखन, फोटोग्राफी पर पांच दिवसीय कार्यशाला 24 से

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा मोजो (मोबाइल पत्रकारिता) मीडिया लेखन एवं फोटोग्राफी विषयक कार्यशाला का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से पाँच दिवसीय कार्यशाला 24 - 28 मार्च तक किया जा रहा है।पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन 24 मार्च को आर्यभट्ट सभागार में होगा। कार्यशाला के संयोजक जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज मिश्र ने बताया कि कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में सेंटर ऑफ मीडिया स्टडीज , इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समन्वयक डॉ. धनंजय चोपड़ा मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख प्रभाष चन्द्र लाल और



विषय प्रवर्तन राजभाषा अधिकारी सुशान्त शर्मा करेंगे। पांच दिवसीय कार्यशाला में मोबाइल पत्रकारिता की तकनीक, मोबाइल वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी, सोशल मीडिया प्रबंधन एवं लेखन, फोटोग्राफी तकनीक, मीडिया लेखन तकनीक एवं साइबर सुरक्षा के विविध आयामों पर देश के विभिन्न भागों से आमंत्रित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में देश की जानी-मानी ब्लॉगर यात्रा लेखिका डॉ. कायनात काजी, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के प्रोफेसर आतिश पराशर, इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. राघवेंद्र मिश्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रवि सूर्यवंशी, संतोष पांडे, समेत अन्य विशेषज्ञ प्रशिक्षण देने आ रहे है।

# जौनपुर में 'संवेदना-2' अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** के जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) के 'संवेदना-2' अभियान के तहत ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति सिंगरामऊ एवं देवदूत हेल्पिंग हैंड जौनपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कीर्ति चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को नमन करते हुए उनके बलिदानों की जानकारी साझा की और कहा कि हमें उनकी कुर्बानी को याद रखते हुए उन्हें पूरा सम्मान देना चाहिए। उन्होंने रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संस्था प्रमुख डॉ. रानी अंजू सिंह एवं अन्य संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. नरेंद्र कुमार, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सैफ हुसैन, डॉ. अर्पित प्रताप सिंह, और



डॉ. मनीष ने भी संबोधित किया। शिविर में 85 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें प्रमुख रूप से संजीव सिंह, नेहा सिंह, नेहा पंडित, दुर्गेश सिंह, अनूप सिंह परिहार, और चंदन तिवारी शामिल थे। निफा जौनपुर के कैंप कोऑर्डिनेटर अमित सिंह और सौरभ सिंह ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला ब्लड बैंक के एच.के. कुशवाहा, डॉ. आलोक त्रिपाठी, दीक्षा राय, शालिनी मौर्य, संजय सेठ, सरिता मिश्रा, अंजलि त्रिपाठी, मंजू सिंह, नेहा सिंह, तथा देवदूत हेल्पिंग हैंड के संस्थापक सदस्य दुर्गेश सिंह, बलवंत सिंह, अनूप सिंह परिहार, गौरव सिंह, रमेश सिंह रामा, ऋचा सिंह सोलंकी, विश्वजीत सिंह सहित संस्था के सभी स्टाफ उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि निफा का 'संवेदना-2' अभियान एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य 21 से 23 मार्च 2025 के बीच 1,50,000 यूनिट रक्त संग्रह करना है। इस अभियान के तहत देशभर में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 800 जिलों में 2,400 रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है। सभी रक्तदाताओं और आयोजनकर्ताओं का यह प्रयास सराहनीय है, जो मानवता की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कमिश्नरेट कानपुर नगर स्थापना दिवस पर परिवार परामर्श केंद्र की पहल, पारिवारिक विवाद सुलझाकर विदा किया



**कानपुर।** दिनांक 23.03.2025 को कमिश्नरेट कानपुर नगर के स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से विभिन्न थानों में पारिवारिक विवादों को सुलझाने की पहल की गई। थाने पर दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलर द्वारा काउंसलिंग कर आपसी समझौता कराया गया। विवाद समाप्त होने के बाद एक-दूसरे को पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी-खुशी विदा किया गया। समाज में सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस परिवार परामर्श केंद्र सदैव तत्पर है।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र, थाना अरौल: टूटते रिश्तों को जोड़ने की एक नई किरण, चार रिश्तों को फिर से जोड़ा



**कानपुर।** दिनांक 23.03.2025 को थाना अरौल, कमिश्नरेट कानपुर नगर में परिवार परामर्श केंद्र में महिला संबंधी पारिवारिक विवादों के समाधान हेतु सपरिवारपरामर्शदिवस का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना अरौल द्वारा पुलिस व परामर्श समिति के सहयोग से पति-पत्नी के 04 जोड़ों की काउंसलिंग कराई गई। इस दौरान थाना प्रभारी अरौल, ग्राम प्रधान मकनपुर, प्रधानाचार्या, एसआर मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरौल समेत परामर्श समिति के सदस्यों ने दोनों पक्षों की समस्याओं को सुना और उन्हें आपसी मतभेद भुलाकर रिश्ते को पुनः सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। जनवरी 2025 से अब तक परिवार परामर्श समिति व थाना अरौल पुलिस द्वारा कुल 11 दंपतियों के विवादों को सुलझाकर बिखरते परिवारों को बचाया गया। हम आपके सुखद और स्वस्थ दांपत्य जीवन के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारे इस पहल में सहयोग करें और अपने परिवार को सुखी बनाएं।

7

भैस बचाने के चक्कर मे पलटी बोलेरो ,चालक घायल

**जौनपुर जफराबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सखोई गांव के पास रविवार दोपहर एक बोलेरो गाड़ी भैंस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार केराकत से जफराबाद की ओर जा रही बोलेरो जैसे ही सखोई गांव के पास पहुंची थी तभी अचानक सड़क पर एक भैंस आ गई। चालक ने भैंस को बचाने का प्रयास किया और इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर 4-5 बार पलट गई । स्थानीय लोगों के अनुसार, गाड़ी तेज रफ्तार में थी हादसे में गाड़ी में अकेले सवार चालक घायल हो गया। वह केराकत थाना क्षेत्र के कटका गांव का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने घायल चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से मूल्यांकन किया। अधिकारियों ने बंदी गृह की बैरकों और अन्य सुविधाओं की जांच की, जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से संवाद स्थापित किया, उनके स्वास्थ्य, भोजन की गुणवत्ता और उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल अस्पताल में भर्ती मरीजों के उपचार और दवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को बंदियों की भलाई सुनिश्चित करने और सुरक्षा मानकों को उच्च स्तर पर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस औचक निरीक्षण के बाद, जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली, क्योंकि निरीक्षण के दौरान कोई भी अनियमितता नहीं पाई गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के इस संयुक्त निरीक्षण से जेल की सुरक्षा और बंदियों की सुविधाओं में सुधार की दिशा में सकारात्मक संकेत मिलते हैं।

## पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर अभियुक्त को नाजायज तमंचा व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार



**शाहगंज, जौनपुर।** अपराध की रोक थाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे "ऑपरेशन तमंचा" अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर अभियुक्त क्रमशः 1. रोहित साहू पुत्र राजेश साहू निवासी अक्खीपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2. अरूण कुमार यादव पुत्र फुलचंद यादव निवासी खन्जहापुर वनतरिया थाना फूलपुर आजमगढ़ रविवार को नाजायज तमंचा व कारतूस के साथ भिन्न- भिन्न स्थान व समय में मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 0095/ 2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम .रोहित साहू पुत्र राजेश साहू निवासी अक्खीपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर व मु0अ0सं0 0096/ 2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अरूण कुमार यादव पुत्र फुलचंद यादव निवासी खन्जहापुर वनतरिया थाना फूलपुर आजमगढ पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सियार के हमले में राष्ट्रीय पक्षी घायल, युवकों ने कराया उपचार



**शाहगंज, जौनपुर।** नगर के औद्योगिक क्षेत्र के पास ताखा पश्चिम गांव में रविवार सुबह सियार ने राष्ट्रीय पक्षी मोर पर हमला कर दिया। उधर से गुजर रहे युवक जब तक उसे भगाने के लिए दौड़े तब तक उस हमले में मोर घायल हो गया। फिलहाल सियार को भगाते हुए उक्त युवक घायलावस्था में उसे चिकित्सक के पास ले गए, जहां उपचार के बाद उसे वन विभाग के हवाले कर दिया गया। राष्ट्रीय पक्षी मोर सुबह उक्त गांव में टहल रहा था कि तभी अचानक एक सियार उस पर हमला कर दिया। उधर से गुजर रहे गांव के युवक रोहित विश्वकर्मा,आदर्श सिंह, अतुल और सुरेंद्र सिंह सियार को भगाने के लिए दौड़े तब तक उस हमले में मोर घायल हो गया। चोट उसके गर्दन पर आना बताया जा रहा। बहरहाल युवक घायलावस्था में उसे शाहगंज स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सक के अभाव में उन्हें वापस होना पड़ा ।इसी बीच किसी से जानकारी होने पर वे सेण्ट थामस रोड स्थित पालीवाल पेट्स क्लीनिक एण्ड सर्जिकल सेण्टर पहुंचे। जहां पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल ने उपचार करते हुए युवकों के इस कार्यशैली की सराहना की, वहीं वन विभाग को सूचित कर उसे वन विभाग के हवाले करा दिया।

## रामपुर में चोरी करते समय अंतर्जनपदीय शातिर चोर किया गिरफ्तार मोबाईल व गहना एवं नगद रुपया बरामद



**रामपुर(जौनपुर)** थाना क्षेत्र के मई गांव में एक घर में घुसकर चोरी कर भागने के फिराक में रहा युवक को घर वालों ने गिरफ्तार कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई गिरफ्तार युवक के पास से मोबाइल, चांदी का गहना एवं नगद रूपया बरामद हुआ। थाना क्षेत्र के मई गांव में शनिवार की रात 9:00 बजे बाबूलनाथ दुबे के घर में चोर घुसकर चोरी कर रहा था तभी घर के अलमारी से कुछ सामान जमीन पर गिर गया जिसकी आवाज सुनकर दुबे के परिवारीजन मौके पर पहुंचे तो चोर परिजनों को देखकर सकपका गया और भागने लगा। जिसे दौड़कर पकड़ लिया। युवक की तलाशी लिया तो उसकी जेब से 900 रूपए नगद मोबाइल दो चांदी का पायल और बिछिया मिला। बाबूलनाथ दुबे ने चोरी की सूचना रामपुर प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक को दिया। उस समय प्रभारी निरीक्षक वाहन चेकिंग के लिए कठवतिया पड़ाव की तरफ जा रहे थे। सूचना पर इंस्पेक्टर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों ने गिरफ्तार युवक को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर थाने ले जाकर पूछताछ किया तो उसने अपना नाम ईदू खान उर्फ अकबर निवासी कोतवाली देहात मिर्जापुर बताया। पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज करते हुए युवक का चालान रविवार को न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि गिरफ्तार युवक शातिर किस्म का दिखाई पड़ रहा है मिर्जापुर जनपद से आया हुआ है इसके बाकी अपराध का भी पता लगाया जा रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्राथमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव विदाई समारोह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बरेली**/रिठौरा के अंतर्गत नवाबगंज विकासखंड के गांव खोह के प्राथमिक विद्यालय में आज वार्षिक उत्सव एवं छात्रों की विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अभिभावक गण भी विद्यालय परिसर में उपस्थित रहे सर्वप्रथम सरस्वती प्रतिमा प्रदीप प्रजलन करने के बाद बच्चों द्वारा कार्यक्रम पेश किए गए। जिन बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रमों में अपने कौशल बिखरने का कार्य किया उन्हें विद्यालय परिवार की तरफ से पुरस्कृत किया गया इस मौके पर ग्राम प्रधान विनय कुमार ने सभी अभिभावक कौन से अपील की और अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन करवाने की बात कही इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमेश कुमार आर्य जूनियर शिक्षक संघ नवाबगंज के मंत्री कुंवर सेन गुंजन तिवारी हिमानी दीप्ति गुप्ता मधु लता दीपक गंगवार होरीलाल समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रेमी जोड़े ने फंदे से लटक कर एक साथ दी जान ,जांच में जुटी पुलिस



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम छतीपुर पी0 सोखिया में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी युवक युवती ने ग्राम के पास विजय कुमार की बाग में आम के पेड़ से दोनों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान कमलेश राठौर पुत्र आशाराम उम्र 25 वर्ष और युवती राधा राठौर पुत्री राम विलास उम्र लगभग 19 वर्ष दोनों ही ग्राम छतीपुर राजा, थाना मैलानी खीरी के निवासी के रूप में हुई है। रविवार की सुबह ग्रामवासियों ने गाँव के समीप आम की बाग में दोनों के शव लटकते देखा तत्काल थाना हैदराबाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर थाना हैदराबाद प्रभारी प्रबीर गौतम मय हमराहियों के पहुँचे साथ ही थाना मैलानी पुलिस भी मौके पर मुस्तैद। पुलिस घटना स्थल का बारीकी से मुआयना कर मृतक जोड़े के शवों को नीचे उतरवाया और तलाशी लेकर शवों को सीलकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।जानकारी के मुताबिक दोनों एक ही जाति के थे और कई वर्षों से उनके बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार वाले उनकी शादी के लिए रजामंद नहीं थे जिसके चलते शनिवार की रात में दोनों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कमलेश चंडीगढ़ में कार्य करता था और वह होली के त्योहार पर घर आया था। इस घटना की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### अखिल भारत हिन्दू महासभा का होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

इस दौरान कार्यकारणी का भी किया गया गठन।




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 23/3/2025 दिन रविवार को छोटी काशी गोला गोकरण नाथ लखीमपुर मार्ग स्थित बंधन गेस्ट हाउस में अखिल भारत हिन्दू महासभा का तत्वाधान में एक भव्य होली मिलन समरोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश कार्यकारणी से पधारे श्री संजीव मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के रूप में सिरकत की। कार्यक्रम का विशेष प्रयोजन सनातन धार्मियों का जात पात से ऊपर उठकर एक साथ संघटित करना व साथ ही प्रदेश से पधारे प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा जनपद लखीमपुर, नगर व समस्त ब्लॉक स्तर पर कार्यकारणी का गठन करने के उपरांत घोषणा करते हुऐ नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए जिसमे डॉ सचिन पाण्डेय -जिला अध्यक्ष लखीमपुर, डॉ पियूष शुक्ला -जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक शुक्ला जिला महामंत्री लखीमपुर, अवनीश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष लखीमपुर,मात्र सक्ति महिला नगर अध्यक्ष आरती सिंह, नगर अध्यक्ष गोला-सचिन सिंह ,वरिष्ठ नगर अध्यक्ष-आयुष शुक्ला राजेश कुमार वर्मा महामंत्री गोला, कुलदीप कुमार गौर युवा नगर अध्यक्ष लखीमपुर, सूरज गुप्ता नगर अध्यक्ष मोहम्दी, हिमांशु मिश्रा युवा नगर अध्यक्ष मोहम्दी, अमित गुप्ता -नगर अध्यक्ष भीरा, आशीष श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष लखीमपुर रुपेश श्रीवास्तव -नगर उपाध्यक्ष लखीमपुर श्याम मोहन -नगर महामंत्री लखीमपुर, मंच का संचालन डॉ. पियूष शुक्ला, एवं डॉ सचिन पाण्डेय के द्वारा किया गया।

## डी एम के निर्देश पर बनेगी 4 वर्ष से टूटी पड़ी सड़क

● उपनिदेशक मंडी परिषद बरेली ने जारी किया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली**/4 वर्षों से टूटी पड़ी मंडी समिति की सड़क के निर्माण को लेकर 1 फरवरी 25 को तहसील दिवस में आए जिला अधिकारी रविंद्र कुमार को विश्व देव राठौर ने लिखित प्रार्थना पत्र देखकर सड़क के निर्माण कार्य की मांग की गई थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सचिव मंडी समिति को निर्देशित किया गया के सड़क को बनवाया जाए इसी क्रम में नवाबगंज के उप जिला अधिकारी अजय कुमार उपाध्याय ने भी सड़क का निरीक्षण कर मंडी समिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पत्राचार किया था ।

जिसमें निर्माण कार्य के साथ ही लोक निर्माण विभाग को भी भेजने की बात कही गई इधर जिलाधिकारी के निर्देश को संज्ञान में लेते हुए राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद बरेली के द्वारा जारी किए गए निर्देश पत्र में इस सड़क की मरम्मत होना वर्ष 17 18 में दर्शाया गया है परंतु 4 वर्षो से टूटी पड़ी यह सड़क पर मंडी समिति से नहीं पूछा गया जब सड़क का निर्माण 6 वर्ष के लिए किया गया तो 2 वर्ष में ही क्यों टूट गई जिसके तहत अब उन्होंने इस सड़क को वर्ष 24 25 में मरम्मत करने के लिए स्वीकार किया है।

इस सड़क में 2 फीट से अधिक गहरी गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण आने जाने वालों को भारी संकट का सामना करना पड़ता है इतना ही नहीं बरसात में पूर्ण तैयार रास्ता बंद हो जाती है ऐसे में इस सड़क को अब लोक निर्माण विभाग के हवाले होना चाहिए तभी इस सड़क का सुचारू रूप से संचालन हो सकेगा क्योंकि मंडी समिति द्वारा फिर इसमें केवल खाना पूरी करने के बाद छोड़ दिया जाएगा यह सड़क विकासखंड भदपुरा के क्यों लड़िया से रुकुमपुर तक निर्मित है।



यह सड़क बीसलपुर बरेली लिंक मार्ग को जोड़ती है उधर पीलीभीत से रुकुमपुर की सीमा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण किया गया है परंतु बरेली जनपद में मंडी समिति की सड़क होने के कारण इस पर अब आगमन प्रभावित रहता है जिसके कारण यहां के लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ता है यदि इस सड़क को लोक निर्माण विभाग से संबंध कर दिया जाए तो यह यातायात सुचारू रूप से संचालित होना शुरू हो जाएगा फिलहाल जिलाधिकारी की मेहनत रंग लाई मंडी परिषद के उपनिदेशक ने इसकी मरम्मत करने की मंजूरी दे दी है।

## अध्यापक पर लगाए गये छेड़छाड़ के झूठे और गंभीर आरोप

● महिला रसोइया ने जिलाधिकारी खीरी,पुलिस अधीक्षक,व जनसुनवाई पर की झूठी शिकायत..!

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** आजकल महिलाओं कि सुरक्षा और उनकी देखरेख मे सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा कड़ी व्यवस्थाएं की जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो वहीं दूसरी तरफ दूसरी तरफ शिक्षा के मंदिर मे भी महिलाएं खुद को सुरक्षित नही महसूस कर रही है।वहीं पर कुछ महिलाएं अपने मद मे चूर और लगातार पुरुषों को दुर्व्यवहार व शोषण का शिकार बनाती जा रही है और पुरुषों की फरियाद को कोई महत्वता नही दी जा रही है और कोई कार्यवाही नही की जाती है उल्टा पुरुष पक्ष को ही डरा-धमका कर शांत कर दिया जाता है।ऐसा ही प्रकरण राजकीय हाईस्कूल वाली धौरहरा का है जहाँ एक व्यक्ति चपरासी के पद पर कार्यरत है और उसकी भाभी पिंकी पत्नी राजेश प्राइमरी स्कूल वाली मे रसोइया का काम करती है जिसने विद्यालय के ही अध्यापकों पर अपनी हवस व छेड़कानी का शिकार बनाने का झूठा आरोप लगा दिया।जानकारी के अनुसार इसी स्कूल के रमजान व गोपाल हेड मास्टर जूनियर हाईस्कूल मे एक ही साथ बैठे हुए थे और पिंकी को ने आकर अध्यापकों के साथ मारपीत की और अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ करने का आरोप लगा दिया। अध्यापको ने जब इसका विरोध किया तो अध्यापको को गंदी गंदी गलियां दी गयी और छेड़खानी का झूठा आरोप लगा दिया गया।न अध्यापकों ने पिंकी देवी को उनके काम को लेकर समझाने की कोशिस की थी और अनुपस्थित होने पर एतराज जताया था जिसका खामियाजा अध्यापकों को भुगतना पड़ा और झूठे आरोपों का शिकार हो गये जिसके साक्ष्य के तौर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ और सभी छात्र और छात्रायें है।अध्यापकों ने उक्त प्रकरण की शिकायत थाने मे लिखित तौर पर दे दी है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है और अध्यापक का मेडिकल भी करवा दिया गया है।

**क्या कहता है महिला रसोइया का पक्ष....!**

पीड़ित पक्ष भोलू सैनी ने बताया मास्टर ने मेरी भाभी के साथ छेड़छाड़ की है और मुझे भी मारा पीटा है।धौरहरा के दरोगा जी मुझे ही उल्टा पकड़ने के लिए आ रहे है जिससे मै भागा भागा फिर रहा हूं।

**क्या कहते है पीड़ित अध्यापक रमजान.....!**- अध्यापक रमजान ने बताया कि प्रकरण मे जो रसोइया है उसका अनुपस्थित के चलते मानदेय कम आया है जिस कारण महिला ने मेरे साथ भरी कक्षा मे 30 बच्चों के सामने मारपीट की है। स्टॉफ मे गोपाल त्रिवेदी,अनुप्रिया अवस्थी भी मौजूद थी वहीं पर आकर इन्होने मारपीट की है और गाली-गलौच भी किया है जिसकी मैने थाने मे प्राथमिकी दर्ज करा दी है और मेडिकल भी करवा दिया है और पुलिस आयी थी इनको बुलाया गया तो आये नही सीधे लखीमपुर की तरफ भाग गये।

## हृदय गति रुकने से पत्रकार का निधन से पत्रकार जगत में फैला शोक



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** (वीओएल) प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इण्डिया के तहसील संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार देशराज वर्मा का रविवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जिनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया है। मोहल्ला तीर्थ निवासी देशराज वर्मा (50) लखनऊ से प्रकाशित एक अखबार के पत्रकार और प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इण्डिया के तहसील संरक्षक थे। कुछ समय से वह अस्वस्थ्य चल रहे थे। रविवार को अलसुबह उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड गई। स्व0देशराज अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्र शिवम व सत्यम को छोंड गये हैं।

## चलती होगी बाबा जी की पूरे प्रदेश पर हुकूमत शाहजहांपुर में भू माफियाओं के आगे नतमस्तक है प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर (जलालाबाद)।** भू माफियाओं पर कार्यवाही करने का ढिंढोरा पीट रही योगी सरकार का फरमान शाहजहांपुर में काम नही करता है यहाँ के अधिकारियों और कर्मचारियों पर योगी सरकार के आदेश के बाद जूँ तक नही रेंगती आदेश का पालन छोड़िये साहब यहाँ आदेश के विपरीत जाकर अधिकारी कर्मचारी भू माफियाओं से अपना हिस्सा तय कर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का लाइसेंस दे देते हैं।

दरअसल पूरा मामला जनपद शाहजहांपुर के कस्बा जलालाबाद स्थित जमदग्नि नगर का है।जहां के रहने वाले रामनिवास गुप्ता कलकत्ता वालों ने लगभग 7.50 बीघे जमीन मोहल्ले के ही रहने वाली महिला से खरीदी थी कस्बे के ही रहने वाले चंद्र मोहन द्विवेदी ने फर्जी कागजात तैयार करवा कर अपने परिजनों के नाम जमीन दर्ज करवाने का प्रयास किया लेकिन इसकी भनक रामनिवास गुप्ता को लग गई इसके बाद उपरोक्त मामले में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। अब उपरोक्त जमीन का फर्जी बैनामा जैसा कि आरोप मीरा गुप्ता द्वारा लगाया जा रहा है कि शाहजहांपुर की मेयर अर्चना वर्मा के पुत्र एवं उनके रिश्तेदारों द्वारा चंद्र मोहन आदि से फर्जी बैनामा करवारकर करोड़ों की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। रामनिवास गुप्ता की मृत्यु के बाद जमीन का मालिकाना हक मीरा गुप्ता एवं उनके पुत्र के नाम होना चाहिए लेकिन उपरोक्त भूमि पर मुकदमा लंबित होने के कारण मीरा गुप्ता के पक्ष द्वारा कोर्ट से उपरोक्त भूमि पर स्टे करवाया गया जब उपरोक्त भूमि पर कोर्ट का स्टे है तो ऐसे में ना तो जमीन बेची जा सकती है और ना ही उस पर निर्माण कार्य किया जा सकता है लेकिन फिर भी सत्ता में मेयर की कुर्सी पर काबिज अर्चना वर्मा द्वारा जबरन उपरोक्त भूमि पर अपना मालिकाना हक जताते हुए अवैध रूप से कब्जा किए जाने का आरोप मीरा गुप्ता एवं उनके पुत्र सहित दामाद अमन गुप्ता द्वारा लगाया जा रहा है। यही नहीं मीरा गुप्ता एवं उनके पुत्र का कहना है कि सत्ता के बल पर हमारी जमीन को जबरन प्रशासन की मदद से हथियाने का प्रयास किया जा रहा है।

मीरा गुप्ता ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद मेयर पति राजेश वर्मा के करीबी दिनेश गुप्ता उर्फ फैनी पप्पू वर्मा और ब्रह्म कुमार दीक्षित उर्फ भूरे के भय से कलकत्ता चली गई थी होली से पहले



उपरोक्त लोगों ने दबंगई के बल पर प्रार्थिनी की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया और कहा कि अगर यहाँ आये तो जान से मरवा देंगे। अवैध कब्जा की शिकायत प्रार्थिनी द्वारा उच्चाधिकारियों को गई इसके बाबजूद पीड़िता को कोई न्याय नही मिला है। मीरा गुप्ता के पुत्र ने योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में भू माफियाओं से जमीने कब्जा मुक्त करवाई जा रही हैं लेकिन हमारी विधवा मां और मुझे शाहजहांपुर जिला प्रशासन से न्याय नही मिल पा रहा है और न ही मेरी जमीन कब्जा मुक्त हो पा रही है। अगर हमारी जमीन कब्जा मुक्त नही कि गई और हमारे परिवार को न्याय नही मिला तो परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

## राम मनोहर लोहिया की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी के महान चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया जी की जयंती जनपद शाहजहांपुर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जयंती कार्यक्रम के उपलक्ष में गोष्ठी का आयोजन गया जहां सपा नेताओं ने राम मनोहर लोहिया के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया

इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में डॉ राम मनोहर लोहिया जी के सिद्धांतों और नीतियों पर चर्चा की पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,पूर्व विधायक राजेश यादव, सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा के प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप,सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर नवनीत यादव, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, लल्ला सिंह यादव,सरताज खान, डॉ.सूचि कश्यप, नरवीर फौजी, शारदा राज पासी, नरवीर फौजी, धर्मवीर यादव, गोपाल अग्निहोत्री, डॉ शोएब खान उर्फ मुन्ना कॉट,डॉ सुहेल खान कॉट, नाजिम फारुकी, सचिन दीक्षित, पार्थ यादव प्रसून कुमार कनौजिया, उत्पल यादव सौमित्र यादव, मुकेश यादव एडवोकेट, विपिन यादव, शहाब खान, मानवेंद्र सिंह उर्फ मोनू, विपिन यदुवंशी, मोहम्मद आरिफ, कौशल यादव, धनपाल सिंह यादव, महावीर सिंह यादव,मुकेश यादव, पप्पू यादव, आशीष यादव, रमन पाल सिंह यादव, दिलीप सिंह, विदेश यादव, गुफरान खान, इंजीनियर परमेश्वर दयाल,



बी.एल गौतम, दीपक शर्मा, दीपक नंदवंशी, इमरान अली एडवोकेट, मोहम्मद अहमद, अरशद अली,अतुल मौर्य, रामसागर, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद, सर्वेश कुमार राठौर, असलम खान, अभय शंकर, सुरेंद्र गुप्ता, संजीव कुमार, तय्यब खान, अनस खान, फजल खान, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, राम रतन लाल सोनी, बृजेश पाल सिंह यादव, आफताब अली, सुनील यादव मोहम्मद फिरोज, राजकुमार शर्मा, मनोज शंखवार, आरिफ खान, अजीत यादव, रानू खान, अफरोज खान, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे...!

## राजकीय संप्रेक्षण गृह में हुआ शहीद दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर/**मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र शाहजहाँपुर के तत्वावधान में जनपद के पिपरौला स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में शहीद दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, समाजसेवी मुकेश परिहार, नमामि गंगे डी पी ओ डॉ विनय सक्सेना, मनोज, विवेक कुमार व अन्यजनों द्वारा देश के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने सभी से आग्रह किया कि जिस प्रकार देश के अमर बलिदानियों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया व अपने अदम्य साहस के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाकर देश को आज़ादी दिलाई, उसी प्रकार आज के युग में युवाओं को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए सकारात्मक रूप से राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सहभागी बनना चाहिए और सदैव निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। समाजसेवी मुकेश परिहार ने भी युवाओं को समाजसेवा द्वारा राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर वालीबॉल प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें राजगुरु सुखदेव टीम विजेता जबकि भगत सिंह टीम उपविजेता रही तत्पश्चात विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, मोमेंटो से पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए डी पी ओ विनय सक्सेना ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्साह व जोश के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता पर शुभकामनाएं दीं और इसी प्रकार निरन्तर अपने शारीरिक व मानसिक विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता के लिये प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग विशाल वर्मा, हिमांशु सक्सेना, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) के स्टॉफगण का रहा।

## स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां,बेहजम ब्लॉक में पटरी से उतरी सफाई व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात




**बेहजम खीरी** ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में पिछले कई दिनों से साफ-सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। जगह-जगह प्लास्टिक और अन्य गंदे कचरे के जमा ढेर स्वच्छ भारत अभियान का मखौल उड़ाते प्रतीत होते हैं। गौरतलब है कि बेहजम ग्राम पंचायत की कई ग्राम पंचायतों में जैसे कि पैला, खरगपुर बिलरिया, कैमा बुजुर्ग,किशुनपुर, मूडा बुजुर्ग, कुटरी, नागरा,मलिकपुर समेत दर्जनों ग्रामों में सफाई व्यवस्था के संबंध में ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके कारण गांव के विभिन्न मोहल्लों, बाजार व मुख्य चौकों में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गंदे पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियां प्लास्टिक व अन्य कचरे से अटी होने पर गंदा पानी ओवरफ्लो होकर बीच रास्ते व सड़क पर बिखर रहा है। जिससे लोगों को आवाजाही करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैला गांव की मुख्य मार्ग पर गंदे पानी ओवर फ्लू होकर बह रही है,प्लास्टिक व कचरे के ढेर और कीचड़ से दुर्गंध फैली हुई है। आसपास के रहवासी व राहगीरों को सर्वाधिक परेशानी पेश आ रही है। मूक पशुओं के प्लास्टिक खा लेने से उनके अकाल मौत मरने की भी आशंका गहराई हुई है।

**गांव की स्वच्छता व सुंदरता पर दाग-** पैला गांव में प्रवेश करने के मुख्य मार्ग पर गंदगी व कचरे के लगे ढेर हुए हैं कीचड़ गांव की स्वच्छता व सुंदरता पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहा है। हालांकि पंचायत प्रशासन की ओर से गांव में सफाईकर्मी भी नियुक्त किए हुए हैं। सफाईकर्मियों की ओर से समय-समय पर सफाई कार्य किया जा रहा है लेकिन एकत्र किए गए कचरे को उठाने के लिए पंचायत की ओर से किसी प्रकार का वाहन व साधन उपलब्ध नहीं करवाए जाने से की गई साफ किया गया कचरा व प्लास्टिक पुनः नालियों में जमा हो जाता है। सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं।

## प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से लाखों का गोलमाल किए जाने के आरोप

● गडहा तालाब की खुदाई एवं सफाई के नाम पर कागजो पर प्रथम द्वितीय तृतीय दिखाकर निकाला गया भुगतान

ग्राम खाले पुरवा में ठेके पर मानक विपरीत लगवाई आधी अधूरी इंटरलॉक की टूट कर बिखर गई बॉक्सिंग

**लखीमपुर खीरी** उत्तर प्रदेश सरकार के उपयोगी कहे जाने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेशो व भ्रष्टाचार के विरुद्ध लागू जीरो टारलेसं की नीति भी जनपद खीरी के विकासखंड बेहजम के खंड विकास अधिकारियों समेत जिले के जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के लिए शायद कोई मायने ना रखते हो जो शासन के आदेशों के बाद भी ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है और शासन के सख्त आदेशों के बाद भी ठेकेदार मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन कार्य करवा कर सरकारी धन का जमकर बंदर बांट किया जा रहा है और इसकी भनक जिले पर बैठे आला अफसर तक को नहीं है लेकिन ब्लॉक स्तरीय जिम्मेदारों को सब कुछ पता होने के बाद भी वह अनजान की ही भूमिका में नजर आ रहे हैं ताजा मामला विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत पिपरी कलां का है जहां ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव व रोजगार सेवक एवं टी?ए? आदि की मिली भगत एक ही तालाब के एक ही गाटे के बावजूद गडहा तालाब प्रथम द्वितीय तृतीय दिखाकर खुदाई एवं सफाई के नाम पर उक्त कार्य कराए बगैर ही तीन दो बार भुगतान निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है ग्रामीणों का आरोप है की गडहा तालाब द्वितीय की खुदाई एवं सफाई कार्य के नाम पर वर्क आईडी 312 8010013/ डब्लू सी/ 95848625 5824162297 पर कार्य दिखा पैसा निकाला गया है जब गडहा तालाब की गाटा संख्या तालाब की गाटा संख्या एक है तो गडहा प्रथम द्वितीय कहां से आ गया क्या प्रधान और पंचायत सचिव ने एक गाटे के तालाब को प्रथम द्वितीय तृतीय में विभाजित करने का अधिकार है यहअधिकार राजस्व विभाग को है तो फिर प्रथम द्वितीय कर किस आधार पर करके दो बार भुगतान लिया गया।

**इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में मानकों की उड़ाई गई धज्जियां**

ग्राम पंचायत पिपरी कलां में प्रधान और पंचायत सचिव के गठजोड़ से ठेके पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कराए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं ग्रामीणों की जुबानी सत्य माने तो लगवाई गई इंटरलॉकिंग में मानकों को ताक पर रखकर लगवाई गई गुणवत्ता विहीन इंटरलॉकिंग अभी पूरी लग भी नहीं पाई है और पूरी बॉक्सिंग उखड़ कर ईटे इधर-उधर बिखरी पड़ी भ्रष्टाचार की दास्तां बयां कर रही हैं वहीं गांव के चौराहे पर पंचायत भवन के पास बने सामुदायिक शौचालय में गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है और पंचायत भवन में लटक रहा ताला पंचायती राज व्यवस्था की पोल खोलने को काफी है खाले पुरवा व पिपरी कला के कई जागरूक लोगों ने बताया कि मनरेगा योजना कई लोगों की फर्जी हाजिरी लगाकर पैसा निकाल कर बंदर बांट कर लिया गया नल मरम्मत नल रिबोर स्ट्रीट लाइट और स्टीमेट में अव्वल ईटा एवं रोडा के बावजूद रोडा डलवाए बगैर ही इंटरलॉकिंग ईट बिछवाई गई है और बॉक्सिंग में पीला ईट लगाने के साथ-साथ बॉक्सिंग की चुनाई बालू से किए जाने के आरोप लगाए गए हैं ग्रामीण लोगों ने हमारे संवाददाता को बताया गांव में पंचायत सचिव यदा कदा ही आते हैं पंचायत भवन पर हमेशा ताला ही लटकना देखा जा सकता है अधिकांश विकास कार्य ठेके पर कराकर जमकर सरकारी धन की लूट भी खेल खेले जाने के आरोप लगाए गए हैं सूत्रों ने बताया की दवा छिड़काव और नल रिबोर एवं मरम्मत कार्य के नाम पर जमकर खेल किया गया है यदि इस ग्राम पंचायत के कराए गए कार्यों की कार्य कराई जाए स्थलीय जांच तो एक बड़ा मामला खुलकर आएगा सामने और मानक विपरीत निर्माण करने के मामले का होगा पर्दाफाश।




## जीरो टॉलरेंस की उड़ रही है धज्जियां,मनरेगा में हो रहा है भ्रष्टाचार

● मजदूरों को बेवकूफ बनाकर चहेतों के नाम निकाला जा रहा मनरेगा का पैसा,तमाशबीन बने जिम्मेदार।

**लखीमपुर खीरी** विकास क्षेत्र लखीमपुर की ग्राम पंचायत चोरहा जिम्मेदार अधिकारी व पंचायत सचिव व पंचायत मित्र की मिली भगत के चल रहा फर्जीवाड़ा मनरेगा के तहत मजदूरो के खाते में ट्रांसफर किये गये हजारों रुपए व बैंक से निकल भी गए। जो उनके व्यक्तिगत लोग है फर्जी मैठ बना कर खड़ा कर दिया जाता है जो की वो लोग केवल घूमने जाते है जब कोई पूछता है बोलते है कि हम मैट हूं कोई काम नहीं करूंगा कानून देखा जाए तो एक ही मैट होना चाहिए और एक पानी पिलाने वाला और इस ग्राम पंचायत में 5 मैट है जो एक साथ मनरेगा का कार्य करते हैजो कभी घर से बाहर नहीं निकलते हैं वो आदमी की आड़ में बैंक से घर बैठे निकाल रहे हैं मनरेगा का पैसा, ग्राम पंचायत चौराहा में महात्मागांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में भ्रष्टाचार का तड़का लग चुका हैं।पूरा मामला ग्राम पंचायत चोरहा का हैं। जहां के ग्रामीणों के खातों में बिना मजदूरी किए इस योजना का पैसा ग्राम पंचायत सचिव व पंचायत मित्र जिम्मेदार अधिकारी की मिली भगत से पंचायत मित्र अपने ही चाहते अपने खास आदमी के खाते में मनरेगा का पैसे ट्रांसफर कर दिया जाता है ।इसके बाद ग्राम चोरहा के पंचायत मित्र की मिली भगत से कुछ पैसे देकर पूरा पैसा खुद की जेब में रख लिया जाता है।यह जिम्मेदार लोग कई सालों से फर्जीवाड़ा मनरेगा में नही काम कर रहे हैं और अपने चहेतों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर के निकाल रहे हैं।अब देखना यह होगा कि खबर चलने के बाद इन फर्जीवाड़ा करने वालों पर क्या कुछ कार्रवाई होती है ऐसे ही मामला दब जाएगा।अगली खबर जिन लोगों के खातों में फर्जी तरीके से पैसा ट्रांसफर किया गया है। उसके बाद कुछ पैसा देकर निकाल लिया गया है अब नाम सहित खबर होगी उजागर।

ग्राम पंचायत चौराहा में मनरेगा योजना अंतर्गत किए गए मजदूरों के भुगतानों की सूची पर एक नजर डालें तो सूची में दर्ज नाम में से 50त्न से अधिक ऐसे लोग हैं जो कभी काम करने गए ही नहीं है इनकी फर्जी फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी लगा करके एक व्यापक स्तर पर उनके खातों में पैसा डालकर मनरेगा योजना को आए सरकारी धन का बंदर बताकर अपनी-अपनी तिजोरिया भर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है सूत्र बताते हैं अधिकांश लोग कभी काम करने ही नहीं जाते हैं और उनको 100 दिवस का रोजगार दिया जाना दर्शाया गया है और इसी के तहत उनके खातों में भुगतान भी भेजा गया यदि जिम्मेदार अधिकारी ने मामले का संज्ञान और कारण निष्पक्ष जांच तो मनरेगा योजना में एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा होगा देखना अब यह है की खंड विकास अधिकारी से लेकर जिला स्तरीय मनरेगा उपायुक्त द्वारा इस मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## जीरो टॉलरेंस की उड़ रही धज्जियां इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में धांधली के आरोप

● शोक पिट निर्माण नल रिबोर एवं मरम्मत तथा साफ सफाई एवं दवा छिड़काव के नाम सरकारी धन गबन का मामला

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत गूमचीनी का है जहां पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव सहित ब्लॉक के टीए के बीच चल रही गहरी साठगांठ के चलते उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया द्वारा जारी जीरो टॉलरेंस नीत की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए ग्राम पंचायत में कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में रेशियो को तोड़ते हुए ठेके से मानक के विपरीत घटिया किस्म का निर्माण कार्य कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है सूत्र बताते हैं कि विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत गूमचीनी में शोकपिट निर्माण कार्य एवं नाल रिबोर एवं मरम्मत कार्यों में ग्राम प्रधान और ठेकेदार की मिली भगत से किया गया जमकर भ्रष्टाचार आपको बताते चलें कि ग्राम पंचायत गूमचीनी में गत वित्तीय वर्षों में बनाए गए एवं वर्तमान में डामर रोड से पंचायत भवन तक एवं पंचायत भवन से कराए जा रहे हैं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माड़ कार्य में जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाई जाने के आरोप लगाए गए हैं सूत्रों ने हमारे संवाददाता को कार्य स्थल पर ही निर्माण कार्य दिखवाते हुए मानकों की धज्जियां उडाये जाने की हालत से रूबरू कराया मौके पर पांच मजदूर कार्य करते नजर आए उक्त इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में स्टीमेट में अव्वल ईट अव्वल रोड़ा मौरंग सीमेंट व सेंड होने के बाद भी बगैर रोडा डाले ही काफी इंटरलॉकिंग ईट बिछवाकर सरकार के खजाने को चूना लगाने का खेल जारी दिखाई पड़ा इतना ही अभी हाल ही में डामर रोड से पंचायत भवन तक लगवाई गई इंटरलॉकिंग में मानक विपरीत ईट व मात्र बालू से की गई चुनाई के चलते पूरी सड़क की बॉक्सिंग पूरी तरह से उखड़ती हुई स्वयं देखी जा सकती है मौके पर काम कर रहे मजदूर एवं कथित ठेकेदार एवं प्रधान प्रतिनिधि सुधीर कुमार ने बताया कि मानक के अनुसार काम के विषय में हम कुछ नहीं कहेंगे आप प्रधान जी से मिल लो वही मजदूरों में बताया कि यह सही है कि रोडा नाम मात्र का डाला जाता आप स्वयं देख रहे हैं पर हमको जैसा ठेकेदार और प्रधान बताएंगे हम वही करेंगे मजबूरी है हमें आगे काम करना है नियम अनुसार चुनाई के साथ-साथ इंटरलॉकिंग निर्माण में मौरंग का उपयोग किया जाना चाहिए पर पंचायत सचिव प्रधान व ठेकेदार मिलकर निर्माण के नाम पर महाघोटाला किया जा रहा है यदि उक्त ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों एवं कराए जा रहे निर्माण कार्य की कर ली जाए जांच तो स्वत मामला खुलकर आएगा गोलमाल का मामला और यदि मौके पर काम कर रहे हैं लेबरों



और कागजों में दर्ज मजदूरों की संख्या एवं नाम का कराया जाए मिलान तो भारी फर्जीवाड़ा का भी होगा पर्दाफाश इस संबंध में खंड विकास अधिकारी साहब का अपना सीधा सा पुराना जवाब में मामले को दिखवाता हूं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार



भदोही दिनांक-11.03.2025 को वादी मुकदमा/पीड़िता के पिता द्वारा थाना गोपीगंज पर सूचना दिया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को आरोपी शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। प्राप्त सूचना पर तत्समय ही आरोपी के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-128/2025 धारा-137(2) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए पीड़िता की सकुशल बरामदगी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक 23.03.2025 को स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त जाबिर अली पुत्र रोजन अली निवासी अमवामाफी थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। पंजीकृत अभियोग में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया। बरामदशुदा अपहृता के संबंध में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सीखड़ क्षेत्र में दिखा तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत

**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र के अन्तर्गत मवैया गांव में रविवार को तेंदुआ पपीते के खेत में दिखा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ पपीते के खेत में छुप गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को चुनार थाना क्षेत्र के मवैया गांव के किसानों ने अपने खेत पर कार्य कर रहे थे कि पास में ही रामाश्रय के पपीते के खेत में तेंदुआ दिखाई पड़ा जिससे खेत पर कार्य कर रहे कार्तिके ने अपनी आंखों से तेंदुआ को देखा और पास में कार्य कर रहे राजू व अन्य किसानों ने भी तेंदुआ को देखा और भाग कर पास में ही स्थित गांव में जाकर अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।जब तक ग्रामीण खेत पर पहुंचते तेंदुआ पपीते के खेत में छुप गया। तेंदुआ की खबर जब आस पास के गांवों में लगी तो काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंचे मवैया गांव के प्रधान दिनेश चौबे ने इसकी जानकारी वन विभाग के साथ चुनार थाने की दी। तेंदुआ दिखने पर आस पास के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## आवास योजना के नाम पर सर्वेयर गरीबों को बना रहे शिकार

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वेयर द्वारा गरीबों से अवैध वसूली की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, प्रति आवास पर सर्वेयर गरीबों से एक हजार रुपये तक की राशि वसूलते हैं और जो यह राशि देता है, उसी का काम आगे बढ़ता है। इस वसूली के चलते कई गरीबों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकासखंड कर्वी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों भैसौधा, दहिनी और इटखरी में यह अवैध वसूली की जा रही है। जहां एक ओर सरकार आवास योजना के तहत गरीबों को सस्ती दरों पर घर देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस योजना के नाम पर कुछ लोग अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सर्वेयर ने उन्हें बताया कि यदि एक हजार रुपये नहीं दिए जाएंगे, तो उनका आवास योजना में चयन नहीं होगा। इसके बाद कई ग्रामीणों ने अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए मजबूरी में यह रकम सर्वेयर को दे दी है। यह रकम देने के बाद ही उनके आवास का सर्वे किया गया और फाइल आगे बढ़ी। ग्रामीणों ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले की जांच की आवश्यकता जताई जा रही है, ताकि गरीबों के साथ हो रही इस धोखाधड़ी को रोका जा सके और सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उन तक पहुंचे। राज्य सरकार को चाहिए कि इस तरह की धोखाधड़ी पर कड़ी नजर रखे और जांच करवा कर दोषी अधिकारियों और सर्वेयर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ताकि गरीबों को उनके हक का आवास मिल सके और सरकारी योजनाओं की छवि पर दाग न लगे।

## गांजा बरामद आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक श्याम देव सिंह व उनके हमराही आरक्षी शिवपूजन ने आरोपी नेपाली उर्फ विकास रैकवार निवासी पासी तिराहा कोतवाली कर्वी को एक किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# भदोही में वसीम अंसारी क़ो मिली कॉंग्रेस की कमान- कार्यकर्ताओं में उत्साह

**● जिले भर से कॉंग्रेसजनों समेत तमाम दलों के लोगों ने दी बधाई**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** जिले में युवा कांग्रेस नेता वसीम अंसारी क़ो जिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष बनाया गया। भदोही के युवा कांग्रेस नेता वसीम अंसारी क़ो कांग्रेस की कमान मिलने पर कांग्रेस नेताओं में काफी खुशी का माहौल है। वसीम अंसारी के पूर्व भदोही जिले में शारदा बिन्द, अब्दुल हादी, संतोष सिंह, रत्नेश मिश्रा, देवेंद्र दूबे, नीलम मिश्रा, देव नारायण यादव, माबूद खान और राजन दूबे क़ो कांग्रेस की कमान मिल चुकी है। भदोही जिले में नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी क़ो कांग्रेस क़ो मजबूत स्थिति में लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। भदोही के सुरियावां निवासी वसीम अंसारी बीते 20 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय है, मुस्लिम समुदाय के पिछड़े वर्ग अंसारी बिरादरी से सम्बन्ध रखते हैं और 2005 में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और अब 2025 में कांग्रेस ने उनको भदोही जिले की कमान दी है। वसीम अंसारी 2009 में हस्तु में प्रदेश सचिव, 2011 और 2014 में युवा कांग्रेस में भदोही लोकसभा अध्यक्ष, 2016 में युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिव, 2017 में युवा कांग्रेस में महा सचिव, 2018 में युवा कांग्रेस में प्रदेश उपाध्यक्ष, 2020 तक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव, 2022 में भदोही विधानसभा से चुनाव लड़ा और 2024 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर लोकसभा सीट पर को-ऑर्डिनेटर के रूप में भी काम किया, लोकसभा चुनाव में राहुल गाँधी जी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में बूथ मैनेजमेंट के लिए देश भर से 50 कार्यकर्ताओं का चयन हुआ था। उस टीम में भी अंसारी जी को काम करने का अवसर मिला था और अब 20 मार्च को वसीम अंसारी क़ो भदोही में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाया गया। वसीम जी टीम प्रियंका के अहम् सदस्य माने जाते हैं। 32 वर्ष में विधानसभा का टिकट और 35 वर्ष मे जिलाअध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर पार्टी ने युवाओं को जोड़ने के लिए सन्देश देने का काम किया हैं। वसीम अंसारी की पहचान प्रदेश भर मे प्रखर वक्ता के साथ कुशल संगठनकर्ता के रूप में रही है।



वसीम अंसारी के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस नेताओं और समर्थकों में काफ़ी खुशी देखने क़ो मिल रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से निवर्तमान जिला अध्यक्ष डा राजेंद्र कुमार दूबे राजन, करमचंद बिन्द, दीनानाथ दुबे, राकेश मौर्या, राजेश्वर दुबे, माबूद खान, सुबुकुतगीन अंसारी, त्रिलोकी नाथ बिन्द, संतोष सिंह बघेल, नाजिम अली, शिव पूजन मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, अवधेश पाठक, शमशीर अहमद, रमाशंकर बिंद, विनोद कुमार, मनोज गौतम, सरफराज अहमद, शक्ति मिश्रा, सुरेश चौहान, करन मौर्य, राजेश यादव, रामफल बिन्द,रवि यादव, चंद्र नाथ बिन्द,विमलेश पाल, राजेश सरोज, जतन गुप्ता, इत्यादि लोगों ने बधाई दिया।

## 46 विद्यार्थियों ने एनसीसी के ए प्रमाण पत्र के लिए दी परीक्षा



**चित्रकूट ब्यूरो:** 17 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के निर्देशन में 36 जूनियर डिवीजन एनसीसी चित्रकूट इंटर कॉलिज कर्वी के 46 विद्यार्थियों की ए सर्टिफिकेट परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। साथ ही राइफल टेस्ट, फील्ड क्राफ्ट व ड्रिल टेस्ट परीक्षा भी आयोजित की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, सीनियर डिवीजन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सुनील कुमार शुक्ला, जूनियर डिवीजन एनसीसी अधिकारी चीफ ऑफिसर ऋषि कुमार शुक्ला के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह परीक्षा आयोजित की गई। बताया कि कुंभ मेले के कारण इस वर्ष यह परीक्षा विलंब से संपन्न हुई। इस दौरान 17 यूपी बटालियन एनसीसी मुख्यालय प्रयागराज से आए हुए लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह, सूबेदार अमित राणा, हवलदार कृष्ण सिंह व हवलदार संजय सिंह ने परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए परीक्षा संपन्न कराई। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शंकर प्रसाद यादव, फूलचंद चंद्रवंशी, सतीश कुमार रैकवार, जयशंकर प्रसाद ओझा आदि मौजूद रहे।

# शीतला अष्टमी पर मां को लगाया 56 भोग



स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** हिन्दुस्तान संवाद।शीतला अष्टमी के अवसर पर मां शीतला संरक्षक पुजारी समिति द्वारा शनिवार को अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता मंदिर पर मां शीतला का भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मां को 56 भोग लगाया गया। इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह 6 बजे से ही प्रसाद वितरण शुरू हुआ और रात्रि में देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया है। बतादे कि शीतला अष्टमी पर मां शीतला संरक्षक पुजारी समिति द्वारा मां का भव्य श्रृंगार कर 56 भोग लगाया। दूर दराज से भारी संख्या में मां के दरबार में आए भक्तों ने गंगा स्नान कर मां का दर्शन पूजन किया। भक्तों ने मंदिर परिसर में कड़ाही चढ़ा कर पुड़ी, हलुआ, गुलगुला बनाकर नारियल, चुनरी, लाचीदाना, अढ़ौल का माला आदि प्रसाद लेकर मां को भोग लगाया। इस दौरान मां के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजयमान रहा। इसके अलावा पक्का घाट पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो सुबह 6 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**देवी जागरण में झूम झूम कर नाचे श्रोता**

शीतला अष्टमी पर आयोजित देवी जागरण में वाराणसी से आए कलाकार बिक्की तिवारी,(छोटा पागल) धीरज तिवारी, मुस्कान ने एक से बढ़ कर एक भजन,पचरा प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को झूमने और नाचने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** शहर के नटवा मोहल्ले में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन मीरजापुर शाखा के द्वारा आज 23 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अखिलेश मिश्र ने सभी सदस्यों को गुलाल लगा कर बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा और एकता का प्रतीक है, मंडल अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी ने सभी फार्मासिस्ट बंधुओं का स्वागत किया और कहा कि हमारा एसोसिएशन जाति पाती से ऊपर उठ कर कार्य कर रहा है , जिलाध्यक्ष चंद्रेश शुक्ल ने कहा कि यह त्यौहार आपसी प्रेम को और प्रगाढ़ करता है उनके जिलाध्यक्ष बनने के बाद से मीरजापुर जिले के फार्मासिस्ट बंधुओं के हक की लड़ाई लगातार लड़ी जा रही है और हम ब्लाक स्तर पर संगठन को मजबूत करने का प्रयास कर रहे है ,जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहनी और सुदीप मिश्रा ने कहा कि बहुत जल्द पीपीआर एक्ट प्रदेश में लागू हो जाएगा यह अधिकार हम लेकर रहेंगे, विंध्याचल से आए विशिष्ट सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता व रमाशंकर ने संगठन का हर तरह से सहयोग करने



की बात कही, नगर अध्यक्ष दिन दयाल गुप्ता ने आए हुए सदस्यों से कहा कि सदस्यों को जोड़ते रहे तभी संगठन की ताकत बढ़ेगी, जिला संगठन मंत्री दिलीप गुप्ता व उमेश बिंद ने कार्यकारणी सदस्यों के घर पर बैठक बुलाने का सुझाव दिया, छानबे ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर बिंद ने एक बड़ी बैठक अपने ब्लॉक में कराने की बात कही, होली मिलन समारोह का संचालन जिला महासचिव शीपेंद्र सिंह ने किया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सचिव मनोज कौशल, नगर उपाध्यक्ष जीवेश श्रीवास्तव, नगर सचिव रवि गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष भावेश शुक्ला, सदस्य गण अनूप अग्रहरि अंकित दुबे, अशोक बिंद उपस्थित रहे, कार्यक्रम के समापन में सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाने के बाद गोझिया खिला कर बधाई दिया।

# "नारी के जीवन को न समझो बेकार असल में समाज का यही है आधार!"

**● "नारी शक्ति से ही बनेगा मजबूत समाज, जब होगा स्त्री का हर घर सम्मान, तभी बनेगा हमारा भारत महान"।**

**पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान व उनके उत्थान व सशक्तिकरण हेतु है प्रतिबद्ध**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** "मिशन शक्ति फेज-05" के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के उत्साहवर्धक परिणामों के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने व उन्हें जागरूक करने हेतु सभी महिला पुलिसकर्मियों को दिए गए आदेशों के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक व सशक्त किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु "शक्ति दीदी" नियमित अन्तराल पर विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक "शक्ति दीदी" के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं के साथ बेहतर/निरंतर संवाद हेतु "शक्ति दीदी" व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जुड़ी हैं। समस्या कोई भी हो कभी भी, कहीं भी ग्रामीण महिलाएं "शक्ति दीदी" से निसंकोच बात कर सकती हैं। खाकी रंग में कार्यरत शक्ति दीदी भ्रमण के दौरान महिलाओं के विभिन्न समस्याओं जैसे- विधवा पेंशन या कोई शोहदा किसी को परेशान कर रहा हो या एफ.आई.आर. की कॉपी मिलने में दिक्कत हो यह सब चीजों का समाधान तुरंत प्रार्थना पत्र के साथ करा सकती हैं एवं द्ध.द्ध.ह्. की प्रति थाने से प्राप्त कर व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर सकती हैं।

आज दिनांक-23.03.2025 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत "शक्ति दीदी" द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं/बालिकाओं व बच्चों से महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज़-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ



वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन योजना, सखी निवास योजना, स्पांसरशिप योजना, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उ0 प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग करस्पान्डेंट सखी, लखपति दीदी कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

# जयगुरुदेव प्रेमियों के लिए मुक्तिदिवस सबसे पवित्र दिन-प्रेमशंकर

स्वतंत्र प्रभात

मुक्तिदिवस के अवसर पर 23 मार्च के दिन चकपड़ौना स्थित जयगुरुदेव आश्रम में सत्संग सुनने के लिए जनपद भदोही के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आना हुआ।इस अवसर पर संगत भदोही के अध्यक्ष प्रेमशंकर मौर्य ने बताया कि आज 23 मार्च का दिन हम सभी जयगुरुदेव प्रेमियों के लिए बहुत ही खुशी और उत्सव का दिवस है।आज के इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि 29 जून 1975 को गुरु महाराज को मथुरा से गिरफ्तार कर लिया गया था फिर आगरा जेल से बरेली,बरेली से बंगलौर फिर दिल्ली और तिहाड़ जेल में भेजा गया।5 माह तक बाबाजी को बेड़ियां पहनाई गई और असहनीय कष्ट दिए गए और 23 मार्च 1977 को अपरान्ह 3 बजे बाबाजी को लगभग 468 दिवस जेल में रहने के बाद रिहा कर दिया गया इसलिए हम सब प्रेमी आज 23 मार्च को उत्सव के रूप में मनाते हैं और सत्संग का आयोजन करते हैं।

सत्संग सुनाते हुए प्रेमशंकर मौर्य ने बताया अपनी इंद्रियों को संयमित कर मन को एकाग्रचित्त कर प्रभु की भक्ति मे सांसारिक मोह माया की जकड़न से निकलकर प्रभु के भक्ति का भाव लेकर गृहस्थ कार्यो में रत रहना चाहिए जिससे साधन-भजन बनेगा और प्रभु की प्राप्ति का मार्ग सरल होगा।मानव जन्म बड़े सौभाग्य से मिलता है इसलिए इस नर तन को पाकर हमे इसे भोग और विलास में नहीं लगाना चाहिए बल्कि ईश्वर की प्राप्ति में लगाना चाहिए।

एक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि

एक समय की बात है, एक गाँव में दो किसान रहते थे। दोनों ही बहुत गरीब थे, दोनों के पास थोड़ी थोड़ी ज़मीन थी, दोनों उसमें ही मेहनत करके अपना और अपने परिवार का गुजारा चलाते थे। कुछ समय पश्चात दोनों की एक ही दिन एक ही समय पर मृत्यु हो गयी। यमराज दोनों को एक साथ भगवान के पास ले गए। उन दोनों को भगवान के पास लाया गया। भगवान ने उन्हें देख के उनसे पूछा, अब तुम्हें क्या चाहिये, तुम्हारे इस जीवन में क्या कमी थी, अब तुम्हें क्या बना कर मैं पुनः संसार में भेजूं?भगवान की बात सुनकर उनमें से एक किसान बड़े गुस्से से बोला, हे भगवान! आपने इस जन्म में मुझे बहुत घटिया ज़िन्दगी दी थी। आपने कुछ भी नहीं दिया था मुझे। पूरी ज़िन्दगी मैंने बैल की तरह खेतो में काम किया है, जो कुछ भी कमाया वह बस पेट भरने में लगा दिया, ना ही मैं कभी अच्छे कपड़े पहन पाया और ना ही कभी अपने परिवार को अच्छा खाना खिला पाया। जो भी पैसे कमाता था, कोई आकर के मुझसे लेकर चला जाता था और मेरे हाथ में कुछ भी नहीं आया। देखो कैसी जानवरों जैसी ज़िन्दगी जी है मैंने।उसकी बात सुनकर भगवान कुछ समय मौन रहे और पुनः उस किसान से पूछा, तो अब क्या चाहते हो तुम, इस जन्म में मैं तुम्हें क्या बनाऊँ।भगवान का प्रश्न सुनकर वह किसान पुनः बोला,भगवन आप कुछ ऐसा कर दीजिये, कि मुझे कभी किसी को कुछ भी देना ना पड़े। मुझे तो केवल चारों तरफ से पैसा ही पैसा मिले।अपनी बात कहकर वह किसान चुप हो गया। भगवान ने उसकी बात सुनी और कहा,





तथास्तु, तुम अब जा सकते हो मैं तुम्हे ऐसा ही जीवन दूँगा जैसा तुमने मुझसे माँगा है।उसके जाने पर भगवान ने पुनः दूसरे किसान से पूछा, तुम बताओ तुम्हें क्या बनना है, तुम्हारे जीवन में क्या कमी थी, तुम क्या चाहते हो?

उस किसान ने भगवान के सामने हाथ जोड़ते हुए कहा, ÷हे भगवन। आपने मुझे सबकुछ दिया, मैं आपसे क्या मांगू। आपने मुझे एक अच्छा परिवार दिया, मुझे कुछ जमीन दी जिसपर मेहनत से काम करके मैंने अपने परिवार को एक अच्छा जीवन दिया। खाने के लिए आपने मुझे और मेरे परिवार को भरपेट खाना दिया। मैं और मेरा परिवार कभी भूखे पेट नहीं सोया। बस एक ही कमी थी मेरे जीवन में, जिसका मुझे अपनी पूरी ज़िन्दगी अफ़सोस रहा और आज भी हैं। मेरे दरवाजे पर कभी कुछ भूखे और प्यासे लोग आते थे, भोजन माँगने के लिए, परन्तु कभी-कभी मैं भोजन न होने के कारण उन्हें खाना नहीं दे पाता था, और वो मेरे द्वार से भूखे ही लौट जाते थे। ऐसा कहकर वह चुप हो गया।"भगवान ने उसकी बात सुनकर उससे पूछा, तो अब क्या चाहते हो तुम, इस जन्म में मैं तुम्हें क्या बनाऊँ। किसान भगवान से हाथ जोड़ते हुए विनती की, हे प्रभु! आप कुछ ऐसा कर दो कि मेरे द्वार से कभी कोई भूखा प्यासा ना जाये।

भगवान ने कहा, तथास्तु, तुम जाओ तुम्हारे द्वार से कभी कोई भूखा प्यासा नहीं जायेगा।अब दोनों का पुनः उसी गाँव में एक साथ जन्म हुआ। दोनों बड़े हुए।पहला व्यक्ति जिसने भगवान से कहा था, कि उसे चारों तरफ से केवल धन मिले और मुझे कभी किसी को कुछ देना ना पड़े, वह व्यक्ति उस गाँव का सबसे बड़ा भिखारी बना। अब उसे किसी को कुछ देना नहीं पड़ता था, और जो कोई भी आता उसकी झोली में पैसे डालके ही जाता था।और दूसरा व्यक्ति जिसने भगवान से कहा था कि उसे कुछ नहीं चाहिए, केवल इतना हो जाये की उसके द्वार से कभी कोई भूखा प्यासा ना जाये, वह उस गाँव का सबसे अमीर आदमी बना।आगामी 01 अप्रैल को गुलौरी गांव में आयोजित श्री रामप्यारे यादव के यहां मथुरा के राष्ट्रीय उपदेशक आदरणीय श्री सतीश जी महाराज के आगमन की सूचना और जनपद वासियों को निमंत्रण दिया। इस दौरान संगत व्यवस्थापक पंधारी जी, ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. विजय श्रीवास्तव, गुलाब, उमेश मिश्र, इंद्रजीत, शोभनाथ, झल्लू,मानिकचन्द, श्रद्धा, रवि प्रकाश आदि जन मौजूद रहे।

# बिना किसी पक्षपात के भाजपा सरकार विकास कार्यो को प्रदान कर रही गति

**● मऊ में बोले जिले के प्रभारी मंत्री**

स्वतंत्र प्रभात

**मऊ, चित्रकूट:** जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने रविवार को जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मऊ में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। ब्लाक मुख्यालय मऊ में रविवार को ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा द्वारा भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) एवं पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाओं का संचालन कर रहे है। कार्यकर्ता इन योजनाओं को आम जनमानस तक प्रचारित करें। जिससे लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता क्षेत्रीय जनता की समस्याओं से उन्हें अवगत कराए। जिससे बतौर प्रभारी मंत्री वह क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से करा सकें।

पूर्व विधायक आंनद शुक्ला ने कहा कि नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने



जिलाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन करने के बाद कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं किया। इसके बावजूद उनका समर्पण देखते हुए जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष सम्पूर्ण अनुसूचित जाति के मतदाताओं के साथ सर्वसमाज के लोगों मतदाताओं को पार्टी से जोडते हुए आगामी 2027 में जिले की दोनों विधानसभा सीटों को भाजपा के खाते में डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे। इस मौके पर राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, जिलामंत्री मनोज तिवारी, प्रेमलाल बाल्मिकी, पूर्व जिला महामंत्री विकास मिश्रा, मऊ के पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवाकांत बलुआ, कामता मिश्रा, प्रभात कुमार पांडेय, संदीप त्रिपाठी, महेश पाण्डेय, अनूप द्विवेदी, अतुल द्विवेदी, शिवशरण शुक्ला, निशेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** कौंग्रेस ने कुशल सिंह पटेल को पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पुनः जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने पर कुशल सिंह पटेन ने जनपद की तहसीलों व गांवों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। जिलाध्यक्ष के पहाड़ी पहुंचने पर निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ नेता विनय सिंह चौहान सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया गया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने ग्राम करौंदी, बोडी पोखरी, भौंरी, खोह पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने जिला मुख्यालय के पटेल तिराहे पहुंचकर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा चित्रकूट जाकर भगवान कामतानाथ का आशीर्वाद लिया। रविवार को कौंग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल का स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने पिछड़ी जाति से आने वाले गरीब किसान परिवार के बेटे को दोबारा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। जिसका निवर्हन करते हुए वह सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जिले में कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि सभी लोग मिलकर जिले में कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करें। वरिष्ठ नेता गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर किसान नेता तीरथ सिंह, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, मोहन विश्वकर्मा, राजेश सिंह, बृजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, राकेश वर्मा, शिवगुलाम वर्मा, राकेश वर्मा, चुनबाद प्रसाद, सविता पाल, महेंद्र सिंह पटेल, मेहंदी हसन, जगजाहिर पटेल, कालीचरण राजपूत, शिवशंकर खंगार, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, उपेंद्र द्विवेदी, आलोक रंजन, विनीत द्विवेदी, अंकित शुक्ला, शिव प्रसाद, अजीत शुक्ला, इंद्रजीत उपाध्याय, सुरेश यादव, गुरु प्रसाद, पंकज पांडेय हरिओम पांडेय, मानवेंद्र सिंह पटेल, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, भोला नामदेव, राज नारायण यादव, उमाशंकर पांडेय, चंद्रशेखर सिंह, महेंद्र शुक्ला, भगवानदीन, समदरिया, नवनीत आदि कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जाहिर की।

# दो दिवसीय गोष्ठी का हुआ समापन, विद्वानों ने व्यक्त किए विचार

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में सांविधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शाखा विधान भवन लखनऊ द्वारा 'भारतीय न्याय संहिता- 2023 समाविष्ट राष्ट्र निर्माण संकल्प की सकारात्मक अवधारणा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय विचार गोष्ठी का समापन रविवार को हुआ। समापन सत्र में विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 समाविष्ट राष्ट्र निर्माण संकल्प की सकारात्मक अवधारणा विषय में विद्वानों द्वारा जो विचार व्यक्त किए गए है, वह हमारे देश के न्यायिक व्यवस्था के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक है। कहा कि विचारणीय विषय निःसन्देह समाज और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करने वाला है। कहा कि भारतीय न्याय संहिता में संशोधन भारत के न्याय और समानता को स्थापित करने में परिवर्तनकारी मील के पत्थर साबित होंगे। भारत तेजी से विकसित हो रहे कानूनी परिदृश्य की जटिलताओं को संचालित कर रहा है और इन परिवर्तनों के बीच भारतीय न्याय संहिता में इन संशोधनों का महत्व अतुलनीय है। यह न केवल विधायी कौशल को दर्शाते हैं बल्कि मानव की गरिमा को बनाए रखते हुए कमजोर लोगों की रक्षा करने और ऐसे भविष्य को बढ़ावा देने के प्रति गहन प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।

कहा कि भारतीय न्याय संहिता में होने वाले संशोधनों का भारत में महिलाओं और बच्चों के लिए प्रभाव गहरा और व्यापक है। ये सुधार एक सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत समाज की दिशा में एक निर्णायक कदम का संकेत देते हैं। दण्ड के यह प्रावधान संभावित अपराधियों को हतोत्साहित करते हैं और सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदण्डों को मजबूत करते हैं। कहा कि भारतीय न्याय संहिता में डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रसार के साथ, संशोधनों में बच्चों के खिलाफ ऑनलाइन अपराधों को विशेष रूप से लक्षित करने वाले प्रावधान शामिल हैं। इसमें साइबर बुलिंग, बाल अश्लीलता और ऑनलाइन



ग्रूमिंग जैसी समस्याओं को सम्बोधित करने वाले नये अनुभागों को भारतीय न्याय संहिता में शामिल किया गया है, जिन्हें संगठित अपराध के तौर पर स्थापित किया गया है, जो डिजिटल युग में नाबालिगों की सुरक्षा के लिए एक सक्रिय रूख दर्शाते हैं, ये उपाय मौजूदा कानूनों में खामियों को बंद करने और तकनीकी प्रगति का नापाक उद्देश्यों के लिए शोषण करने वाले अपराधियों के खिलाफ मजबूत कानूनी उपाय प्रदान करने का लक्ष्य रखते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि चित्रकूट न्याय और तप की भूमि है। भारतीय न्याय संहिता 2023 की खूबियों, उपलब्धियों के लिए उन्होंने सभापति के माध्यम से प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। इस मौके पर विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक शिवेन्द्र सिंह, विशेष सचिव प्रताप नारायण द्विवेदी, उप सचिव भुवनेश कुमार, अनु सचिव धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, समीक्षा अधिकारी पुनीत द्विवेदी, रजिस्टार राजेश सिंह, मणिशंकर शंकर पांडेय, महेश आर्या, शिवबोध राम, वीणा पांडेय, डॉ बृजेश चंद्रा, डॉ अरुण यादव, राजकुमार चोपड़ा, डॉ राजेश्वर प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

# स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला खो-खो प्रतियोगिता में गाजीपुर पहले एवं प्रयागराज दूसरे स्थान पर

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 21 से 23 मार्च, 2025 तक ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सलील राय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, के कर कमलो द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रेम कुमार, क्षेत्रीय कीडा अधिकारी द्वारा बुके, संदीप गुप्ता कीड़ाधिकारी द्वारा बैज लगाकार एवं आर.एस. बेदी अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाडी द्वारा शॉल पहनाकर एवं अरुण प्रताप सिंह सचिव खो खो संघ प्रयागराज,अरविन्द कुमार सोनकर कीड़ाधिकारी, श्री देवी प्रसाद उप कीड़ाधिकारी, श्री मनीष गुप्ता उप कीडाधिकारी द्वारा गुलाब स्टिक देकर उनका स्वागत किया गया। आज दिनांक 23 मार्च, 2025 को सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच के परिणाम निम्नवत हैः- प्रथम सेमी फाइनल में गॉजीपुर ने देवरिया को 11-02 से हराया, द्वितीय सेमी फाइनल प्रयागराज ने गोरखपुर को 05-04 से हराया। फाइनल मैच गॉजीपुर एवं प्रयागराज के मध्य खेला गया जिसमें गॉजीपुर 10-07 से विजेता रही। उक्त प्रतियोगिता में प्रकाश मिश्रा लखनऊ (प्रतियोगिता मैनेजर), अजीत सिंह यादव लखनऊ, रंजीत चौरसिया प्रयागराज, अंकित कनौजिया प्रयागराज, राधेश्याम मौर्य प्रयागराज, आकाश पटेल रायबरेली, विकास यादव प्रयागराज, यशदीप शर्मा लखनऊ रोहित शर्मा लखनऊ निखिल कुमार सिंह लखनऊ, योगेश कुमार लखनऊ ने ऑफिसियल की भूमिका नभाई। इस अवसर पर शिवबाबू निषाद, गौरव कुमार गौड़ सत्येन्द्र सिंह, श संजय कुमार श्रीवास्तव, अतुल कुमार सोनकर, एम.एच. चौधरी सेवानिवृत्त कीडाधिकारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में चोरी के शक में शिक्षक ने मासूम को बेरहमी से पीटा, दिए करंट के झटके!

स्वतंत्र प्रभात



प्राथमिक विद्यालय के एक अध्यापक ने कक्षा तीन के छात्र को चोरी के आरोप में पीटने और प्रधानाध्यापक कक्ष में ले जाकर उसे करंट का झटका दिया। घटना को लेकर परिजनों में आरोपी अध्यापक के प्रति आक्रोश है। एक गांव निवासी राधेश्याम बिंद का नाती कक्षा तीन में पढ़ता है। शुक्रवार को मांडा ब्लॉक में एक बैठक में हुई। इसी दौरान विद्यालय के एक छात्र ने विद्यालय के एक अध्यापक से शिकायत की कि उसका डेढ़ सौ रुपये किसी ने चोरी कर ली है। शिकायत पर अध्यापक ने आरोपी छात्र को बुलाकर पहले उसकी तलाशी ली। आरोप है कि रुपये न मिलने पर उसे डंडे व थप्पड़ों से पीटा। छात्र ने बताया कि प्रधानाध्यापक के कमरे में ले जाकर उसे करंट का झटका भी दिया। घर पहुंच कर छात्र ने रोते हुए अपनी व्यथा परिजनों को बताई, तो वे छात्र को लेकर थाने पहुंचे, लेकिन इसी बीच विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने फोन करके छात्र के परिजनों को सोमवार को विद्यालय में बुलाते हुए आश्वासन दिया है कि वे मामले में दोषी अध्यापक के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। मामले में प्रधानाध्यापक ने बताया कि परिजनों से फोन पर वार्ता की गई है। सोमवार को विद्यालय खुलने पर शिकायत की जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई के लिए अफसरों को अवगत कराया जाएगा।

# विश्व जल दिवस : ग्लेशियर संरक्षण पर जन जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति एवं सामाजिक वानिकी द्वारा आज विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय श्री महादेव पब्लिक स्कूल ग्रामपंचायत खेड़ुआ माजरा बरावा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ,जल पुरुष रणविजय निषाद,डिप्टी रेंजर अवधेश कुमार, जेआरएफ अकबर अली , प्रबंधक प्रदीप सिंह , ग्राम प्रधान तीरथ यादव मौजूद रहे द्य कार्यक्रम में डीपीओ एशा सिंह ने बताया प्रतिवर्ष विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इस वर्ष की जल दिवस की थीम है ग्लेशियर को संरक्षित करने पर रखी गई है जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है जो जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों से दुनिया के जमे हुए जल संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देती है। ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो रहा है, जिससे जल चक्र बाधित हो रहा है और अरबों लोगों के लिए जीवन के अस्तित्व से जुड़े जल की सुरक्षा को खतरा है। जल की महत्ता को रेखांकित करते हुए जलपुरुष रणविजय निषाद ने कहा कि जल एवम् पेड़ पौधे प्रकृति द्वारा दिये गये ऐसे उपहार हैं, जो जीवन के आधार स्तंभ हैं; इनका दोहन भविष्य के लिए घातक होगा। हम सबको इस मुहिम में शामिल होकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। जल ही जीवन है।प्रबंधक प्रदीप सिंह यादव ने कहा कि सोखपिट के निर्माण, खुली हुई टोंटियों को बंद करने, बाथरूम में जग-मग के प्रयोग करने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। जेआरएफ अकबर ने कहा झीलों, तालाबों आदि का महत्व बताते हुए पेड़-पौधे, नदी-तालाब, मानव, पशु-पक्षी सभी एक-दूसरे पर आश्रित हैं। इनका सरंक्षण जरूरी है। कार्यक्रम में ग्रामीण वासियों एवं स्कूल के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा समापन में जल संरक्षण शपथ के साथ किया गया ।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1338 मरीज का किया गया इलाज

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिनांक 23-03-2025 को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है । डा0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने ब्लॉक मंझनपुर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,बैसकांठी , करारी एवं मंझनपुर का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शमसाबाद का निरीक्षण किया ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा /अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो के द्वारा भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया जाता है। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 45 चिकित्साधिकारी व 113 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी । आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1338 मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 04 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 68 गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

# मिट्टी ठेकेदारों के हौसले बुलंद, सरकारी जमीन सहित उपजाऊ जमीन को बना रहे निवाला



स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई।** बेनीगंज क्षेत्र में मिट्टी खनन का अवैध धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। परमिशन की आड़ में सरकारी जमीन सहित अन्य उपजाऊ जमीन खेतों को लगा रहे लाखों का चूना। पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग बना मुकदर्शक। घेरेहरा पुल से बरगदिया, जमुनिया, बानेकुईया,अल्लीपुर, बेलहिया,सिकंदरपुर, मढ़पाई पट्टी शादीपुर, हुलासपुर, भैनगांव तक मिट्टी खनन करने वाले माफिया सक्रिय है। जिनके द्वारा सरकारी जमीन में इतने गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं, जिनकी भराई करने के लिए लाखों रुपये की मिट्टी की जरूरत होगी। राजस्व को भी गहरा चूना लगाया जाता है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां कोतवाली क्षेत्र के गांव कमलापुर पोस्ट जारौवा निवासी अवधेश पांडे पुत्र विश्वनाथ ने बेनीगंज कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरी पुस्तैनी भूमि गाटा संख्या 19 में सलमान नामक व्यक्ति द्वारा रात के अंधेरे में जेसीबी व टैक्टर ट्रॉली के माध्यम से लगभग 3 फीट गहराई तक मिट्टी को खोदकर गायब कर दिया गया। उपरोक्त मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे खनन माफिया एवं पीड़ित पुलिस के बीच मामले को सुलझाने के प्रयास किए जाते रहे पर सभी प्रयास असफल साबित हुए। वही खनन का विरोध कर रहे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रोहित वैश्य ने कहा, आए दिन मुख्य सड़क मार्ग पर मिट्टी भर ट्रैक्टर ट्राली दिन के उजाले एवं रात के अंधेरे में निकलते रहते हैं जिन पर लगाम लगनी चाहिए। लगातार रातों रात खोदी जा रही मिट्टी को मोटी रकम के बदले खनन माफियाओ द्वारा आस पास निर्माणाधीन प्लाटों का ठेका लेकर उनकी भराई की जाती है। परमिशन के नाम पर कागजी खाना पूर्ति की जाती है। सूत्रों की माने तो अवैध मिट्टी खनन क्षेत्रीय पुलिस राजस्व के कुछ जिम्मेदारों की सह पर होता है।

# संगम क्षेत्र में सफाई अभियान का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी एवं अनिमेष कुमार सिन्हा प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के निर्देशानुसार दिनांक 23 मार्च 2025 को उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन एवं पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन अनुभाग, उत्तर मध्य रेलवे के तत्वावधान में संगम क्षेत्र में सफाई अभयान चलाया गया । ज्ञात हो कि संगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ के आवागमन के कारण घाट पर काफी कचरा एकत्रित हो गया था । इस कचरे की सफाई में योगदान देने के लिए उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन एवं पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन अनुभाग, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सफाई अभियान का आयोजन किया गया । इस अभियान का नेतृत्व चेतना जोशी, अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने किया तथा शिवाजी कदम मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक, मुकेश कुलश्रेष्ठ उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, प्रतिभा कदम एवं स्काउट एवं गाइड टीम के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया । इस अभियान के दौरान इकट्ठा किए गए कचरे को रिसाइकल बैग में एकत्रित किया गया । चेतना जोशी ने स्नानर्थियों से घाट को स्वच्छ रखने, पानी में फूल, कपड़ा इत्यादि न फेकने की अपील भी की । इस दौरान पानी बचाओ गंगा बचाओ के नारे के साथ रैली का भी आयोजन किया गया तथा स्काउट एवं गाइड टीम को स्टील की थाली एवं कपड़े के थैले भी दिये गए। स्टील प्लेटों एवं कपड़े के थैलो को बांटने का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना है। इसके पश्चात सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी एवं फल वितरण किया गया । चेतना जोशी अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने सुनियोजित और टीम भावना से किए गए कार्यो की प्रशंसा की । इस अभियान में कुल 100 लोगो ने हिस्सा लिया । लगभग तीन घंटे चले इस सफाई अभियान में कुल 3 टन कचरा एकत्रित किया गया । इस अवसर पर मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी तथा आने वाली गर्मियों में पौधों के संरक्षण के लिए ÷एक बोतल एक प्लांट÷ अभियान चलाने का अनुरोध भी किया गया । इस गतिविधि में श्री शिवाजी कदम मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबन्धक, अखिलेश कुमार सिंह वरिष्ठ खंड इंजीनियर रवि कान्त पर्यवेक्षक स्काउट एवं गाइड, सतपाल इत्यादि रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे ।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति की बैठक हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति के सभापति इंजी0 अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, प्रतापगढ़ में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी व प्रतापगढ़ की समीक्षा की गयी। बैठक में दैवीय आपदा प्रन्धन जांच समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी, डा0 के0पी0 श्रीवास्तव, अंगद कुमार सिंह सहित अन्य समिति के सदस्य व जनपद प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़ व कौशांबी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने जनपद में हुई आपदा घटनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में माननीय सभापति अवनीश कुमार सिंह द्वारा आपदा पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए अधिकारियों को संवेदनशील रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत जनपद स्तर पर जो भी कार्य योजना बनाई जाए उसमें इस बात का ध्यान रखा जाये जिससे कि किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए व्यापक इंतजाम हो। बैठक में सभापति ने सर्पदंश से होने वाली मृत्यु के पश्चात मिलने वाली अहेतुक राशि के सम्बन्ध में लोगों को पोस्टमार्टम कराने हेतु जागरूक करने पर जोर दिया साथ ही साथ सभी सरकारी अस्पतालों में एन्टी स्नेक वेनम की भरपूर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा डूबने से होने वाली मौतों के सम्बन्ध में ऐसे स्थानों को चिन्हित करके वहां पर चेतावनी बोर्ड लगाने का भी सुझाव दिया गया। समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्पदंश के मरीजों को रेफर कदापि न किया जाये, जो भी चिकित्सकीय उपचार है तत्काल कराया जाये जिससे मरीजों की जान को बचाया जा सके। इसके साथ ही सभापति ने शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति के सभापति व अन्य सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि जो भी निर्देशित सभापति व अन्य समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये है, प्लान बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश सरकार के सकुशल 8 वर्ष पूर्ण होने पर जिला कार्यालय में उत्सव अभियान की तैयार की गयी रूपरेखा

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** आगामी कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश सरकार के सकुशल 08 वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव अभियान 24 मार्च से 14 अप्रैल 2025 तक चलाया जाएगा इस अभियान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होना सुनिश्चित करना है यह अभियान प्रदेश कार्यशाला में माननीय प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह द्वारा कार्य योजना के अनुसार पूर्ण करना है साथ ही आगामी 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथ पर बैठक कर सरकार के 08 वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा करना है तथा कार्यकर्ताओं के घर पर झण्डा लगाना है सम्पर्क कार्यक्रम द्वितीय चरण में 07,08,09 अप्रैल को वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को आवंटित शक्ति केन्द्र /गांव में जो शेष रह गये हैं उसको पूर्ण करना है। तथा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर जिले में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं स्वच्छता कार्यक्रम करना हैं एवं जिले के सभी बूथों पर चित्र लगाकर पुष्पार्चन करना है व भाजपा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता विषयों पर किए गए कार्यो की चर्चा भी करनी है। सरकार द्वारा आयोजित लाभार्थी मेला वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट स्टाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और योजनाओं की प्रदर्शनी लगाना है इस प्रदर्शनी में संख्या की व्यवस्था करना है प्रदर्शनी में संख्या की दृष्टि से जिले के मंडल को अलग-अलग दिन की योजना करना है। ऐसी तमाम बातों को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने विस्तार से बताया व कार्ययोजना तय की गई इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री ब्रम्ह प्रसाद त्रिपाठी, कार्यक्रम के सह संयोजक कमल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, पूर्व सांसद विनोद सोनकर, पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, जिला उपाध्यक्ष चक्रेश मिश्रा, अजय पाण्डेय, अरविंद द्विवेदी,जिला मंत्री शीलू पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय,नितिन पासी, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य,जिला पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, मण्डल अध्यक्षगण, व वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# विकास खण्ड के प्रांगण में होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** विकासखंड कछौना के प्रांगण में होली मिलन एवं कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने पहुंचकर सभी का हौसला बढ़ाया। आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। डबल इंजन के नेतृत्व में देश उन्नत की ओर अग्रसर हो रहा है। जिला हरदोई को आदर्श जिला बनना है। सरकार बिना भेदभाव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रही है। चुनाव के समय विपक्षी पार्टियों जनता में भ्रम फैलाने का कार्य करती है। कांग्रेस पार्टी भ्रम फैलती है। यह संविधान बदल देगी, लेकिन कर्नाटक प्रदेश में विशेष समुदाय का अतिरिक्त आरक्षण पास कर अपनी तुष्टीकरण की सोच को जाहिर कर दिया है। सपा पार्टी एक विशेष जाति व जिले में नौकरशाही देने का कार्य करती है। हमारी पार्टी बिना भेदभाव, बिना जाति पांति के समान भाव पात्रता के आधार पर नौकरी देने का कार्य कर रही है। एक कुंभ आयोजन धार्मिक व आस्था का प्रतीक है। जिस पर विपक्ष की पार्टियां गलत रिपोर्टिंग कर सनातन की आस्था पर चोट पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर सांसद अशोक रावत ने अपने संबोधन में कहा सभी को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा मोदी योगी के नेतृत्व में देश का चौहुमुखी विकास हो रहा है। गांव गांव सड़कों का जाल बन गया है। जिले व क्षेत्र को हाईवे से जोड़कर नई दिशा दे दी है। विधायक रामपाल वर्मा ने संबोधन में कहा सभी लोग एक दूसरे से गिले शिकवे भुलाकर होली के पर्व पर एक नई शुरुआत करें। क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहे। जनता से सीधा संवाद है। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा होली पर्व आपसी सौहार्द का भाव है। प्रेम भाईचारा से देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करें। सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा कछौना विकासखंड हमारी जन्म व कर्म भूमि है। इस क्षेत्र के लोगों से पारिवारिक रिश्ता है। वह लगातार 40 वर्षो से कछौना के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। यह होली मिलन समारोह जनता और जनप्रतिनिधि के बीच नहीं बल्कि परिवार के सदस्यों का आपसी मेल मिलाप है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राधारमण शुक्ला उर्फ पंकज ने सभी क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाएं दी, उन्होंने कछौना क्षेत्र की ज्वलंत समस्या को मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। हाईवे निर्माण के चलते बालामऊ जंक्शन से कानपुर ब्रांच लाइन पर ओवर ब्रिज पुल का निर्माण कराया गया। जिससे रेलवे क्रॉसिंग का गेट नंबर 96ए बंद कर दिया जाएगा। जिससे काफी असुविधा होगी। नौनिहालों छात्रों आमजन मानस को काफी दिक्कत होगी। यह गेट बंद होने से जनजीवन प्रभावित होगा, आने वाली पीढ़ी हम सबको माफ नहीं करेगी, वह कहेगी जिनके हाथों में नेतृत्व की जिम्मेदारी थी, वह लोग मूकदर्शक बने रहे। इस अवसर पर सांसद अशोक रावत ने बताया रेल मंत्री को यह रेलवे क्रॉसिंग यथावत रखने व अंडर पास के विषय में पत्र लिखा गया। इस अवसर पर क्षेत्र के युवा कवियों ने काव्य की अमृत वर्षा में श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि गजल गायक आलोक अवी, गीतकार कृतार्थ पाठक, गजलकार कमर खां, हास्य कवि मृत्युंजय देव शुक्ला, ओजस्वी कवि तेजस्वी अवस्थी, ओजस्वी हास्य वीर रस व्यंग्य की भरपूर कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी रचनाओं से समां बांधा दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अजय शुक्ला ने किया, युवा नेता संचित अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर क्षेत्र की ब्लॉक प्रमुख रामश्री, पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्यगण, पूर्व जिला पंचायत सदस्यगण, ग्राम प्रधानगण, पूर्व प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण, सभासदगण, प्रबंधकगण, व्यापारीगण, प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन एक ऐतिहासिक नजीर पढ़ गई। सभी आपसी गिला शिकवा भूल कर होली के रंग में रंग गए।

# जय गुरुदेव के अनुयायियों ने धूमधाम से मनाया मुक्ति दिवस



**पिहानी (हरदोई)।** आपात काल की अंधियारी में, गुरू को पकड़ा हत्यारी ने। अब वो दिन प्रभु कभी न आए, आओ मुक्ति दिवस मनायें।। बेड़ी और हथकड़ी डाला, लालच का फंदा भी डाला। पर गुरू संकल्प न मिटा मिटाये, आओ मुक्ति दिवस मनायें इसी प्रार्थना के साथ पिहानी कस्बे के जय गुरुदेव आश्रम पर रविवार को मुक्ति दिवस मनाया गया। जहां ध्वजारोहण कर प्रार्थना की गई। इस दौरान जय गुरूदेव के सत्संगियों ने अपने-अपने घरों पर जय गुरुदेव की ध्वज पताका फहराई। कस्बे के रामलीला मैदान के निकट स्थित बाबा जयगुरुदेव आश्रम पर रविवार को मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम पर जय गुरुदेव नाम की ध्वज पताका आश्रम के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद मिश्रा के साथ आश्रम के मुख्य सेवा दार जगत राम मिश्रा, अनुज राठौर ,उमेश वर्मा,कमलेश गुप्ता राम सहाय प्रजापति श्रीपाल ,संतराम, दयाराम, रामकली वर्मा ,शांति देवी राठौर ,विनोदिनी देवी ,भोलानाथ मिश्र ,अलख राम ,सीमा देवी ने फहराई।?बाद में उपस्थित महिला व पुरुष सत्संगियों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की।वही आश्रम पर लग रही बाबा जयगुरुदेव की तस्वीर व चरण पादुका पर पुष्पो से सजावट की गई।उपस्थित सत्संगियों ने सामूहिक रूप से बाबा जयगुरुदेव की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि देश में इमरजेंसी लगने के दौरान बाबा जयगुरुदेव ने सरकार के खिलाफ आंदोलन व जन जागरण अभियान चलाया था। इससे खफा होकर तत्कालीन शासक ने बाबा जयगुरुदेव को बंदी बनाकर तिहाड़ जेल में बंद कर दिया था।23 मार्च 1975 को बाबा जयगुरुदेव को जेल से रिहा किया गया था ।बाबा जयगुरुदेव के जेल से मुक्त होने की याद में ही बाबा जयगुरुदेव के सत्संगी 23 मार्च को मुक्ति दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर जय गुरुदेव आश्रम के बाहर सत्संगी रविवार को दोपहर 3ः00 बजे तक उपवास रख रहे हैं।वहीं 3ः00 बजे से जय गुरुदेव आश्रम में सत्संग व बाद में भंडारे का आयोजन किया गया । इस दिन सत्संगी व्रत रखते हैं जो कि सत्संग के बाद शाम को प्रसाद ग्रहण करेंगे

## संक्षिप्त ख़बरें

### वर्दी मेरा जुनून डिफेंस एकेडमी में 01 अप्रैल से नए बैच का शुभारंभ



**रांची, झारखंड-** वर्दी मेरा जुनून डिफेंस एकेडमी, मोरहाबादी बिरसा कॉलोनी, रांची में 01 अप्रैल से नए बैच की शुरुआत होने जा रही है। संस्थान के निदेशक वीरेंद्र साहू ने जानकारी दी कि यह विशेष बैच अग्निवीर, एसएससी जीडी, आरपीएफ और झारखंड पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। संस्थान में अभ्यर्थियों को शारीरिक प्रशिक्षण (फिजिकल) और लिखित परीक्षा की उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी। परीक्षा के नवीनतम पैटर्न को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे उम्मीदवारों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। वहीं अब तक, यह संस्थान कई सफल अभ्यर्थियों को तैयार कर चुका है, जो विभिन्न सुरक्षा बलों में सेवा दे रहे हैं। वर्दी मेरा जुनून डिफेंस एकेडमी का लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रशिक्षित करना है। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी प्राप्त करने और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ने के लिए संस्थान के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### विजैया में 40 महिलाओं को केंचुआ खाद प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित



**बरही-** बरही प्रखंड के ग्राम विजैया में आयोजित केंचुआ खाद पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण माधव पासवान के घर के हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षु लालमनि राम द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मो कैयूम ने सभी 40 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को जैविक खेती से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना था। ग्राम विजैया में 5 दिवसीय केंचुआ खाद प्रशिक्षण का समापन हुआ जिसमें 40 महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व प्रशिक्षु लालमनि राम ने किया। समापन समारोह में मो कैयूम ने प्रमाण पत्र वितरित किए। यह प्रशिक्षण जैविक खेती को बढ़ावा देने और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सड़क हादसे में अधिवक्ता सह नोटरी मजिस्ट्रेट की मौत, अधिवक्ताओं में शोक की लहर



**बरही, झारखंड-** बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर चौक से पहले हुई एक सड़क दुर्घटना में बरसोत निवासी 69 वर्षीय रामकृष्ण प्रसाद उर्फ आर. के. नटवर पिता स्व. द्वारिका प्रसाद की मौत हो गई। वह अपनी मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 बीके 3251 से बरही की ओर जा रहे थे, जब एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे और शव को भेजवाने में सहयोग किया। बताते चलें कि आर. के. नटवर बरही अनुमंडल में अधिवक्ता सह नोटरी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा वह पीएचडी, एनएसडी, एलएलबी किए हुए थे। साथ ही बरही विधानसभा से उन्होंने 1991 में चुनाव भी लड़ा था। उनके आकस्मिक निधन से परिवार वालो का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, अधिवक्ता समाज और शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में बरसोत निवासी अधिवक्ता अजित कुमार, बरही बार एसोसिएशन के अध्यक्ष झारखंडी साहा, सचिव राज कुमार प्रसाद, उपाध्यक्ष उदय सिन्हा, संयुक्त सचिव रामचंद्र साव, कार्यकारिणी सदस्य सुजित कुमार, अधिवक्ता रामचंद्र चौधरी, राजेश चौधरी, रामकृत सिंह, रामचंद्र राणा, सुशील सिंह, मंजीत कुमार, कुंजल साव, के पी चौधरी, राजीव गुप्ता, राधेलाल चौधरी, सौरभ सिन्हा, बैजनाथ प्रसाद, गोबिंद प्रसाद, मनी लाल चौधरी सहित कई अधिवक्ता शामिल है।

## सांस्कृतिक चेतना भारतीय राष्ट्रीय जन-जीवन धारा को गतिशीलता प्रदान कर देश को पुनः समृद्धशाली करेगा- हिन्दू विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** आर्यावर्त प्राचीन काल से अति विशिष्ट धर्म प्रधान राष्ट्र है जिसकी सांस्कृतिक सुरभि से सम्पूर्ण विश्व मोहित होता रहा है। यद्यपि 10वीं सदी में शक्तिशाली सम्राट के नहीं रहने के कारण भारत वर्ष जैसे समृद्ध एवं आध्यात्मिक धर्म प्रधान राष्ट्र पर विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं ने चढ़ाई कर धन-संपदा की लूटपाट करते हुए भीषण अमानवीय यातनाएँ दीं। हालांकि सातवीं सदी में ही मुस्लिम आक्रांताओं ने भारत पर आक्रमण करना प्रारंभ कर दिया था। वहीं दूसरी ओर भारत वर्ष की केन्द्रीय सत्ता में शक्तिशाली सम्राट के अभाव में तत्कालीन राजाओं में राष्ट्रीय भाव की कमी और आपसी प्रतिद्वंद्विता ने विदेशियों को भारत आने का अवसर प्रदान किया और वे वर्षों तक शासन करते रहे जिससे न केवल प्रचूर धन-संपदा की लूट हुई बल्कि धर्म परिवर्तन के साथ सांस्कृतिक मूल्यों की अपार क्षति भी हुई।

मुगलों के पतन के साथ भारत वर्ष की पावन धरा पर अंग्रेजों ने अपना विशाल साम्राज्य स्थापित करते हुए प्रचूर मात्रा में जन-धन का भरपूर शोषण किया। वहीं बड़ी कुटिलता और दूरदर्शिता पूर्ण षड्यंत्र के तहत सनातन सांस्कृतिक धाराओं को अपार क्षति पहुँचाई। उक्त संदर्भों की चर्चा के क्रम में हिन्दू विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने जोर देकर कहा है कि इस पराधीनता काल में सनातनियों की सांस्कृतिक चेतना लुप्त होने से ही स्वाभिमान नष्ट होता रहा जिससे भारत जैसे शौर्य और वैभवशाली वीर-महावीरों की पावन धरा एक हजार वर्षों तक पराधीनता की बेड़ियों में जकड़ी रही।

हालांकि मंच का मत है कि तत्कालीन घोर विपत्ति काल में भी संत-महात्माओं ने ईश्वरीय भक्ति की धारा बहाते हुए सांस्कृतिक चेतना जगाई। लेकिन कुटिल अंग्रेज शासकों ने प्रमाणिक एवं वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित शास्त्रों एवं ऐतिहासिक महत्व को विकृत कर जातियों में बाँटकर सनातनियों को भ्रमित किया तथा आपसी द्वेष फैलाकर कई प्रकार की भ्रांतियाँ फैलाई जिससे अपनी ही सांस्कृतिक मूल्यों और महापुरुषों के प्रति उपेक्षा का भाव उत्पन्न होता रहा। स्वतंत्रता के उपरांत भी हमें दिग्भ्रमित किया जाता रहा है।

इसमें कोई संशय नहीं कि किसी राष्ट्र अथवा देश को लंबे समय तक पराधीन बनाए रखना हो तो चतुर शासक उस देश के सांस्कृतिक मूल्यों को नष्ट कर देते हैं ताकि लोगों का स्वाभिमान नष्ट हो जाए और वे परनिर्भर बन जाएँ। मंच ने सनातन संस्कृति एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विस्तृत अध्ययन, मंथन और मनन के बाद इस निष्कर्ष पर पहुँचकर कहा कि अंग्रेज शासकों ने अपने शासनकाल में जितनी संपदा लूटी उससे भारत को कोई स्थायी क्षति नहीं हुई परंतु अंग्रेजों की कुटिल नीति से भारत की सांस्कृतिक धारा को अपार क्षति पहुँची। स्वतंत्रता के उपरांत भी इस भ्रमजाल को तोड़ने में राष्ट्रवादियों को कठिनतम संघर्ष करना पड़ा।

यद्यपि भारत माँ के सपूतों के कठिन संघर्ष और असंख्य बलिदानों के पश्चात भारत की पावन भूमि को कुटिल अंग्रेजों से मुक्त करा लिया गया, लेकिन उनकी नीति ने मजहब के आधार पर भारत का विभाजन कर पाकिस्तान नामक देश का निर्माण करा दिया। पाकिस्तान की नींव पड़ते ही 1947 में उसकी सेना कबाइलियों के वेष में जम्मू-कश्मीर पर हमला कर एक हिस्से पर कब्जा कर लिया जिसे हम पराधीन कश्मीर कहते हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत का संविधान बना और इस प्रजातांत्रिक राष्ट्र का प्रथम आम चुनाव 1952 में संपन्न हुआ। एक हजार वर्षों तक पराधीन रहने के बाद भारत स्वतंत्र हुआ और देशवासियों ने यह सपना देखा कि अब भारत में विकास का पहिया तेजी से घूमेगा और लोग सुखी होंगे। लेकिन भारत की प्रथम केन्द्रीय सरकार ने अंग्रेजों की नीति का अनुसरण करते हुए शिक्षा, मजहब, विवाह आदि संवेदनशील विषयों पर मुस्लिम कट्टरपंथियों की ओर झुकाव बनाए रखा जिससे सनातनियों की उपेक्षा प्रारंभ हुई।

इतना ही नहीं, स्वतंत्र भारत के इतिहासकारों ने भी एक हजार वर्षों में विदेशी शासकों द्वारा भारतीयों पर किए गए अमानवीय अत्याचारों का उल्लेख नहीं किया। क्या यह भारतीयों, विशेषकर सनातनियों, के साथ घोर अन्याय नहीं है? क्या मुगलों एवं अंग्रेजों का अन्यायपूर्ण शासन ही सम्पूर्ण भारत का इतिहास है? मुगलों का महिमामंडन एवं उनके नाम पर शहरों, गलियों व अन्य नगरों का नामकरण क्या उचित है?

हिन्दू विचार मंच ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकारों ने कट्टरपंथी मुस्लिमों के तुष्टीकरण हेतु वोट बैंक की लालच में वक्फ बोर्ड को अनावश्यक अधिकार दिए जिससे भारत में विवाद और गहराता गया। हिन्दू विचार मंच का कहना है कि भारत की स्वतंत्रता से 2014 तक 60 वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन इस लंबे शासनकाल में भारत की प्रगति कितनी हुई, इस पर टिप्पणी करना मंच का कार्य नहीं है। परंतु मंच का मानना है कि कांग्रेस सरकारों ने सनातन संस्कृति, धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों की उपेक्षा की तथा विशाल बहुसंख्यक सनातनियों को विभिन्न जातियों में बाँटकर आपसी वैमनस्यता को बढ़ावा दिया जिससे भारत विरोधी तत्वों को बल मिला और भारत की प्रगति बाधित होती रही।

लेकिन भारत की जनता, विशेष रूप से मतदाताओं, ने देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार सनातन संस्कृति, धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित राजनीतिक दल भाजपा को पूर्ण बहुमत देकर केन्द्रीय सरकार गठन का अवसर प्रदान किया। 2014 से 2024 तक के दस वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने राष्ट्रीय हित एवं भारतीय संविधान के आलोक में सीएए, तीन तलाक, जीएसटी, श्रीराम मंदिर निर्माण जैसे निर्णय लेकर बिना किसी पक्षपात के सामूहिक प्रगति को बढ़ावा दिया जिससे देश की जनता में विश्वास बढ़ा। वहीं दूसरी ओर, इन दस वर्षों में एक भी सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और देश की सीमाएँ सुरक्षित रहीं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, लेकिन एनडीए गठबंधन की सरकार मजबूती से कार्य कर रही है और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटी है।

मंच का मानना है कि भारत की सांस्कृतिक मूल्यों, अपनी रक्षा एवं राष्ट्रीय हित तथा सुरक्षा को राष्ट्रधर्म मानते हुए सनातनियों को विभिन्न जातियों में विभाजित न होकर एकजुट रहना होगा। हिन्दुओं की एकता किसी के विरुद्ध न होकर राष्ट्रीय हित और सामूहिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी।

## विधायक प्रकाश राम ने शून्य काल में उठाया जगराहा डैम का मामला

**● की सौंदर्यकरण, गहरीकरण और सफाई की मांग, भू-माफियाओं ने डैम की जमीन को भी नही बक्शा**

**कोल साइडिंग खुलने के बाद प्रदूषित हुआ डैम, उगने लगे शैवाल**

स्वतंत्र प्रभात



**लातेहार, झारखंड-** जिले की हृदयस्थली कहे जाने वाली चंदवा प्रखंड जिसके शहर का वाटर लाइफ लाइन कह जाने वाली जीवनदायनी जगराहा डैम मामले को विधायक प्रकाश राम ने शनिवार विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान उठाते हुए डैम का सौंदर्यकरण, गहरीकरण और सफाई की मांग की है। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि पिछले 7 वर्षों से लगातार इसमें शैवाल उग रहे थे। डैम का आकार भी सिकुड़ रहा है। इसे तत्काल संरक्षित करने की आवश्यकता है। विधायक ने विधानसभा सत्र में कहा कि डैम के लिए डेढ़ करोड़ रूपये का टेंडर भी हुआ था लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है।

### प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ गया जगराहा डैम

अब इसे प्रशासनिक उदासीनता ही कहें कि किसी भी प्रशासन के द्वारा अब तक इसमें किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। कुछ समय से उगे शैवाल अब ऐसा रूप ले लिया है जैसा मानो खेल का मैदान बन गया हो। प्रदूषण स्तर ऐसा बढ़ गया है कि डैम का पानी जहरीला हो गया है। जलीय जीव तड़प-तड़प कर मर गए। मछलियों का व्यपार करने वाले हाशिये में हैं। पशु भी इस पानी को पीने से कतरा रहे है।अधिकारी हैं कि आंख-कान बंद किये हैं। यह पहला मौका नहीं है जब नदी का पानी जहरीला हुआ है। पिछले 7-8 वर्षों से लगातार यही स्तिथि है।अतिक्रमणकारियों के द्वारा पहले ही डैम की जमीन को अतिक्रमण कर लिया गया है। जिन्हें अंचल कार्यालय के कई बाबुओं का आशीर्वाद प्राप्त था। हो हंगामा के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस मामले में आंदोलन भी खूब हुए आंदोलन भी खत्म हो गया और डैम भी खत्म होने के कारगर पर है।

### क्या है कारण

जगराहा डैम का अस्तित्व खतरे में मंडराने का सबसे बड़ा कारण है अतिक्रमण कार्यो के द्वारा जगराहा डैम के बड़े भू-भाग पर उनके द्वारा कब्जा कर लिया गया है। डैम वर्तमान में अपने वास्तविक आकार के विरुद्ध उसके आधे से भी कम रह गया है। जो डैम में पानी सालों भर रहता था उस डैम में पानी की जगह शैवाल दिख रहा है। शैवाल उगने की सबसे बड़ा वजह पानी का प्रदूषित होना है।

### नहीं चेते लोग तो भविष्य में पानी नहीं होगा नसीब

यदि लगातार यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में चंदवावासियों को पाने के लिए तरसना होगा। क्योंकि चंदवा का एकमात्र वाटर लाइफ जगराहा डैम ही है जो इन दिनों अपनी वजूद की लड़ाई लड़ रहा है। अगर जगराहा डैम का अस्तित्व खत्म हो जाएगा तो आने वाले समय में चंदवावासी पानी को तरसेंगे।

## डॉल्फिन प्रदर्शनी केंद्र में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**साहिबगंज, झारखंड-** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत साहिबगंज स्थित डॉल्फिन प्रदर्शनी केंद्र में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अभियान का संचालन वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग के नेतृत्व में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान गंगा के किनारों और जल क्षेत्र की सफाई की गई, जिससे जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नमामि गंगे डीपीओ अमित मिश्रा, वनपाल राणा रंजीत चौधरी, वनरक्षी सनी रजक डॉल्फिन वॉचर अभिषेक आनंद राजेश चौधरी, संतोष यादव सहित कई वनकर्मी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी ने "स्वच्छ जल, स्वस्थ भविष्य" के संकल्प को दोहराते हुए इस अभियान को निरंतर जारी रखने का प्रण लिया। आयोजन के दौरान स्थानीय लोगों को भी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई, जिससे अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ सकें। अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक कचरे को हटाने, जल को स्वच्छ बनाए रखने और जैव विविधता के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित अधिकारियों और वनकर्मियों ने गंगा की जैव विविधता, विशेषकर डॉल्फिन संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया और लोगों को इसमें सहयोग करने की अपील की।



कार्यक्रम में छात्रों और स्थानीय नागरिकों की भी भागीदारी देखी गई, जिन्होंने साफ-सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने और प्लास्टिक मुक्त बनाने में योगदान देंगे, ताकि गंगा की निर्मलता और जैव विविधता सुरक्षित रह सके।

## कालाजार अतिप्रभावित 52 गांव के लिए बनाया गया स्पेशल माइक्रोप्लान, समिक्षात्माक बैठक में 24 मार्च से छिड़काव कार्य करने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़-** उपायुक्त मनीष कुमार ने कालाजार उन्मूलन हेतु किए जा रहे कीटनाशी छिड़काव के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने कीटनाशी छिड़काव को गंभीरता से मानीटरिंग करने का निर्देश सम्बंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। कहा कि सभी कालाजार अति प्रभावित गांव के सहिया, सेविका, मुखिया, वार्ड सदस्य, प्रधान, पंचायत सेवक, जेएसएलपीएस, जल सहिया, शिक्षक, प्रज्ञा केंद्र के सदस्य कीटनाशी छिड़काव के पूर्व जनजागरुकता हेतु प्रचार प्रसार एवं छिड़काव के दिन शत प्रतिशत छिड़काव कराने में स्वास्थ्य कर्मियों एवं छिड़काव कर्मियो की मदद करेंगे। सभी एमपीडब्ल्यू, सीएचओ और सहिया को क्षेत्र में रहकर कीटनाशी छिड़काव का गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। पीकेडीएल मरीज एक भी न छूटे उनको खोज कर संपूर्ण ईलाज करना सुनिश्चित करें। प्रतिवेदित कालाजार रोगियों का यात्रा इतिहास लेना सुनिश्चित किया जाए। जिले का प्रखंड कालाजार इन्डिमिक सिटी के मानचित्र में नहीं रहे। जिन्हें एक सप्ताह से ज्यादा बुखार हो उन्हें चिन्हित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर सही उपचार उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने वीएल एवं पीकेडीएल मरीजों को दी जाने वाली राशि का भुगतान अविलंब करने को कहा। कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को लंबित राशि का भुगतान अविलंब करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अब तक प्रतिवेदित कालाजार मरीजों के आधार पर उच्च घनत्व और कम घनत्व वाले गांव को चिन्हित कर पाकुड़ जिले के मानचित्र में रेड, ग्रीन और येलो जोन क्षेत्र को दर्शाकर उपलब्ध कराने को कहा। सभी कालाजार अतिप्रभावित गांव में प्रतिवेदित कालाजार



मरीजों में से एक कुशल मरीज को चिन्हित करके कालाजार चैंप्स बनाने को कहा गया ताकि संबंधित गांव में कालाजार एक्टिविटी कराने में उनका मदद लिया जा सके।कीटनाशी छिड़काव से पूर्व छिड़काव वाले गांव में जनजागरुकता हेतु प्रचार प्रसार,बैनर, पोस्टर, हैंडबिल, माइकिंग एवं रात्रि चौपाल के माध्यम से जागरूक किया जाए।

मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, सिविल सर्जन डॉ0 मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के.के सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास परिसर में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास परिसर में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए कहा कि आज के युवाओं को इनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए।इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने संबोधन में कहा की भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव केवल नाम नहीं, बल्कि विचारधारा हैं। इन वीर क्रांतिकारियों ने देश की आज़ादी के लिए हंसते-हंसते फांसी को गले लगाया। आज हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। युवा पीढ़ी को इनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्रनिर्माण में आगे आना होगा।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजन और बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों अमर रहें,इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को व्यर्थ न जाने दें और राष्ट्रनिर्माण में अपनी जिम्मेदारी समझें।इस आयोजन को सफल बनाने में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं और समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।मुख्य रूप से जीप सदस्य रविशंकर अकेला, रामफल सिंह,




चैथी मुखिया गुलाबी यादव, बसरिया मंजू देवी, उप प्रमुख प्रीति गुप्ता,बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, चैथी पंसस नरेश पांडे, भुनेश्वर यादव कृष्ण यादव,नागेंद्र दांगी, जगदीश यादव ,गुलाबचंद यादव, संजय यादव ,नवीन यादव, प्यारी चौधरी, डब्ल्यू अंसारी, विनोद सिंह, रतन सिंह,मनोज सिंह,विवेक सिंह,नीरज सिंह,संजीत सिंह, हीरा सिंह, कृष्णामोहन सिंह,रेवाली पासवान,लालेश साहू, पप्पू यादव ,राजेश यादव, राजकुमार यादव,संजय यादव,अनिल मेहता,यदुनंदन यादव इत्यादि सहित हज़ारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत, लाभुकों के बीच पशुधन परिसंपत्तियों का किया वितरण

**●इस शिविर में 9 ईकाई जोड़ा बैल एवं 6 इकाई लघु शुक्र प्रजनन इकाई का किया गया वितरण**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़-** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2024-25 के तहत रविवार को हिरणपुर प्रखंड स्थित प्रांतीयकृत पशु चिकित्सालय प्रांगण में लाभुकों के बीच पशुधन का वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार ने किया।

उपायुक्त मनीष कुमार ने लाभुकों को पशुपालन कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रात्साहित किया। कहा कि पशुपालक विभिन्न पशुओं को पालकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन कर सकते हैं। जबकि सरकार पशुपालकों को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि अगले एक महीना के अंदर जिले के सभी प्रखंडों में इसी प्रकार पशु मेला का आयोजन कर सभी लाभुकों के बीच बकरी, कुक्कुट एवं गाय का वितरण किया जाएगा। मौके पर डीएएचओ डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, बीडीओ टुडू दिलीप, सीओ मनोज कुमार, प्रखंड पशुपालक पदाधिकारी डॉ. कलीमुद्दीन अंसारी, डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. सुशील कुमार तिग्गा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. कल्पना कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## पलामू के मोहन विश्वकर्मा बने मंत्री प्रतिनिधि, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**रांची, झारखंड-** अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा, झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधियों ने रांची स्थित पुराना विधानसभा के गेस्ट हाउस में पलामू जिला के मोहन विश्वकर्मा से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्हें झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, उद्योग एवं कौशल विकास मंत्री माननीय संजय प्रसाद यादव द्वारा पलामू जिला का मंत्री प्रतिनिधि बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। समारोह में महासभा के सदस्यों ने श्री मोहन विश्वकर्मा को माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर बधाई दी। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव विक्रांत विश्वकर्मा ने कहा कि महासभा मंत्री संजय प्रसाद यादव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने पलामू जिला के कर्मठ एवं समाजसेवी श्री मोहन विश्वकर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी। पलामू के मोहन विश्वकर्मा मंत्री प्रतिनिधि बने। अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश ने सम्मानित किया। मंत्री संजय प्रसाद यादव का महासभा ने आभार जताया। समारोह में महासभा के विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। महासभा को पूर्ण विश्वास है कि मोहन विश्वकर्मा, मंत्री संजय प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में झारखंड की दिशा और दशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस सम्मान समारोह में रांची जिला अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय शर्मा, विद्यानंद विद्यार्थी, अंकित विश्वकर्मा सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह 4 अप्रैल को

**●हज़ारीबाग नगर कमिटी ने बनाई तैयारी समिति**


स्वतंत्र प्रभात




**हजारीबाग-** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की हज़ारीबाग नगर कमिटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन हज़ारीबाग में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश ने किया तथा मंच संचालन नगर सचिव निसार अहमद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 4 अप्रेल 2025 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह धूम धाम से मनाने पर चर्चा की गई। हज़ारीबाग के जिला स्कूल मैदान में आयोजित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन होंगे, गाण्डेय की लोकप्रिय विधायक कल्पना सोरेन, झारखण्ड सरकार के मंत्री सहित सभी सांसद विधायक सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

नगर कमिटी की बैठक में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हज़ारीबाग शहर के मुख्य मार्गो में शहीदों के नाम से तोरण द्वारा लगाए जायेंगे पुरे शहर को झण्डा और बैनर लगाकर भव्य रूप से सजाया जायेगा। हज़ारीबाग नगर के सभी वार्ड से झामुमो कार्यकर्त्ता बाजे गाजे के साथ हज़ारों की संख्या में शामिल होंगे। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह के लिए नगर कमिटी के द्वारा तैयारी समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य दिलीप वर्मा के नेतृत्व में विकास राणा, अंजलि कुमारी, इफ्तेखार अहमद, अजय साव, मो सलीम, कमाल कुरैशी, तराना खातून, श्वेता दुबे, रीना देवी, राजीव वर्मा, खलील अंसारी, आनन्द सिंह, आफताब आलम, अजय कुमार, अविनाश कुमार पिंकू, राजेंद्र केसरी, दीपक राय, नईम राही, बाबू विक्रम वर्मा आदि शामिल हैं।

# बिहार- जहाँ गंदगी व दुर्गन्ध कोई मुद्दा ही नहीं





अशोक, बुद्ध व गाँधी जैसे महापुरुषों की कर्मस्थली बिहार सौभाग्यवश मेरी भी पैतृक स्थान है। इस नाते जन्म से ही अपने गांव में लगभग प्रत्येक वर्ष मेरा एक बार जाना ज़रूर होता है। आज भी यह राज्य देश को सबसे अधिक प्रशासनिक अधिकारी देने वाला राज्य है। परन्तु मुझे आश्चर्य है कि इतनी जागरूकता के बावजूद न जाने क्यों यहाँ के लोगों को गंदगी से कोई परहेज़ नहीं है। मैं हमेशा से यह देखता आ रहा हूँ कि यहाँ शहरों व क़स्बों के नाले व नालियां हमेशा ही जाम रहते हैं और दुर्गन्ध व सड़ांध मारते हैं । यही वह राज्य है जहाँ प्रत्येक धर्मों के लोग अपनी धर्म ध्वजा भी बुलंद रखना चाहते हैं। हिन्दू राष्ट्र बनाने का आवाहन करने के लिये पिछले दिनों एक विवादित कथावाचक द्वारा बिहार में भारी भीड़ इकट्ठी की गयी। यहाँ नफ़रती बातें तो खूब हुई परन्तु स्वच्छता को लेकर किसी तरह की बात उपस्थित लोगों को नहीं बताई गयी। यहाँ गांव गांव में अनेक मंदिर मस्जिद हैं। हर तरफ़ से भजन व अज़ानों की आवाज़ें सुनाई देती हैं। रोज़ा पूरी अक़ीदत के साथ रखा जाता है मुहर्रम के जुलूस निकलते हैं परन्तु यह सब प्रायः ऐसी जगहों या रास्तों पर होते हैं जहाँ से दुर्गन्ध व गंदिगी के कारण इंसान का निकलना भी दूभर है। बड़ा आश्चर्य है कि जिस रास्तों व स्थानों पर इंसान का चलना स्वास्थ्य के दृष्टिगत ख़तरे से ख़ाली नहीं उन जगहों पर लोग किस तरह भगवन या ख़ुदा को याद करते हैं और अपने इष्टदेव को बुलाते हैं ? भला गंदिगी में भी कहीं भगवान या पीर पैग़ंबर या इमाम भी आते हैं ? आख़िर क्यों कभी कोई इमाम अपने ख़ुत्बे में या प्रवचन कर्ता अपने प्रवचनों में अपने अनुयायियों को सफ़ाई के प्रति जागरूक नहीं करता। जबकि स्वर्ग व जन्नत के मार्ग सभी बताते हैं। भला गंदगी भरा नारकीय जीवन बिताने वाला शख़्स मरणोपरांत स्वर्ग या जन्नत में जाकर क्या करेगा और कैसे जायेगा ?

दरअसल बिहार में मज़दूर से लेकर अधिकारी नेता मंत्री संतरी तक सभी आम तौर पर पान या खैनी ( तंबाकू ) खाने के %शौक़ीन% हैं। आप यहाँ इन तंबाकू खैनी के %क़द्रदानों% को प्रायः मुंह बंद किये हुये पान,सुरती ,खैनी व तंबाकू आदि का आनंद लेते हुये देखेंगे। और यही %महानुभाव % जब और जहाँ चाहते हैं बेरोकटोक थूक भी देते हैं। ट्रेंस या बसों की खिड़की से बाहर,कार या चलते बाइक से थूक देना इनका स्वभाव बन चुका है। यह नहीं देखते की इनका %पावन थूक % किसी दूसरे पर भी पड़ सकता है। इससे किसी दूसरे को आपत्ति भी हो सकती है। हद तो यह है कि सरकारी या निजी कार्यालय, कोर्ट कचेहरी किसी विभाग का मुख्यालय लोगों के खड़े होने के सार्वजनिक अड्डे आदि सब पान की पीक से लाल नज़र आएंगे। यह 'अति बुद्धिमान' लोग जिस सीट पर बैठ कर अपना काम करते हैं वहीं थूक देते हैं। लिफ़्ट को भी नहीं बख़्शते,रेल के डिब्बों में बाथरूम में गोया कोई जगह ऐसी नहीं जहाँ इन्होंने अपनी 'सभ्यता' की पहचान न छोड़ी हो।

बड़ा आश्चर्य है कि प्रातः चार बजे से ही चौक चोराहों के चायख़ानों पर बैठकर अमेरिका इस्राईल, ईरान और देश विदेश की राजनीति की गहन चर्चा करने तथा बी बी सी लंदन पर समाचार सुनने वाले लोगों को यह एहसास भी नहीं होता कि जहाँ वे बैठे हैं वहां कितनी बदबू है,आसपास कितनी गंदिगी है और बैठने की जगह पर थूकना नहीं चाहिये? बड़े ही अफ़सोस परन्तु पूरे विश्वास से मुझे कहना पड़ रहा है कि मैं ने आजतक बिहार में किसी भी शहर के बाज़ारों में यहाँ तक कि राजधानी पटना से लेकर मुज़फ़्फ़रपुर व दरभंगा जैसे प्रमुख शहरों के मुख्य नालों नालियों को सुचारु रूप से प्रवाहित होते नहीं देखा। यहाँ तक कि मुख्य चौराहों पर जहां दिन भर हज़ारों लोग आते जाते हैं वहां भी कूड़े के ढेर,उसमें मुंह मारते हुये सूअर व गोवंश आदि मिल जायेंगे। उदाहरण के तौर पर दरभंगा का एक मशहूर स्थान है बेंता चौक। दरभंगा मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित इस चौक के आसपास मेडिकल सम्बन्धी सैकड़ों दुकानें,टेस्टिंग लैब,डॉक्टर्स,डिस्पेंसरी आदि सब कुछ हैं। खाने पीने की भी यहाँ अनेक दुकाने व रेस्टोरेंट आदि हैं। इसके मुख्य चौक पर एक छोटा सा कमल सर्किल बना है। यक़ीन कीजिये आप इस जगह पर खड़े नहीं हो सकते। यहाँ आसपास के सारे दुकानदार स्वयं इस चौक को कूड़ाघर बनाये रखते हैं। यहाँ खड़े होना रुकना तो दूर, दुर्गन्ध के चलते इसके सामने से निकलना भी आसान नहीं है। परन्तु यह जगह दरभंगा के मुख्य एवं व्यस्ततम चौक में शामिल है।

उधर बिहार के गांव के हालात तो और भी दयनीय हैं। यहाँ नाले नालियों के निर्माण के नाम पर पंचायत स्तर पर खूब लूट की गयी है।सारे के सारे नाले नालियां टूटे व जाम होने के कारण दुर्गन्ध व बीमारी का कारक बन गए हैं। उन नालों की निकासी का कोई निर्धारित मार्ग नहीं है। केवल सरकारी धन की लूट के लिये नालों व नालियों के टेंडर किये जाते हैं। सच पूछिये तो गांव के हर घर के पीछे या सामने उसका कूड़ाघर है ,वहीं गंदे पानी का सोख़्ता है। गोया हर घर बीमारी फैलने का अड्डा है। हैरत है कि किस तरह और किस उम्मीद पर गांव के लोग अपना सरपंच व मुखिया चुनते हैं ? और कितने बेशर्म होते हैं जो कुछ न कर पाने के बावजूद जनता के बीच जाकर वोट मांगते फिरते हैं ? कहना ग़लत नहीं होगा कि इसतरह की घोर दुर्व्यवस्था के लिये केवल सरकार ही नहीं बल्कि आम लोग भी ज़िम्मेदार हैं। बजाये इसके कि कोई किसी को नालों व सड़कों पर कूड़ा फेंकने या सार्वजनिक स्थल को थूक से लाल करने से रोके, उलटे वह स्वयं इसी कृत्य में शामिल हो जाता है। यदि किसी ऑफ़िसर से शिकायत कीजिये तो वह भी ऐसे विषय पर ज़्यादा तवज्जोह नहीं देता। क्योंकि वह स्वयं अपनी सीट पर बैठ कर या अपने ऑफ़िस की दीवारों या कोने पर थूकता रहता है। गोया गंदिगी व बदबू इस गौरवशाली राज्य की नियति बनकर रह गयी है। और इसी वजह से यह राज्य अक्सर गंभीर संक्रामक रोगों की चपेट में भी आ जाता है। शायद यही वजह है कि बिहार में कभी भी किसी भी चुनाव में गंदगी व दुर्गन्ध कोई मुद्दा ही नहीं बन पाता।

**तनवीर जाफ़री**

# संपादकीय

## थू थू की थाह की थीसिस



आज एक थीसिसए जो हमारी डिग्रियों की धूल सने कागज़ों के बीच में हमें मिल गईए उसके कुछ पन्ने पलटकर आपको सुनाते हैं। थीसिस का शीर्षक हैकृ ष्थू थू की थाहष्।

थू थू करना एक कला हैए बिलकुल जुगाड़ कला की तरह शुद्ध भारतीय कला । मैं तो कहता हूँए इस कला का कॉपीराइट लेना चाहिए! विदेशी लोग हमारी कला को हथियाने में लगे हैंकृ योग ले गएए कामसूत्र ले गएए हरे कृष्णा.हरे राम ले गएकृ हमारी हिंदुस्तानी कला को चमकीले कवर में लपेटकर वापस हमें ही बेच रहे हैं। ये सब प्रपंच अंग्रेज़ों के ज़माने से चला आ रहा है। उस समय भी तो कच्चा माल लेकरए पका.पकाया माल देते थे। वैसे भी हम भारतीयों को कच्चा खाया नहीं जाताए हमें तो पका.पकाया चाहिए

थू थू एक एब्सट्रैक्ट आर्ट है। कला के क्षेत्र में ऐसी कला हर किसी को समझ में नहीं आतीए पारखी नज़र चाहिए। जिन्हें समझ में नहीं आ रहाए वे फालतू का ड्रामा कर रहे हैंए थू थू बंद कराने पर तुले हैं।

देखो इन थू थू करती मनु की संतानों कोए जो सनातन काल से इस थू थू करने की विरासत को जीवित रखे हुए हैं। लोग जर्दाए तंबाकूए गुटखा से मिश्रित रंगभरी पिचकारी से देश की समस्त दीवारों को अपना कैनवास समझते हुए ग़ज़ब की चित्रकारी कर रहे हैं। कच्ची.पक्कीए उधड़ीए साबुतए सरकारी या गैर.सरकारी कोई भी दीवार उनके लिए दीवार नहीं एक केनवास है । कला के ये अद्वितीय प्रदर्शनकर्ता अपनी प्रतिभा से देश के दर्शनीय स्थलों को और भी दर्शनीय बना रहे हैंए और अदर्शनीय स्थानों को भी दर्शनीय।

सरकार करोड़ों रुपये रंग.रोगन में खर्च करती हैए लेकिन ये कलाकार सरकार का पैसा बचाने के लिए अपने फेफड़ों से रंगोली फेंक रहे हैं। कई बार सरकार इस खर्चे से बचने के लिए दीवारों पर लिखवा भी देती हैकृ ष्यहाँ थूकना मना है।ष् एक सांकेतिक भाषा में आव्हान जो ये कला के पुजारी समझ जाते हैं और दीवारों को अपनी कला की सतरंगी धार से जीवंत कर देते हैं।

अब ज़रा देखिए राजनीति के गलियारों मेंकृ वहाँ तो थूकने वालों की भरमार है। जो सबसे बड़ा थूकता हैए वही सबसे बड़ा पद पाता है। टीवी न्यूज़ की बहसें मेरा मतलब थू थू कम्पटीशन भी इसी लिए कराये जाते हैं ताकि पता चल सके कि किस ओर ज़्यादा ज़ोर से थूका गया।

लोकतंत्र की जान है थू थू!

खिलाड़ीए राजनेताए पत्रकारए कॉरपोरेट्सकृ बड़ी मछली से लेकर छोटी मछली तककृ सबको बिकना पड़ता हैए ताकि जनता की थू थू बनी रहे। नालियाँ पहले से ही भरी होंगीए तो वहाँ कौन थूकेगाघ

थू थू तब दिखती है जब साफसुथरी सड़केंए चमचमाती दीवारें और नई बनी सरकारी इमारतें हों। वरना यह एब्सट्रैक्ट आर्टए डिग्रियों की तरहए ओझल हो जाएगी। योग्यता की तरह किसी की नज़र नहीं आएगी।

थू थू तो राष्ट्रीय खेल घोषित होनी चाहिए!

वैसे एक बात बताऊँघ

सिर्फ थूकने वाले ही नहींए बल्कि थू थू के लिए अपने आपको कैनवास की तरह बिछाने वाले भी ज़रूरी हैं!

राजनीति में तो जब तक कोई जनता की थू थू को अपने ऊपर धारण न कर लेए तब तक वह असली नेता नहीं बन सकता। असली नेता वहीए जो फेंके गए थूक से भी अपनी राजनीति की बहुमूल्य पिकासो जैसी तस्वीर बना लेकृ बिल्कुल वैसे हीए जैसे लानत और जिल्लत की फेंकी गई ईंटों से लोग अपने स्वार्थ की इमारत खड़ी कर लेते हैं।

अब संसद को देखिएकृ

वहाँ तो विशेष ष्थूक कालष् चलता हैए पक्ष और विपक्ष की थूकम फजीती के विशेष सत्र ।

कभी.कभी थू थू स्पीकर तक नहीं पहुँचतीए तो उसे कुर्सियों और माइक्रोफोन के ज़रिए पहुँचाया जाता है।

नए संसद में कुर्सियाँ ज़मीन में फिक्स कर दी हैंए इसलिए अब थू थू की स्पीड थोड़ी कम हो गई है!

रिश्ते.नाते भी इस परंपरा को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

फूफ्फ किस्म केए मौसा किस्म के रिश्ते तो बने ही इसीलिए हैंकृ शादीए ब्याहए मरनए जन्म संस्कारकृ हर जगह अपनी थू थू से चार चाँद लगाने के लिए!

जनता को थू थू करने का मौका 5 साल में सिर्फएक बार मिलता है।

लेकिन जनता फिर उन्हीं नेताओं को चुनकर भेज देती हैए ताकि अगले 5 साल तक वे थू थू करते रहें।

देश तो थू थू में इतना पारंगत हो चुका है कि लोग ड्रॉइंग रूम में बैठकर ही सरकारों पर थूककर समस्याएँ हल कर लेते हैं।

बजट की घोषणा होते ही थू थू शुरूकृ

बेडरूम से लेकर टीवी स्टूडियोए संसद भवन से लेकर सोशल मीडिया तककृ थू थू ही थू थू!

कोरोना काल में भी हमने चीन को थू थू करके डरा दिया।

अब सरकार समझ नहीं पाई कि लोग चीनी सामान पर थू थू कर रहे थेए न कि चीन की सेना पर।

जोश में आकर सड़कों पर निकल आए थू थू करने और पुलिस बाले इनके योगदान को नजरानादक करके इन पर डंडे बरसाने लगेण्यह सिला देशभक्ति का । अरे भाई सड़कें बनी है तो थूकने के लिएए थूक. थूक कर बेघर कर दिया कोरोना को ण्मेरा मतलब सड़क पर ला कर खड़ा कर दियाण्एउसका क्रेडिट नहीं दिया

मैं तो कहता हूँए ऐसे थूकने वालों को पुलिस में भर्ती कर लेना चाहिएकृ

पाकिस्तान और चीन को तो ये थू थू करके ही निपटा देंगे!

अब समस्या यह है कि मृत्युलोक की सारी दीवारें रंग चुकी हैं।

अब लोग नई जगहें ढूँढ रहे हैंकृ

कोई एवरेस्ट पर जाकर थू थू कर रहा है तो कोई चंद्रमा पर।

अब तो भारत के फुटप्रिंट के साथ.साथ थूक प्रिंट भी वहाँ दर्ज होने चाहिएए तभी असली चंद्रयान सफल माना जाएगा!

थू थू की यह थीसिस समाप्त नहीं हुई हैए बल्कि यह तो अनंत काल तक चलने वाली परंपरा है। आप भी अपनी थू थू में योगदान देंए क्योंकि जब तक यह परंपरा जीवित हैए लोकतंत्र भी जीवित है!

**डॉ. मुकेश 'असीमित'**

# किस ओर जा रहा समाज?




आइए! आज बात करते हैं विकसित भारत की। भारत की आज़ादी के 77 वर्ष बीत गए। इतने वर्षों में जनसंख्या भी बढ़ी और हमारा जीवन स्तर भी आधुनिक हो गया। आज विश्व के अन्य देशों के साथ हम भी वैज्ञानिक युग की राह पर हैं। परन्तु क्या सच में बदलाव आया? कुछ समय पहले तक मनोरंजन के लिए टेलीविज़न और रेडियो हुआ करते थे। लगभग हर घर के बच्चे और युवा गुल्ली-डंडा, खो-खो, लूडो, कैरम खेला करते थे। लेकिन आज के तकनीकी युग में, जहां हर हाथ में स्मार्टफोन है, हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं। इस युग में हर चीज़ मशीनी हो गई है, चाहे वह खेल हो, पढ़ाई हो या मनोरंजन। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में खबरें और लोगों की मानसिकता हवाई जहाज़ से भी तेज़ उड़ रही हैं। तकनीक बढ़ी, शिक्षा बढ़ी, डिग्रियाँ भी बढ़ीं, और लोग डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, तथा जज जैसे ऊँचे पदों पर पहुँच रहे हैं। लेकिन हमारे समाज और उसकी मानसिकता में बदलाव क्यों नहीं आया? क्या डिग्रियाँ और पद सिर्फ़ कमाने का ज़रिया हैं? क्या स्वस्थ समाज के निर्माण की कोई ज़िम्मेदारी नहीं है?

स्त्री अस्मिता की लड़ाई सदियों से चली आ रही है, जिसमें आज भी हम पूरी तरह जीत नहीं सके हैं। लेकिन अब इस लड़ाई के बीच एक नई समस्या जुड़ गई है– 'महिला कानून का दुरुपयोग।' स्त्री अस्मिता की सुरक्षा और समानता की जंग में जिन चीज़ों में सुधार लाना था, उसमें तो हम सफल नहीं हो पाए, लेकिन बराबरी की ज़िद्द कहें या बदले की भावना, एक नई सामाजिक गंदगी जन्म ले चुकी है। अब समझ नहीं आता कि महिलाओं के अधिकारों की बात की जाए या बराबरी की अंधी दौड़ में वे जो विवेकहीन रास्ते अपना रही हैं, उन्हें रोका जाए?

एक कहावत है, "दुनिया चाँद पर चली गई और गाँव में अब भी डायन है।" आज भी हमारे समाज में लोग चाहे कितने भी पढ़े-लिखे क्यों न हों, आपसी रंजिश में माँ-बेटियों और बहनों को ही गाली देते हैं। पहले ये चीज़ें सिर्फ़ सुनने और बोलने तक सीमित थीं, लेकिन अब सोशल मीडिया के दौर में खुलेआम माँ-बहनों के नाम पर गालियाँ लिखी और बोली जा रही हैं। यहाँ कोई रोक-टोक नहीं है। अश्लीलता की सारी हदें पार की जा रही हैं।

इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर तो अब बड़े-बड़े 'जज' बैठे हैं, जो कोई भी न्यूज़ आते ही उसे वायरल कर इंसाफ़ कर देते हैं। इन्हें तर्क और तथ्य से कोई मतलब नहीं होता, क्योंकि ये स्वयंभू 'अंतर्यामी' होते हैं।

अब भी समाज के इंसाफ़ का अंतिम भरोसा देश की न्यायपालिका है। लेकिन अब इस पर से भी भरोसा उठने लगा है। न्याय का स्थान ईश्वरीय होता है, और यदि न्याय की कुर्सी पर कुंठित मानसिकता के लोग विराजमान हो जाएँ, तो वह भी शोषण का माध्यम बन जाती है। आजकल जिस तरह से न्यायाधीशों के विवादास्पद बयान सामने आ रहे हैं, वे चिंता का विषय हैं। किसी ने कहा, "पत्नी से अप्राकृतिक संबंध बनाना बलात्कार नहीं है।" किसी और ने कहा, "लड़की के प्राइवेट पार्ट को हाथ लगाना बलात्कार जैसा नहीं है।" जब इस तरह की स्त्री-विरोधी मानसिकता वाले लोग न्याय की कुर्सी पर बैठे हों, तो इस देश की स्त्रियाँ उनसे न्याय की उम्मीद कैसे करें?

न्याय की कुर्सी पर बैठकर ऐसी बयानबाज़ी करने वालों को यह समझना चाहिए कि उनके ये शब्द पूरे समाज की महिलाओं का मानसिक शोषण करते हैं। ऐसा लगता है कि इस समाज में सड़क से लेकर कोर्ट तक, स्त्री अस्मिता सबसे सस्ती चीज़ है। अगर सच में न्याय की बात करनी है, तो सबसे पहले न्यायपालिका की गरिमा की रक्षा करनी होगी और कुंठित मानसिकता वाले व्यक्तियों को वहाँ पहुँचने से रोकना होगा।

**अम्बिका कुशवाहा 'अम्बी'**

# जस्टिस के खिलाफ जस्टिस आखिर कौन देगा?




ऊँट पहाड़ के नीचे जब कभी आता है, और जब आता है तब उसे पता लगता है के दुनिया में उसका कद आखिर कितना छोटा है। जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में यही सब हो रहा है। जस्टिस वर्मा के घर में हुए अग्निकांड के बाद मौके पर मिले रुपयों का ढेर भी मिला था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। वर्मा के सरकारी आवास से कथित नकदी बरामद होने के बाद उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। जांच के दौरान वर्मा न्यायिक कार्य नहीं कर पाएंगे।सीजेआई संजीव खन्ना ने जिन तीन सदस्यों की कमेटी बनाई है उसमें जस्टिस शील नागू, जस्टिस जी.एस. संधावालिया और जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। सीजेआई खन्ना ने कहा कि जांच निष्पक्ष होनी चाहिए।

आपको बता दूँ की दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डी. के. उपाध्याय ने जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर कैश मिलने के मामले में एक रिपोर्ट पहले ही भारत के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को सौंप दी गयी है। बताया जा रहा है कि जस्टिस उपाध्याय ने घटना के संबंध में सबूत और सूचनाएं जुटाने के लिए इन-हाउस जांच प्रक्रिया शुरू की थी और शुक्रवार को ही रिपोर्ट पेश कर दी है। अब सुप्रीम कोर्ट का कलीजियम इस रिपोर्ट की पड़ताल करेगा और फिर कोई कार्रवाई कर सकता है।

जस्टिस वर्मा भले आदमी है न और व्यावहारिक भी। वे न दूध के धुले हैं और न महाकुम्भ में उन्होंने कोई डुबकी लगाई है। नोटों से उनका प्रेम पुराना है। एके रिपोर्ट के मुताबिक, 2018 में यूपी की सिम्भावली शुगर मिल में गड़बड़ी के मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ सीबीआई ने प्रथिमिकी दर्ज की थी। जस्टिस वर्मा 2014 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस बनाए जाने से पहले इस शुगर कंपनी में नॉन-इग्जेक्युटिव डायरेक्टर थे।

जस्टिस यशवंत वर्मा 56 इंच के सीने वाले जस्टिस हैं उन्होंने अपने सरकारी आवास पर नोट बरामदगी विवाद में लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। भारतीय न्यायपालिका में भ्र्ष्टाचार के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी कम से कम गूगल के पास तो नहीं है लेकिन गरोक गुरु बताती हैं कीन्यायपालिका में भ्रष्टाचार के कई रूप देखे जा सकते हैं, जैसे रिश्वतखोरी, पक्षपात, राजनीतिक दबाव और पारदर्शिता की कमी। निचली अदालतों से लेकर उच्च स्तर तक, कुछ मामलों में जजों और अदालती कर्मचारियों पर अनुचित प्रभाव डालने या लाभ लेने के आरोप लगे हैं।

उदाहरण के लिए, 2011 में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू ने न्यायिक भ्रष्टाचार की ओर इशारा किया था, और 2012 में "कैश-फॉर-बेल" घोटाले ने सुर्खियां बटोरी थीं, जिसमें जमानत के लिए पैसे लेने के आरोप लगे थे। इसके अलावा, लंबित मामलों की भारी संख्या (मार्च 2025 तक 4.7 करोड़ से अधिक) और न्यायिक नियुक्तियों में देरी भी भ्रष्टाचार के अवसर पैदा करते हैं, क्योंकि यह प्रक्रिया को धीमा और अपारदर्शी बनाता है।

जहाँ तक मुझे याद है की भ्र्ष्टाचार के मामलों में आरोपी जजों के खिलाफ कार्रवाई करने में भारत बहुत ज्यादा गंभीर नहीं है। आपको यद् होगा की 1993 में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस वी. रामास्वामी पर वित्तीय अनियमितताओं और कदाचार के आरोप लगे थे। उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया गया, लेकिन यह आवश्यक बहुमत हासिल नहीं कर सका और असफल रहा। यह भारत में पहला मौका था जब किसी जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचा। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों के खिलाफ समय-समय पर महाभियोग के लिए प्रस्ताव लाने की कोशिश हुई है, जैसे कि जस्टिस सौमित्र सेन (कलकत्ता हाई कोर्ट) के खिलाफ 2011 में। राज्यसभा में उनके खिलाफ प्रस्ताव पारित हुआ था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इसी तरह, कुछ अन्य मामलों में जजों ने जांच या महाभियोग की प्रक्रिया आगे बढ़ने से पहले इस्तीफा दे दिया। मुझे लगता है की जस्टिस वर्मा के मामले में भी कुछ होने वाला नहीं है।

न्यायपालिका की बदनामी बचने के लिए जस्टिस वर्मा के खिलाफ जांच का कोई नतीजा जनता के सामने नहीं आएगा। भारत का मीडिया भी जस्टिस वर्मा के खिलाफ कोई नयी खोज नहीं कर पायेग। कोई राजनितिक दल तो ईद मुद्दे पर कुछ बोलने वाला है ही नहीं। हमारे यहां जस्टिस के लिए चुने जाने वाले लोग इनजस्टिस भी करें तो उनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई आसानी से नहीं होती। जस्टिस साहिबान को कंबल ओढ़कर घी पीने की आजादी अघोषित रूप से दी गयी है ,ठीक उसी तरह जैसे जस्टिस मिश्रा को बलात्कार के मामले में ये कहने की आजादी है की किसी लड़की के स्तन छूना और उसका नाडा खोलना बलात्कार नहीं है।

**राकेश अचल**

# हमारी सोच से आगे महिलाएं, वैचारिकता बदलनें की दरकार



निश्चित तौर पर भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्यनिश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य अब महिलाओं को कमजोर या असक्त समझने की भूल मत करिए और अपने विचारों को नयेपन की खिड़की से ताजी हवा दीजिए, महिलाओं को सुविधाएं मिले या ना मिले अधिकार मिले या ना मिले वे अपने प्रयासों से समाज में धीरे-धीरे अपना अहम स्थान बनाते जा रही हैं। आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएंद्य भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है।

सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25त्न से भी कम हो गई है।

महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60त्न महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50त्न भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

**संजीव ठाकुर**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## आगामी पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**महराजगंज।** परसामलिक थाने के आगंतुक कक्ष में रविवार को प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय के अध्यक्षता में आगामी ईद एवं चैत्र रामनवमी पर्व के मद्देनजर धर्म गुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान आगामी पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की सभी से अपील की गई। बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने कहा कि आप सभी आगामी त्योहार को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि अगर त्योहार में कोई भी अराजकता फैलाने की कोशिश करे तो इसकी सुचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे में आप सभी आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान एसएसआई अभिजीत कुमार, सेवतरी चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार दूबे, उपनिरीक्षक अनिल सिंह, आदर्श सिंह, ग्राम प्रधान जीतबहादुर यादव, अनील कुमार यादव, बच्चु सिंह, अमरनाथ यादव, नियाज खान, अब्बास अली, अबरार, तौफीक, अब्दुल रज्जाक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## थारू समाज में कोई परिवार शिक्षा से वंचित न रहे- विजय बहादुर



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरहवा दूबे टोला चकरार में रविवार को मूल आदिवासी जनजाति (थारू) कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर चौधरी के नेतृत्व में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थारू समाज के बैठक में होली पर्व पर बधाई देते हुए बताया गया कि समाज में कोई परिवार शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। अगर परिवार में शिक्षा नहीं है तो परिवार विकास से वंचित रह जायेगा। वहीं बैठक के दौरान समाज में गरीब अति पिछड़े लोगों के उत्थान के लिए चर्चा किया गया। थारू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि थारू समाज बहुत ही पिछड़ा हुआ है। थारू समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा जरूरी है। ऐसे में बिना शिक्षा का समाज विकसित नहीं होगा। इस मौके पर मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय सचिव अगस्त मुनि चौधरी, कार्यालय एवं प्रचार प्रसार मंत्री अजय चौधरी, प्रदुम्न नारायण चौधरी, भरत, संत प्रसाद चौधरी, सुनील, जयप्रकाश, अविनाष सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## उ.प्र.उ.व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह के हिस्सा बने जिले के व्यापारी नेता



**सिसवा बाजार** लखनऊ के अटल बिहारी साइंस कन्वेंशन सेंटर में आयोजित उ. प्र.उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रदेश व्यापारी महाकुंभ की आयोजन का जिले के व्यापारी नेता हिस्सा बने। यह समारोह मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के उपस्थिति तथा प्रदेश अध्यक्ष उ. प्र. उद्योग व्यापार मंडल मुकुंद मिश्रा के अध्यक्षता में 23 मार्च रविवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महराजगंज जनपद से व्यापार मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री कन्हैयालाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुरेशरुंगटा, जिलामहामंत्री प्रमोद जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश भालोटिया, मंडल प्रभारी रतन गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, आनंद नगर अध्यक्ष जय टिबडेवाल जी, नगर अध्यक्ष सिसवा जितेंद्र वर्मा, नगर अध्यक्ष घुघली रोशन लाल वर्मा, जिल उपाध्यक्ष संजय जायसवाल, रामचंद रावत, सोनू रौनियर, सुनील सहित अन्य व्यापारियों ने भाग लिया।

## करबला की जांच को पहुंची राजस्व टीम

थाना अकराबाद क्षेत्र में ताजिया दफनाने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा जमीन की मांग को लेकर करबला के लिए जमीन आवंटित किए जाने हेतु तहसीलदार अवनीश कुमार व नायब तहसीलदार लालू सिंह ने हलका लेखपाल के साथ रविवार को अकराबाद पहुंच कर समाज के लोगों से बातचीत की। तथा पूर्व में जहां ताजिया दफनाए जाते थे उस जगह निरीक्षण किया।

# सामाजिक विसंगतियों को दूर करने में समर्पण जरूरी - ब्रजेश शर्मा

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रतापगढ़।** ऊं सांई पैलेस, रूपापुर में श्री भट्ट ब्राह्मण सभा प्रतापगढ़ द्वारा रंगारंग होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन धूम धाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिलेश शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.प्रभा शर्मा, श्रीमती अनुराधा शर्मा और शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक राय ने किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व मंत्री ब्रजेश शर्मा ने कहा कि आज के इस कठिन दौर में सामाजिक समरसता के लिए होली जैसे त्योहार को और अधिक व्यापक पैमाने पर मनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस दौर में एक सच्चा ब्राह्मण वही? है जो सामाजिक विसंगतियों को दूर करने में अपना सर्वस्व समर्पण कर सके।संस्कारित समाज ही राष्ट्र भक्त नागरिकों का निर्माण करके मजबूत राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध हो सकता है।विशिष्ट अतिथि श्रुति शर्मा खण्ड विकास अधिकारी सदर ने कहा कि आज समाज में ईमानदार और चरित्रवान युवाओं की बहुत आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद जी ने जिस प्रकार यहां की आध्यात्मिक शक्ति और ज्ञान का पश्चिमी राष्ट्रों में डंका बजाया था और भारत का भाल ऊंचा किया था उसी प्रकार आज अपने समाज के युवाओं को शिक्षा और शिक्षण के प्रति स्वाभाविक लगाव पैदा करके सकारात्मक परिवर्तन की ओर अग्रसर होना चाहिए।मुख्य अतिथि अखिलेश शर्मा, एडवोकेट, पूर्व उपाध्यक्ष, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कहा कि चिन्तन मनुष्य का स्वाभिमान गुण है, लेकिन इस तरह के कार्यक्रमों में होने वाले सामूहिक सकारात्मक चिंतन से भावी पीढ़ियों के भविष्य की सुदृढ़ नींव रखी जा सकती है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा जी ने कहा कि बालक -बालिकाओं की मेधा शक्ति के संवर्धन और उनके व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों की बहुत आवश्यकता है।कार्यक्रम में बच्चों के बीच में भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित क्विज़ प्रतियोगिता, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराया गया और प्रथम तीन स्थान वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

इसके पश्चात कविगण,सुनील प्रभाकर जी, श्याम शंकर 'श्याम' जी, अनूप उपाध्याय 'अनुपम', जयराम शर्मा ने अपने सुमधुर रचनाओं से समां बांध दिया।

अन्य वक्ताओं में मंथन के आयोजक आनन्द शर्मा, सहायक अभियन्ता,पी.डब्ल्लू.डी., अयोध्या ,जिलाध्यक्ष कैप्टन ओंकार नाथ शर्मा, संरक्षकगण प्रमोद पाण्डेय, नरेन्द्र नाथ शर्मा,सुरेन्द्र शर्मा, एडवोकेट योगेश शर्मा डी.जी.सी.(क्रिमिनल),डा.राकेश शर्मा, विजयन्त शर्मा, प्रधानाचार्य,कार्यवाहक अध्यक्ष विद्या भूषण शर्मा, एडवोकेट, महामंत्रीगण-अरूण शर्मा, दीनदयाल शर्मा एवं सुशील शर्मा, कोषाध्यक्ष रूप नारायण शर्मा, एडवोकेट, नगर अध्यक्ष अरूण शर्मा शिक्षक, पट्टी तहसील अध्यक्ष विनोद पाण्डेय (बब्लू), सदर अध्यक्ष मनोज शर्मा, श्रीमती अनुराधा शर्मा, डा.प्रभा शर्मा,अरविन्द शर्मा, मनोज शर्मा, सुशील शर्मा पूर्व प्रतिनिधि,संगठन मंत्री मनोज राय, प्रधान, अम्बिका शर्मा, रमेश शर्मा, सुशील शर्मा, दिनेश शर्मा, कुलवंत शर्मा (काजू प्रधान), बसन्त शर्मा, एडवोकेट, अनिल शर्मा, ललित शर्मा सोलर एनर्जी, ध्रुव शर्मा, आशुतोष शर्मा, वंशराज शर्मा, आद्या प्रसाद राय आदि रहे।

# थानाध्यक्ष को दी गई भावभीनी विदाई





**● उमेश कुमार के कार्यकाल में थाना परिसर में भव्य मंदिर तथा चौकी परिसर में भव्य बैरक का करवाया गया निर्माण**

**स्वतंत्र प्रभात**

**परसामलिक/महराजगंज।** परसामलिक थानाध्यक्ष उमेश कुमार को स्थानांतरण उपरांत रविवार को परसामलिक थाना प्रांगण में एक विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में उपस्थित लोगों ने उन्हें फुल माला व अंगवस्त्र आदि देकर भावभीनी विदाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से कहा की थानाध्यक्ष उमेश कुमार का कार्यकाल बेदाग रहा एवं थाना क्षेत्र में अमन चैन के साथ शांति व्यवस्था कायम रहा। मौजूद लोगों ने कहा कि थानाध्यक्ष उमेश कुमार अपने कार्यकाल में तमाम ऐसे एतिहासिक कार्य किए हैं जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। थानाध्यक्ष के कार्यकाल में थाना परिसर में भव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया जिसका जल्द ही उद्घाटन होने को था इसके साथ ही क्षेत्र के पुलिस चौकी सेवतरी में भव्य बैरक का भी निर्माण करवाया गया जो काफी प्रशंसनीय है।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिजीत कुमार, एसआई प्रशांत कुमार दूबे, अनील सिंह, अम्बिका प्रसाद, रामजीत, आदर्श सिंह समेत ग्राम प्रधान बच्चू सिंह, राजू पासवान, जीतबहादुर यादव, मोहन प्रसाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# भगत सिंह के शहादत दिवस पर भाकपा माले की सभा

**स्वतंत्र प्रभात**



**सिसवा बाजार** भगत सिंह के विचारों से ही सामाजिक आर्थिक समानता लाई जा सकती है। उक्त विचार भाकपा-माले राज्य स्थाई समिति सदस्य राजेश साहनी ने भगत सिंह की शहादत दिवस पर सिसवा बाजार नगर में आयोजित नागरिक सभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कहा कि आज सामाजिक आर्थिक विषमता की खाई चौड़ी होती जा रही है ।एक तरफ 100 करोड़ की आबादी मात्र 8 - 9 हजार रूपए/प्रति माह में अपने परिवार को जिंदा रखने पर मजबूर है। वही मात्र 10 प्रतिशत लोग ही देश की सारी पूंजी और संपत्ति पर कब्जा किए हुए हैं। जैसे अंग्रेज व्यापार के नाम पर सारी संपत्ति पर कब्जा करने के साथ-साथ पूरे देश को गुलाम बना लिए थे, आज के देश बड़े पूंजी पति ही 90त्न लोगों पर हुकूमत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगत सिंह का इंकलाब का नारा 90त्न लोगों के लिए समता समानता आजादी के साथ बेहतर जीवन देने का था।और अंग्रेजो की गुलामी से देश को आजाद कराने का भी नारा था।आज हमको एक बार फिर इस नारा के साथ संघर्ष को आगे बढ़ना होगा।

# अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**● जयसिंहपुर ने जीता मैच जीता**

**स्वतंत्र प्रभात**



**लंभुआ।** सुल्तानपुर श्रद्धांजलि कप अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन से ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व में रहे खिलाड़ी जो आज हमारे बीच नहीं हैं, उन्हें वर्तमान समय के खिलाड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कराकर सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य कर रहे हैं। उक्त विचार प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अयोध्या ए आरटीओ डॉ आरपी सिंह ने व्यक्त किए। लंभुआ क्षेत्र में स्थित मेला वाली बाग में श्रद्धांजलि कप अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का संयोजक पीटीआई चित्रसेन सिंह तथा सहसंयोजक नेशनल रेफरी विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के अयोध्या, बाराबंकी, लंभुआ, लखनऊ, जयसिंहपुर टीमो ने भाग लिया।

उद्घाटन मैच बाराबंकी तथा जयसिंहपुर टीम के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच में जयसिंहपुर टीम ने बाराबंकी टीम को पराजित कर जीत हासिल की। वहीं लीग मैच में लंभुआ ने लखनऊ को हराया। विशिष्ट अतिथि जीएसटी कमिश्नर चेतराम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया तथा क्षेत्र के कुछ पूर्व खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा प्रतियोगिता की सराहना की। रेफरी का कार्य शैलेंद्र पांडे, अरुण प्रताप सिंह तथा अखंड प्रताप सिंह ने किया। सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह के हाथों प्रतियोगिता का समापन होगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर विकास सिंह, उमेश पांडे, डॉ राम अभिलाष त्रिपाठी, विनय झा, मनोज कुमार झा, पीयूष झा, तालुकदार सिंह, कल्लू राम, विनोद तिवारी आदि मौजूद थे।

# अबीर और गुलाल से गुलाबी हुआ नवाबों का शहर ....

." होली अहंकार और अज्ञानता से दूर आपसी प्रेमभाव का त्यौहार है" डा राजलक्ष्मी



लखनऊ तहजीब और नजाकत के शहर में महिला भूमिहार समाज द्वारा होली मिलन समारोह होटल जे. बी.आर. गोमती नगर में उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का अभिनंदन कर महिला भूमिहार समाज की महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाया और गुलाब की पंखुड़ियां एक दूसरे पर बरसाकर होली का आनंदपूर्वक स्वागत किया। डॉक्टर राजलक्ष्मी राय ने कहा कि .....होली अहंकार और अज्ञानता से दूर आपसी प्रेमभाव का त्यौहार है।साथ ही महिला भूमिहार समाज के उद्देश्य और विभिन्न सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। होली के मनमोहक कार्यक्रम में होली गीत पर महिलाओं ने जोरदार नृत्य किया और प्रचलित होली के लोकगीत गाया । रंगोत्सव में अबीर ,गुलाल और ठंडाई के साथ महिलाओं ने जमकर हास परिहास किया। कार्यक्रम में शुभ्रा सिंह, कुसुम राय, डॉक्टर अंजू लता राय, डॉक्टर संध्या राय, वंदना सिंह, कल्पना सिंह, दीप्ति राय, पूनम सिंह, उपासना सिंह, पुष्पा सिंह, किरन सिंह,योजना, इंदु राय इत्यादि उपस्थित रही।

# अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**● प्रचलित विशेष अभियान के दौरान गुमशुदा की बरामदगी के संबंध में जनपदीय पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही की पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा स्वयं प्रतिदिन की जा रही है समीक्षा**

**स्वतंत्र प्रभात**

विशेष अभियान के दौरान वर्ष 2025 (जनवरी,फरवरी व प्रचलित मार्च) में जनपद में कुल-37 व्यक्तियों (स्त्री,पुरुष) के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर जनपदीय पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए विगत तीन माह में पूर्व के गुमशुदा सहित कुल-53 गुमशुदा व्यक्तियों को किया गया है सकुशल बरामद

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक जनपद में गुम हुए व्यक्तियों के प्रति बेहद गंभीर व संवेदनशील हैं। पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देश के क्रम में जनपद में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर उनकी तत्परतापूर्वक सकुशल बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रचलित विशेष अभियान के दौरान गुमशुदा की बरामदगी के संबंध में जनपदीय पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही की पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा स्वयं प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।

गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी की प्रक्रिया में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग कर लाभप्रद जानकारी प्राप्त करने एवं सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही हेतु सभी संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।




विशेष अभियान के दौरान वर्ष 2025 (जनवरी,फरवरी व प्रचलित मार्च) में जनपद में कुल-37 व्यक्तियों (स्त्री व पुरुष) के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचनाओं पर जनपदीय पुलिस द्वारा तत्समय ही गुमशुदगी दर्ज कर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए विगत तीन माह में जनवरी में 20, फरवरी में 22 व मार्च माह में 11 (पूर्व के सहित) कुल-53 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद किया गया है। गुम व्यक्तियों के सम्बन्धित परिजनों द्वारा गुम हुए अपने सदस्यों को अपनों के बीच पाकर पुलिस की तत्परतापूर्ण कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक, भदोही के प्रति आभार प्रकट किया गया।

## रुद्र चंडी सह पंचम दिवसीय महायज्ञ के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड के पंचायत जवनपुर के ग्राम मध्यगोपाली में आयोजित श्री श्री 1008 श्री रुद्र चंडी सह पंचम दिवसीय महायज्ञ के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम मध्यगोपाली मंडप से बजरंग क्लब, दादपुर तक जयघोष के साथ एक अनोखी उमंग में निकाला गया। इस पावन अवसर पर मुखिया जानकी यादव, विकास यादव, बीरबल साहू, मोहन यादव, महेंद्र साव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बैजनाथ साव, छोटेलाल जसवाल, राजेश चौधरी, रंजीत प्रजापति, बुधन साव, नकुल प्रसाद, राजेश कुमार कुशवाहा, जुगल साव सहित अन्य गणमान्य समाजसेवी, सैकड़ों महिलाएँ, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# विजैया गाँव में सड़क निर्माण की मांग, ग्रामीणों ने सांसद से लगाई गुहार



**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के विजैया गाँव के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग को लेकर सांसद मनीष जयसवाल को पत्र लिखा है। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव की सड़कें अत्यंत जर्जर हो चुकी हैं, जिससे आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पत्र में उल्लेख किया है कि खराब सड़कों के कारण न केवल आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है और राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जा रहा है। इन परिस्थितियों के चलते गाँव की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सांसद से आग्रह किया है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने आशा जताई कि सांसद उनकी मांग को प्राथमिकता देंगे और शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# कांग्रेस को नई ताकत पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष बनाएं जाने पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां उत्साह की लहर

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने गोंडा जिले में पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस फैसले के बाद जिले भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। माना जा रहा है कि सिंह के नेतृत्व में गोंडा में कांग्रेस पार्टी को नई मजबूती मिलेगी ,और संगठन का आधार और व्यापक होगा।श्री सिंह लंबे समय से गोंडा जिले के एक लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता रहे हैं। उनके जिलाध्यक्ष बनने को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह फैसला कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। गोंडा जिला, जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील और महत्वपूर्ण माना जाता है, श्री सिंह के अनुभव और जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ से पार्टी को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है।पिछले चुनाव विधानसभा क्षेत्र गौरा से श्री सिंह ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। और प्रदेश में अधिक मत पाने वाले प्रत्याशियों में शामिल थे। लेकिन चुनाव में उनको हार का सामना करना पड़ा था।श्री सिंह कि लोकप्रियता और जनता के बीच पैठ ने उन्हें एक मजबूत नेता के रूप में स्थापित किया। उनके इस प्रदर्शन को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया और उन्हें जिले की कमान सौंपी।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि श्री सिंह के जिलाध्यक्ष बनने से कांग्रेस को गोंडा में संगठनात्मक मजबूती मिलेगी। जिले में पहले से ही भाजपा और सपा जैसी पार्टियों का दबदबा रहा है, लेकिन श्री सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस अब एक नई रणनीति के साथ मैदान में उतरने को तैयार है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि श्री सिंह के पास जनता से जुड़ने की अद्भुत क्षमता है, जो आगामी चुनावों में पार्टी के लिए फायदेमंद साबित होगी।




कार्यकर्ताओं ने गोन्डा में श्री सिंह के जिलाध्यक्ष बनने की खबर फैलते ही जिले भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। कई जगहों पर मिठाइयां बांटी गई और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।श्री सिंह की मेहनत और ईमानदारी से गोंडा में कांग्रेस फिर से मजबूत होगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा, "मैं पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मेरा लक्ष्य गोंडा में कांग्रेस को हर गांव और हर गली तक पहुंचाना है। हम जनता की समस्याओं को उठाएंगे और उनके हित में काम करेंगे।" खुशी मनाने वालो में सैयद महबूब अहमद एडवोकेट,आशा मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष झंझरी मोहम्मद हसन राईनी, अब्दुल बारी,जबी रजा, सईद अजहरी, अब्दुल्लाह, आशिफ, शहबाज खान,इसरार सहित अनेको मौजूद रहे।

# जदयू0 ने बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रखंड कार्यकारणी पंचायत कार्यकारणी एवं बूथ कमिटी की हुई समीक्षा जिला संगठन प्रभारी सिवान

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज (बिहार)-** जनता दल यूनाइटेड सिवान द्वारा जिले के बड़हरिया विधानसभा के प्रखंड बड़हरिया के पंचायत अध्यक्ष एवं प्रखंड कार्यकारणी के बैठक प्रखंड अध्यक्ष माधव सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिला संगठन प्रभारी प्रमोद पटेल, जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, विधानसभा प्रभारी ललन मांझी उपस्थित रहे बैठक में प्रखंड के सभी बूथों की समीक्षा की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी प्रमोद पटेल ने बताया कि हमें आज से विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाना है आप की मजबूती बता रहा है कि आने वाला चुनाव में हमारी प्रचंड जीत होना तय है हम आज ही संकल्प ले कि साथ सभी से आज से ही चुनाव तक के लिए अपना समय पार्टी के लिए समर्पित कर कर देने की आह्वान किया, साथ ही जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह ने कहा कि हमलोग को सभी बिंदु पर ध्यान रखना है बूथ में कोई बदलाव करने से लेकर मतदाता सूची में नामकरण तक नजर रखे जिला प्रवक्ता सुनील कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह मेरा गृह प्रखंड है मै पूरी मजबूती से अपने सभी के साथ काम करने का आश्वासन दिया, साथ ही द्वितीय पाली में पचरुखी प्रखंड के पंचायत अध्यक्ष एवं प्रखंड कार्यकारणी की बैठक प्रखंड के दस्तलीछपरा में किया गया जहां पचरुखी प्रखंड के सभी बूथों की समीक्षा किया गया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी प्रमोद पटेल, जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, विधानसभा प्रभारी ललन मांझी, राज्य परिषद



सदस्य मुर्तुजा अली कैसर, प्रदेश महासचिव इंद्रदेव सिंह पटेल, राज्य परिषद सदस्य निकेश चंद्र तिवारी, नंदलाल राम, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, नागेंद्र सिंह पटेल, सचिन सिंह पटेल मुर्तुजा अली पैगाम, अमीरूलाह सैफी, रणजीत यादव , पप्पू चमार, मंटू पटेल, राजीव रंजन पटेल, सतेन्द्र सिंह, उमाशंकर सिंह, कृष्णा पटेल, नारायण यादव प्रभुनाथ महतो, उमेश सिंह पटेल , अनिल सिंह मुखिया मृत्युंजय पड़ित चन्दन सिंह मुखिया आदि मौजूद रहे।

# बिहार दिवस पर अंबेडकर भवन, गोपालगंज में हुआ भव्य आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज (बिहार)-** बिहार दिवस के अवसर पर अंबेडकर भवन, गोपालगंज में भव्य आयोजन किया गया। बिहार दिवस के शुभ अवसर पर माननीय सदस्य विधान सभा राम प्रवेश राय, माननीय विधान पार्षद सदस्य राजीव कुमार , जिलापदाधिकारी प्रशांत कुमार सी एच उप विकास आयुक्त कुमार निशांत विवेक की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित माननीय गण, जिला पदाधिकारी गोपालगंज, उप विकास आयुक्त एवं अपर समाहर्ता गोपालगंज को पुष्प पौधा अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।





कार्यक्रम में बिहार सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों को सम्मानित किया गया। जिलापदाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार जनता के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है, और यह दिवस हमें राज्य की गौरवशाली विरासत एवं विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लाभार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बिहार दिवस पर अपने वक्तव्य दिए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय एवं ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने लोक नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। कार्यक्रम में जिले के गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी, समाजसेवी, लाभुक एवं आमजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गांव के जुगाड़ू वैज्ञानिकों की होगी पहचान

**कौशाम्बी।** जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 25 से 27 मार्च तक डायट मैदान मंझनपुर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब कौशाम्बी द्वारा नवप्रवर्तन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 मार्च को असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जनपद स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि किसान, शिल्पकार, मैकेनिक, कारीगर, मिस्त्री, पारम्परिक उपचार करने वाले एवं आम जनमानस अपनी खोज, शोध एवं तकनीकी कार्यों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित कर सकते हैं। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट नवप्रवर्तकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में रुपए 8000 द्वितीय पुरस्कार के रूप में रुपए 5000 तृतीय पुरस्कार के रूप में रुपए 3000 एवं रुपए 2000 के पांच सांत्वना पुरस्कार एवं समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रदर्शनी में सहभागिता के लिए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब के मोबाइल नम्बर 94506143358 पर व्हाट्सएप द्वारा प्रतिभागी नवप्रवर्तक का नाम, पता, इनोवेशन का क्षेत्र आदि विवरण उपलब्ध कराकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

### गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा

**कौशाम्बी।** जनपद में पुलिस ने गांजा सप्लाई करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है,पुलिस ने अर्टिगा कार से गांजा लेकर जा रहे युवक को दौड़ाकर पकड़ा है,पुलिस ने युवक के पास से एक अर्टिगा कार, 37 किलो 240 ग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन और 2100 रुपए नगद बरामद किया है। मामला थाना महेवाघाट क्षेत्र का है जहां पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र का एक युवक देवेन्द्र तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी अर्टिगा कार से गांजा लेकर कहीं सप्लाई करने जा रहा था,तभी पुलिस ने शक के आधार पर कार को दौड़ा लिया और पकड़ लिया,पकड़े गये युवक के पास से पुलिस ने अर्टिगा कार, 37 किलो 240 ग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन और 2100 रुपए नगद बरामद किया है। सीओ अभिषेक सिंह ने बताया कि देवेन्द्र तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी निवासी सेंगरहा थाना पश्चिमशरीरा को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा है,आरोपी के पास से पुलिस ने एक अर्टिगा कार से ले जाया जा रहा 37 किलो 240 ग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन और 2100 रुपए नगद बरामद किया है।आरोपी के खिलाफ लिखापढ़ी कर न्यायलय पेश किया जा रहा है।

### खाकी वर्दी को शर्मशार करने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं दरोगा जी

**कौशाम्बी।** जनपद के संदीपन घाट थाना में तैनात किशन कुमार बिन्द दरोगा फिर एक बार चर्चा में है आखिर इस दरोगा की क्या मंशा है पुलिस वर्दी को शर्मसार करने में दरोगा जी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं जानकारी के अनुसार सोनी देवी पत्नी अमन पटेल ग्राम काजीपुर थाना संदीपन घाट ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरे पति व मैं वर्तमान समय में किराया का कमरा लेकर रसूलाबाद उर्फ कोइलहा में रह रही हु हूं मेरे पति मुझे कमरे में छोड़कर अपने घर काजीपुर जाने लगे तो मैंने रोका इसी बात को लेकर मुझे गाली गलौज करते हुए लाठी डण्डा व लात घूसों से मारा-पीटा व मेरे चीखने-चिल्लाने पर पास पड़ोस के लोगों को आता देखकर वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये महिला का आरोप है कि मेरे दिये गये शिकायती पत्र को गम्भीरता पूर्वक लेने के वजह संदीपन घाट थाना में तैनात दरोगा काजीपुर स्थित एक होटल में बुलाकर जबरन समझौता करने की धमकी दे रहे हैं और कह रहे थे 30000 वह दे रहा है 20000 में ले रहा हूं 10000 तुम रख लो जिससे समझौता कर लो महिला ने दरोगा पर गम्भीर आरोप लगाया है की अगर इस दरोगा के मोबाइल की जांच की गई तो अहम जानकारी मिल पाएगी आखिर इस दरोगा के कारनामे को उच्च अधिकारी कब संज्ञान लेंगे निलम्बित करके उचित कार्यवाही करेंगे।

### राजेश यादव अध्यक्ष व पुरुषोतम द्विवेदी महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर स्थित नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में रविवार को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। जिसमें पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के साथ साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने पर भावी रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव हाशिम रिजवी व विशिष्ट अतिथि मंडल मीडिया प्रभारी विजय यादव रहे।बैठक में डुमरियागंज तहसील इकाई के पदाधिकारियो का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

# खेल मंत्री ने लखनऊ में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का नेतृत्व किया

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ द्वारा मरीन ड्राइव, लखनऊ में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मनसुख मंडाविया, केंद्रीय युवा मामलों और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री, गिरीश चंद्र यादव, युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश, मनीष चौहान, प्रमुख सचिव, खेल, उत्तर प्रदेश और सुहास एलवाई, सचिव एवं महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल, उत्तर प्रदेश ने सक्रिय रूप से भाग लिया और साइकिल रैली में शामिल होकर फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को सुदृढ़ किया। यह साइकिल रैली मरीन ड्राइव (सामाजिक परिवर्तन स्थल) से शुरू होकर 3 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए समता मूलक चौराहा और 1090 चौराहा पहुंची और फिर वापस प्रारंभिक स्थल पर लौटी। इस कार्यक्रम में लखनऊ के नागरिकों, प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकओं और क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के स्टाफ सहित 500 से अधिक साइकिल चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ती प्रतिब?द्धता स्पष्ट हुई। साइकिल रैली के बाद, मनसुख मांडविया ने मीडिया को संबोधित करते हुए फिटनेस को एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में अपनाने पर जोर दिया और नागरिकों से इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, साइक्लिंग केवल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर नहीं बनाती, बल्कि यह हमारे चरित्र को मजबूत करती है, आत्मविश्वास बढ़ाती है और राष्ट्र के भविष्य को आकार देती है। यह केवल एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और सतत भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि हम इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, तो न केवल हम शारीरिक रूप से मजबूत बनेंगे बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी कम कर सकते हैं। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे साइक्लिंग को सिर्फ एक शौक के रूप में नहीं, बल्कि एक नियमित अभ्यास के रूप में अपनाएं, ताकि हम अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचा सकें। स्वस्थ युवा ही समृद्ध राज्य और राष्ट्र की ताकत होते हैं।÷ उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अपने प्रेरणादायक भाषण में युवाओं के विकास में फिटनेस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, फिटनेस एक मजबूत और जीवंत समाज की आधारशिला है। हमारे युवाओं को जीवन में सफल होने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। इसके लिए अनुशासन, परिश्रम और फिटनेस के मूल्यों को अपनाना जरूरी है। आत्म प्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी, क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ ने मंत्रियों का सम्मान किया और स्वयं भी रैली में भाग लेकर प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ÷इतनी बड़ी संख्या में लोगों का फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति उत्साह देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। इस तरह के आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समुदाय और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस कार्यक्रम में सक्रिय भाग लेना इस बात का प्रमाण है कि फिटनेस का महत्व कितना अधिक है। ये प्रयास एक स्वस्थ और अधिक स्थायी भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। फिटनेस एक सतत यात्रा है और इसे अपनाकर हम एक अधिक सक्रिय और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल निरंतर स्वास्थ्य और कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा दे रही है और समुदायों को स्थायी फिटनेस आदतें अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ, खेल उत्कृष्टता और नागरिकों के समग्र कल्याण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# समस्याओं का समाधान न होने पर दिल्ली जल बोर्ड के विरुद्ध होगा प्रदर्शन : सोलंकी

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली।** पालम विधानसभा क्षेत्र के पालम एक्सटेंशन, मधु विहार, राजापुरी, महावीर एन्क्लेव एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। तमाम प्रयासों के बावजूद, दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे स्थानीय निवासी अत्यंत दयनीय और नारकीय परिस्थितियों में जीवन जीने को मजबूर हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम और आरडब्ल्यूए के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र की सभी एनजीओ, आरडब्ल्यूए, प्रमुख समाजसेवी, अधिवक्ता, चिकित्सक और जागरूक नागरिकों की एक महापंचायत का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा, जिनमें मुख्य रूप से सीवर ओवरफ्लो और दूषित पेयजल आपूर्ति की विकट स्थिति पर चर्चा की गई। इस दौरान सुरेश लाला, किरण राय, रामनारायण, अभय कुमार, उदय कुमार, सूरज मंगोलिया, जीवन सिंह, मनीष जैन, महेश मिश्रा और एडवोकेट राकेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए।फेडरेशन के सचिव महेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन की शुरुआत शहीदी दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की और कहा कि हमें शहीदों के विचारों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र और देश के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो सभी नागरिक मिलकर जल बोर्ड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे और तब तक आंदोलन जारी रहेगा जब तक समाधान सुनिश्चित नहीं हो जाता। मधु विहार आरडब्ल्यूए के महासचिव जगदीश नैलवाल ने बताया कि मधु विहार के सातों ब्लॉकों में सीवर ओवरफ्लो और गंदे पेयजल की समस्या से स्थिति अत्यंत खराब हो गई है, जिनमें सबसे अधिक ब्लॉक बी, बी1, सी और सी1 प्रभावित हैं। एडवोकेट राकेश कुमार ने जानकारी दी कि संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के संबंध में पहले ही लिखित शिकायतें भेजी जा चुकी हैं। वहीं, रणबीर सोलंकी ने प्रशासन और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक महीने के भीतर स्थायी समाधान सुनिश्चित नहीं किया गया तो जल बोर्ड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए बाध्य किया जाएगा। महापंचायत में प्रस्तावों को मिला सर्वसम्मत समर्थन महापंचायत में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा समाधान न मिलने की स्थिति में धरना-प्रदर्शन का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, स्थानीय विधायक से मुलाकात का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ, जिसे करतल ध्वनि के साथ समर्थन मिला।शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम की शुरुआत में शहीदी दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रेम प्रभाकर, एडवोकेट जितेंद्र सोलंकी, अशोक अग्रवाल, रमेश खटाना, सुरेश गलियन, देवेंद्र सोलंकी, हरिश्चंद्र राय, पवन तंवर, लोकवीर, जितेंद्र सुरेंद्र सिंह सिंधान, नीटू प्रधान, भूपेश भावला, हरिओम शर्मा, आर.डी. अग्रवाल, महेश वर्मा और राजिंदर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहीद भगत सिंह व्याख्यानमाला का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली।** शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर पैंतीसवीं शहीद भगत सिंह व्याख्यानमाला का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री प्रो. जे. एस. राजपूत (प्रख्यात शिक्षाविद) ने मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार अत्री ने की कार्यक्रम की शुरुआत शहीद भगत सिंह और अन्य बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। स्टाफ काउंसिल सचिव डॉ. शरद कुमार यादव ने अपने उद्घाटन भाषण में व्याख्यानमाला के महत्व और शहीद भगत सिंह के विचारों को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि भगत सिंह का बलिदान हमें सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार अत्री ने अपने संबोधन में शहीद दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा के अंतर्गत भगत सिंह व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है। यह आत्ममंथन और वैचारिक विमर्श का एक सशक्त मंच है, जो युवाओं को राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करता है मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रो. जे. एस. राजपूत ने अपने व्याख्यान में शहीद भगत सिंह के आदर्शों, बलिदान और अन्याय के विरुद्ध उनके साहसी संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने ज्ञान की दोहरी प्रकृति को समझाते हुए कहा कि ज्ञान यदि सकारात्मक रूप से प्रयुक्त हो, तो यह समाज के उत्थान में सहायक होता है, लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया जाए, तो यह विनाश का कारण भी बन सकता है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में शिक्षकों की भूमिका को भी रेखांकित किया, जिनके विचारों और मार्गदर्शन ने युवाओं को सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। प्रो. राजपूत ने शहीद भगत सिंह के जीवन के अंतिम क्षणों की स्मरणीय कथा साझा करते हुए बताया कि जब वे फांसी से पूर्व का समय पुस्तक पढ़ने में बिताना चाहते थे, तो यह उनकी ज्ञान के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है उन्होंने विद्यार्थियों को भगत सिंह की वैचारिक प्रतिबद्धता और देशभक्ति से प्रेरणा लेने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने ज्ञानार्जन में विनम्रता के महत्व को रेखांकित किया। राष्ट्र निर्माण में सुमति और सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप तभी प्रकट होता है जब यह जनसेवा का माध्यम बने प्रो. राजपूत ने अपने विचारों का समापन प्राचीन श्लोक ÷विद्या ददाति विनयं...÷ के माध्यम से किया, जिसमें विद्या, विनय और सद्गुणों की अनिवार्यता का संदेश निहित है कार्यक्रम के अंत में प्रो. एस. के. बंदूनी ने इस सफल आयोजन के लिए सैकड़ों की संख्या में सम्मिलित सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# लिकाबाली में वेटरन्स सम्मेलन 2025 का आयोजन अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ने लिया भाग

स्वतंत्र प्रभात



**असम धेमाजी।** भारतीय सेना के 56वें ??इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय ने आज लिकाबाली में दिग्गजों की रैली 2025 का आयोजन किया। सुबह 9 बजे से शुरू हुई इस कार्यक्रम में असम के धेमाजी और उत्तर लखीमपुर दो जिले एवं अरुणाचल प्रदेश के आपार चियांग, पश्चिम चियांग, आपार सुबंशीरी करूंग्कुमै, कामेन, करदादी, पापुमपारे सहित 13 जिले से पूर्व सैनिक, परिवार के सदस्य और अन्य लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में देश के लिए आत्मबलिदान देने वाले शहीद परिवार,वीर माता, वीर नारी, वीर पुत्र,पुत्री शामिल हुए। कार्यक्रम में शहीद परिवारो को सेना की तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दोनों राज्य से 1200 लोग शामिल हुए। पारंपरिक नृत्य, पंजाबी नृत्य, गोरखा रेजिमेंट नृत्य, ताइक्कांडो, हिमाचली, अरूणाचल के गालों लोक नृत्य,असमिया बिहू नृत्य ने माहौल को रंगारन कर दी। इस मंच से वीर नारी रीतामणि बड़गुहाईन, सुनीता टाइंग, चुनू राजवंशी, योनि एके, ताकइ आरी,वीर माता योगेश्वरी देउरी, बीर की बेटी मिस पामिंग आदि को उपहार दिए गए। इस अवसर पर एक खुली बैठक भी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैप्टन विवेक सिंह ने की और इसमें अरुणाचल के राज्यपाल लेफ्टिनेंट,जनरल, के, टी परनाइक, लिकाबाली के विधायक कारदो निग्योर, मेजर विनोद कुमार, धेमाजी जिले के पुलिस अधीक्षक, धेमाजी जिला आयुक्त और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

# भारत ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल फेडरेशन ने अपनी पहली वार्षिक बैठक आयोजित की, भारतीय ईस्पोर्ट्स के नए युग की शुरुआत!

स्वतंत्र प्रभात



नई दिल्ली। भारत ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल फेडरेशन ने अपनी पहली वार्षिक आम बैठक का आयोजन PHD चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, हौज खास, नई दिल्ली में किया। यह बैठक भारत के ईस्पोर्ट्स उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इस आयोजन में उद्योग जगत के प्रमुख हितधारकों, नीति निर्माताओं और गेमिंग विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य भारत में ईस्पोर्ट्स को संरचित, विनियमित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति स्थापित करना था। ख्रक्षक्र नेतृत्व और कार्यकारी सदस्य घोषित वरिष्ठ नेतृत्व अध्यक्ष ताहसिन जाहिद वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोनाल्ड लैंडर्स महासचिव पंखुरी गुप्ता संयुक्त सचिव अलंकृत कांबोज कोषाध्यक्ष मनीष सनाघानी कार्यकारी सदस्य÷ लेफ्टिनेंट कर्नल सविन सैम, लेफ्टिनेंट कर्नल अंकुर नाइक, सत्यवीर सिंह, त्रिशी खन्ना गगनदीप ओबेरॉय, मि. तन्मय भाटिया BEPF की प्रमुख चर्चाएं और भविष्य की रूपरेखा मान्यता और विनियमन÷राष्ट्रीय खेल संहिता (National Sports Code) के अनुसार ईस्पोर्ट्स को कानूनी पहचान देना। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास÷ प्रशिक्षण अकादमियां और पेशेवर ईस्पोर्ट्स लीग बनाना। शिक्षा और करियर विकास÷ ईस्पोर्ट्स को शिक्षण संस्थानों में शामिल करना और उद्योग में नए अवसर पैदा करना। साइबर सुरक्षा और नैतिक गेमिंग÷ खिलाड़ियों की सुरक्षा, निष्पक्ष खेल, और ऑनलाइन उत्पीड़न को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना। वैश्विक पहचान और ओलंपिक लक्ष्य÷ भारत को वैश्विक ईस्पोर्ट्स मंच पर सशक्त बनाना। अध्यक्ष ताहसिन जाहिद का वक्तव्य÷भारत में 60 करोड़ से अधिक युवा और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ, ईस्पोर्ट्स रोजगार, नवाचार और राष्ट्रीय गर्व को बढ़ावा देने के लिए एक असाधारण अवसर प्रस्तुत करता है। ख्रक्षक्र, संरचित गवर्नेंस, निवेश और जमीनी स्तर की प्रतिभा को विकसित करके, भारत में ईस्पोर्ट्स को एक पेशेवर रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।भारत में ईस्पोर्ट्स उद्योग की अपार संभावनाएं 2025 तक भारत का ईस्पोर्ट्स उद्योग ?1,100 करोड़ (?135 मिलियन) को पार करने के लिए तैयार है। अनुमानित 1 करोड़ ईस्पोर्ट्स खिलाड़ी और 85 मिलियन से अधिक दर्शक भारत को वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा ईस्पोर्ट्स उपभोक्ता बाजार बना रहे हैं। ख्रक्षक्र का आगे का मार्ग ख्रक्षक्र सरकारी एजेंसियों, गेमिंग स्टूडियो, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ मिलकर भारत में ईस्पोर्ट्स के बुनियादी ढांचे को विकसित करने, खिलाड़ियों के कल्याण को बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की ईस्पोर्ट्स स्थिति को मजबूत करने के लिए कार्य करेगा।बैठक का समापन सभी बोर्ड सदस्यों और कार्यकारी नेताओं की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जो भारत के ईस्पोर्ट्स उद्योग को संरचित व्यावसायीकरण और स्थायी आर्थिक विकास के एक नए युग में ले जाने के लिए तत्पर हैं। भारत में ईस्पोर्ट्स क्रांति का हिस्सा बनें!

# नशा जागरूकता कार्यक्रम और औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



नई दिल्ली। अपराध शाखा, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के डॉग स्क्वायड द्वारा सार्वजनिक स्थानों और हॉटस्पॉट की जाँच। एनसीबी, अपराध शाखा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें NCB के डॉग स्क्वायड का उपयोग करके संदिग्ध स्थानों और सार्वजनिक हॉटस्पॉट पर औचक निरीक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। नशीले पदार्थों के प्रति अपने शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में, दिल्ली पुलिस, ध्दृद्ध के सहयोग से, नशीली दवाओं से संबंधित मुद्दों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अभियान का उद्देश्य अवैध नशीली दवाओं की तस्करी से निपटना है, साथ ही साथ दिल्ली के थाना साउथ कैंपस के क्षेत्र में श्री वेंकटेश्वर कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के पास निवासियों, छात्रों और यात्रियों सहित विभिन्न समुदाय के सदस्यों के बीच नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है जागरूकता कार्यक्रम÷ सत्र और वार्ता÷ नशीली दवाओं के बारे में जागरूकता, कानूनी परिणाम और स्वास्थ्य जोखिमों पर जानकारीपूर्ण सत्र।शैक्षिक सामग्री का वितरण÷ नशीली दवाओं के दुरुपयोग के संकेतों और हेल्पलाइन नंबरों को समझाने वाले पैम्फलेट, पोस्टर और पत्रक समुदाय के साथ जुड़ाव÷ संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए निवासियों, छात्रों और दुकानदारों के साथ इंटरैक्टिव चर्चा। औचक निरीक्षण÷ तैनाती÷ एएनटीएफ, क्राइम ब्रांच दिल्ली, एनसीबी अधिकारियों की टीमों को उनके डॉग स्क्वायड और स्थानीय पुलिस के साथ प्रमुख स्थानों पर आकस्मिक जांच के लिए तैनात किया गया। निरीक्षण बिंदु÷ सार्वजनिक परिवहन केंद्र, शैक्षणिक संस्थान, बाजार और अन्य उच्च-पैदल यात्री क्षेत्र।विधि÷ नशीले पदार्थों का पता लगाने, आकस्मिक तलाशी और सामान और वाहनों की जांच करने के लिए प्रशिक्षित खोजी कुत्तों का उपयोग। परिणाम÷ जागरूकता बढ़ी÷ स्थानीय निवासियों और छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ महत्वपूर्ण सार्वजनिक जुड़ाव।सुरक्षा मजबूत हुई÷ कानून प्रवर्तन की बढ़ी हुई दृश्यता एक निवारक प्रभाव पैदा कर रही है। इस पहल ने कानून प्रवर्तन में जनता के विश्वास को बढ़ावा देते हुए नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है। चल रहे प्रयास समुदाय के साथ सहयोग सुनिश्चित करेंगे, ताकि नशीली दवाओं से मुक्त वातावरण बनाए रखा जा सके, साथ ही अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

# नाबालिग के अपहरण का मामला साइबर सेल की मेहनत से सुलझा



**नई दिल्ली:** बॉलीवुड फिल्मों से प्रभावित-आगरा में मिली लड़की पुलिस आयुक्त दिल्ली द्वारा लड़की की बरामदगी सूचना देने पर ?20,000 हजार का इनाम घोषित किया गया परिचय साइबर सेल, अपराध शाखा ने थाना नरेला, आउटर-नॉर्थ जिले में दर्ज मुकदमा संख्या 835/2024, धारा अंतर्गत÷ 37(2) बीएनएस, थाना÷नरेला, दिल्ली के तहत एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले को सुलझाया और 16 वर्षीय लड़की को बचाया । घटना का वृतांत शिकायतकर्ता ने 03.12.2024 को थाना नरेला, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षीय बहन 03.02.2024 से लापता थी । मामले की गंभीरता को देखते हुए, थाना नरेला, दिल्ली में मामला दर्ज किया गया । बाद में, पुलिस आयुक्त द्वारा 17.03.2025 को लड़की की बरामदगी पर ?20,000/- का इनाम घोषित किया गया टीम और अभियान साइबर सेल, अपराध शाखा की एक टीम गठित की गई, जिसमें एसआई हरविंदर, हवलदार आनंद और महिला कांस्टेबल शिखा शामिल थे । इस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने किया और यह टीम पवन कुमार, एसीपी साइबर सेल, अपराध शाखा की कड़ी निगरानी में कार्य कर रही थी ।टीम ने लापता स्थान के आसपास के सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया, जिससे पता चला कि लड़की ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेन ली थी और जम्मू-कश्मीर की ओर जा रही थी । टीम ने तकनीकी और मैनुअल इनपुट विकसित किए और अंततः 21.03.2025 को हवलदार आनंद को एक गुप्त सूचना मिली कि नाबालिग लड़की ताजमहल, आगरा के पास रह रही है । इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने आगरा में छापा मारा और आखिरकार पीड़िता को बरामद/रिहा किया पूछताछ के दौरान, पीड़िता ने बताया कि वह अपने पड़ोस के एक युवक के संपर्क में आई थी, जो पहले उसी स्कूल में पढ़ चुका था । फिल्मी दुनिया से प्रभावित होकर युवक ने उसे घर से भागने के लिए मना लिया । वे पहले जम्मू-कश्मीर गए, फिर मुंबई पहुंचे । कुछ समय बाद, जब लड़की को वास्तविकता का अहसास हुआ, तो वह आगरा चली गई और जीविका चलाने के लिए छोटे-मोटे काम करने लगी । यहीं से साइबर सेल, अपराध शाखा की टीम ने उसे बचाया। कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, ताकि लड़की को उसके घरवालो को सुपुर्द किया जा सके